www.mpinfo.org/rojgar | www.mpmadhyam.in
डाक पंजीयन क्र. ई-2/भो.स./186/2018-2020
लाइसेंस क्र. टेक/WPP/21-1/2018-20
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84
वर्ष-37, अंक-26, मूल्य ₹10.00

रोज़गार और निर्माण

http://www.rojgaraurnirman.in
प्रति सोमवार को प्रकाशित, भोपाल, 29.06.2020 से 05.07.2020

स्व-सहायता समूहों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना सर्वोच्च प्राथमिकता

बैंक वार्षिक साख योजना में स्व-सहायता समूह कंपोनेंट पृथक से दर्शाएं

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में बैंकों की राज्य स्तरीय समिति की बैठक में वार्षिक योजना-2020-21 का विमोचन करते हुये।

भोपाल, मध्यप्रदेश में स्व-सहायता समूह बहुत अच्छा कार्य कर रहे हैं। इन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। बैंक ऋण का लक्ष्य निर्धारित करें। बैंकों की वार्षिक साख योजना में स्व-सहायता समूह कंपोनेंट को पृथक से दर्शाया जाए। प्रदेश में महिला स्व-सहायता समूहों को कम से कम ब्याज दर पर विभिन्न आर्थिक गतिविधियों के लिए बैंक ऋण दिलवाने के लिए योजना बनाई जा रही है। योजना के अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा ब्याज अनुदान दिए जाने का प्रावधान किया जा रहा है, जिससे महिला स्व-सहायता समूहों को अधिकतम 4 प्रतिशत ब्याज ही देना पड़े। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मंत्रालय में बैंकों की राज्य स्तरीय समिति की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अध्यक्षता करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने बैंकर्स से कहा कि वे नए युवा उद्यमियों को 2 करोड़ रुपये तक का ऋण उनसे बिना कोलेटरल गारंटी लिए उपलब्ध कराएं। अभी यह देखने में आ रहा है कि जो पहले से व्यवसाय कर रहे हैं उन्हीं को अधिकतर बैंक ऋण दे रही हैं। योजना में राज्य सरकार गारंटी दे रही है। इसलिए आवेदक से कोई भी गारंटी संबंधी दस्तावेज न लिए जाएं।

तनावग्रस्त एमएसएमई को करें पुनर्जीवित

मुख्यमंत्री ने बैंकर्स से कहा कि आत्मनिर्भर पैकेज के तहत भारत सरकार द्वारा तनावग्रस्त एमएसएमई के लिये 20 हजार करोड़ रुपये के सहायक ऋण की व्यवस्था भी की गई है, जिससे ऐसी इकाईयों को पुनर्जीवित किया जा सके। इससे बैंकों के एनपीए में कमी आ सकेगी और रोज़गार के नये अवसर भी उपलब्ध हो सकेंगे। प्रदेश में इस योजना के अंतर्गत अभी तक प्रगति निरंक है। सभी बैंक अपने-अपने प्रधान कार्यालय से निरंतर संपर्क बनाकर इस योजना को तत्काल लागू करवायें।

स्ट्रीट वेंडर्स को उपलब्ध कराएं ऋण

श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा सड़कों पर व्यवसाय करने वाले छोटे-छोटे व्यापारियों के लिये प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि योजना प्रारंभ की गई है। मध्यप्रदेश में कुल 5 लाख स्ट्रीट वेंडर्स को इस योजना का लाभ दिया जाना है, जिसमें प्रति हितग्राही अधिकतम 10 हजार रुपये का ऋण होगा। भारत सरकार द्वारा 7 प्रतिशत की दर से ब्याज अनुदान भी उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रदेश में चिन्हित स्ट्रीट वेंडर्स को सभी बैंकों द्वारा तत्काल ऋण उपलब्ध कराने का कार्य प्रारंभ किया जाये, जिससे ये अपनी आजीविका चलाने में सक्षम हो सकें। बैंकों द्वारा ऐसे छोटे-छोटे ऋण के लिये भी 3-4 प्रकार के दस्तावेज लिये जाते हैं। इसके लिये बैंकों को विचार कर एक समेकित दस्तावेज तैयार किया जाना चाहिये, जिससे हितग्राही को आसानी से ऋण मिल सके।

लॉकडाउन के दौरान बैंकर्स के कार्य की सराहना की

श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा कोविड-19 से निपटने के लिये जारी किये गये पैकेज का नकद लाभ हितग्राहियों के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से भेजा गया है। सभी बैंकों द्वारा मिलकर बी.सी. एजेंट्स के माध्यम से प्रदेश की जनता को घर पहुंच सेवा उपलब्ध कराई गई है। बी.सी. एजेंट्स द्वारा गत ढाई माह में कुल 224 लाख ट्रांजेक्शंस करते हुए 5 हजार 254 करोड़ रुपये की राशि का वितरण किया गया है।

स्व-सहायता समूह को मिला केवल 300 करोड़ रुपये का ऋण

अपर मुख्य सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग श्री मनोज श्रीवास्तव ने बताया कि मध्यप्रदेश में इस वर्ष स्व-सहायता समूहों को बैंकों द्वारा केवल 300 करोड़ रुपये का ऋण उपलब्ध कराया गया है। इस पर श्री चौहान ने कहा कि यह बहुत कम है। महिलाओं के स्व-सहायता समूह को अधिक से अधिक ऋण विभिन्न गतिविधियों के लिए दिलाया जाए।

महिला स्व-सहायता समूह हैं सबसे अच्छे ऋण ग्रहीता

सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के एम.डी. एवं सी.ई.ओ. श्री पल्लव महापात्र ने प्रदेश में स्व-सहायता समूहों की गतिविधि बढ़ाने के प्रयासों के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि महिला स्व-सहायता समूह सबसे अच्छे ऋण ग्रहीता होते हैं। वे समय से ऋण का भुगतान करते हैं। इन्हें अधिक से अधिक ऋण उपलब्ध कराने से पूरी अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होती है। उन्होंने कहा कि उन्हें दिए जाने वाले ऋण पर ब्याज 4 से 5 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए।

मुख्यमंत्री ने स्व-सहायता समूहों से सीधे की बात

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में मुख्यमंत्री श्री चौहान एवं बैंकों के वरिष्ठ अधिकारियों ने महिला स्व-सहायता समूहों की सदस्यों से सीधे बातचीत कर उनकी समस्याएं जानीं। मुख्यमंत्री ने उनकी समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश बैंक अधिकारियों को दिए।

बैंक मैनेजर से स्पष्टीकरण मांगे

सुश्री ज्योति मीणा सीहोर ने बताया कि स्वीकृत होने के बाद भी उनके समूह को 3 वर्ष हो गए पर बैंक से ऋण नहीं मिला है। प्रकरण बैंक ऑफ इंडिया अहमदपुर का है। मुख्यमंत्री ने इसे गंभीरता से लेते हुए बैंक मैनेजर से स्पष्टीकरण लेने तथा समूह को तुरंत ऋण वितरित किए जाने के निर्देश दिए।

बैंक सखी के लिए स्टाम्प शुल्क क्यों लिया गया

ग्राम सिरपुरा गुना के एकता स्व-सहायता समूह की सदस्य सरिता सेन ने बताया कि बैंक सखी के लिए उनसे बैंक एक हजार का स्टाम्प एवं 500 रुपये के स्टाम्प पर नोटरी मांगते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसा कोई नियम नहीं है। मामले की जांच की जाए और दोषी के विरुद्ध कार्रवाई करें। प्रकरण पंजाब नेशनल बैंक ग्राम सिरपुरा का है।

बैंक सखियों की संख्या बढ़ाएं

शिवपुरी पिछोर की रेखा लोधी ने बताया कि उन्होंने लॉकडाउन के दौरान बैंक सखी का काम किया तथा बैंकों से 32.5 लाख लेन-देन की सेवाएं प्रदान कीं। अपर मुख्य सचिव श्री मनोज श्रीवास्तव ने कहा कि वर्तमान में मध्यप्रदेश में 750 बैंक सखी हैं। इनकी संख्या बढ़ाकर कम से कम 5 हजार होनी चाहिए।

ब्याज दर एक हो और न्यूतनम हो

बैठक में बताया गया कि वर्तमान में स्व-सहायता समूह को ऋण दिया जाता है उसकी अलग-अलग बैंकों की अलग-अलग ब्याज दरें हैं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि ब्याज दर में एकरूपता हो, साथ ही इनके लिए ब्याज दर कम से कम हो।

गरीब कल्याण रोज़गार अभियान में मध्यप्रदेश के 24 जिले चयनित

नई दिल्ली, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने प्रवासी मजदूरों को अपने मूल निवास स्थान और गृह प्रदेश में रोज़गार उपलब्ध करवाने के लिए गरीब कल्याण रोज़गार अभियान का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ई-शुभारंभ किया। इस अभियान में मध्यप्रदेश सहित उत्तरप्रदेश, बिहार, राजस्थान, झारखंड और ओडिसा राज्यों के 116 जिलों में वर्ष में 125 दिवस का रोज़गार दिया जाएगा। अभियान के अंतर्गत उन जिलों का चयन किया गया है, जहां से 25 हजार से अधिक श्रमिक रोज़गार की तलाश में अन्य प्रदेशों में जाते हैं। अभियान के ई-शुभारंभ के अवसर पर भोपाल में मुख्यमंत्री से शिवराज सिंह चौहान और मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस भी उपस्थित थे।

गरीब कल्याण रोज़गार अभियान के अंतर्गत मध्यप्रदेश के चयनित 24 जिलों में बालाघाट, झाबुआ, टीकमगढ़, छतरपुर, रीवा, सतना, सागर, पन्ना, भिण्ड, अलिराजपुर, बैतूल, खण्डवा, शहडोल, धार, डिण्डोरी, कटनी, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, खरगोन, शिवपुरी, बड़वानी, सीधी और सिंगरौली शामिल हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि प्रवासी श्रमिकों ने कोविड-19 के दौर में परेशानियों के बावजूद अपने गांव लौटकर आसपास के क्षेत्र के विकास के लिए काफी कुछ कार्य कर दिखाया है। श्री मोदी ने कुछ श्रमिकों से चर्चा करते हुए कहा कि आप इस सदी के महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं। अभी तक आप शहरों को चमका रहे थे, अब अपने ग्राम को चमकाइये।

श्री मोदी ने कहा कि यह अभियान शुरू करने की प्रेरणा उन्हें एक ऐसे श्रमिक से मिली जो उत्तरप्रदेश में अपने गांव लौटकर पीओपी और मकानों की भीतरी साज-सज्जा के कार्य में दक्ष है। इस श्रमिक ने लॉकडाउन की अवधि में अपने ग्राम में हुनर का परिचय देते हुए कायाकल्प कर डाला।

श्री मोदी ने कहा कि गरीब कल्याण रोज़गार अभियान के अंतर्गत 25 कार्य क्षेत्र चुने गए हैं जो गांव के लोगों के जीवन को बेहतर बनाने का कार्य करेंगे। इन कार्यों में सामुदायिक शौचालय, आंगनवाड़ी केंद्र, कुआं निर्माण, ग्रामीण मंडी की स्थापना, पशु शेड,पंचायत भवन, पेयजल प्रबंधन, वृक्षारोपण और सड़क निर्माण जैसे कार्य शामिल रहेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि एक देश एक राशन कार्ड, उज्ज्वला योजना में रसोई गैस सुविधा, करीब 80 करोड़ आबादी को अन्न प्रदाय और जनधन खातों को आधार से लिंक किए जाने के फलस्वरूप हितग्राहियों को आज कोविड-19 की परिस्थितियों में लाभान्वित करने में आसानी हुई है। आत्मनिर्भर भारत के लिए आत्मनिर्भर किसान आवश्यक है इसलिए किसानों को बाजार से जोड़कर ज्यादा दाम दिलवाने के प्रयास किए गए।

पुलिस विभाग में 4 हजार 269 आरक्षकों की होगी भर्ती

भोपाल, गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने पुलिस मुख्यालय में विभागीय समीक्षा करते हुये कहा कि पुलिस विभाग में शीघ्र ही 4 हजार 269 पुलिस आरक्षकों की भर्ती की जाएगी। उन्होंने पुलिस महानिदेशक श्री विवेक जोहरी को पुलिस आरक्षकों की भर्ती प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिये। डॉ. मिश्रा ने कहा कि आर्मी की तर्ज पर पुलिस हॉस्पिटल बनाने का प्रस्ताव प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था को बनाये रखने के लिये विभागीय अधिकारी पूरी सजगता और तत्परता से कार्य करें। साइबर क्राइम कन्ट्रोलिंग टेक्निक को उन्नत बनाया जाये और सोशल मीडिया सेल को सशक्त करें। उन्होंने कहा कि विभाग में आरक्षकों के रिक्त पदों की पूर्ति शीघ्र की जाये साथ ही विभागीय अधिकारियों की पदोन्नति प्रक्रिया नियमानुसार प्रारंभ की जाये।

पीपीपी मोड में पुलिस हॉस्पिटल बनाने का प्रस्ताव बनेगा

डॉ. मिश्रा ने पुलिस विभाग के कर्मचारियों के उपचार के लिये चिंता करते हुए पीपीपी मोड में सर्वसुविधायुक्त पुलिस हॉस्पिटल के निर्माण के लिये प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि आर्मी की तरह पुलिस हॉस्पिटल में आरक्षक से लेकर गृह मंत्री और पुलिस महानिदेशक अपना उपचार करा सकेंगे। डॉ. मिश्रा ने कहा कि पुलिस हॉस्पिटल निर्माण में वरिष्ठ स्तर पर जो भी आवश्यकता होगी, उसमें पूरा सहयोग किया जायेगा।

स्नातक प्रथम, द्वितीय वर्ष तथा स्नातकोत्तर द्वितीय सेमेस्टर के परीक्षार्थियों को अगली कक्षा में दिया जाएगा प्रवेश

भोपाल, कोरोना संकट के मद्देनजर मध्यप्रदेश सरकार ने प्रदेश के उच्च शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षा महाविद्यालयीन विद्यार्थियों के हित में बड़ा निर्णय लिया है। अब स्नातक प्रथम एवं द्वितीय वर्ष तथा स्नातकोत्तर द्वितीय सेमेस्टर के परीक्षार्थियों को बिना परीक्षा दिए उनके गत वर्ष/सेमेस्टर के अंकों/आंतरिक मूल्यांकन के आधार पर अगली कक्षा/सेमेस्टर में प्रवेश दिया जाएगा। साथ ही स्नातक अंतिम वर्ष एवं स्नातकोत्तर चतुर्थ सेमेस्टर के परीक्षार्थियों के पूर्व वर्षों/सेमेस्टर्स में से सर्वाधिक अंक प्राप्त परीक्षा परिणाम को प्राप्तांक मानकर अंतिम वर्ष/सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम घोषित किये जाएंगे। ऐसे परीक्षार्थी जो परीक्षा देकर और सुधार चाहते हैं, उनके पास परीक्षा देने का विकल्प भी रहेगा। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मंत्रालय में कोरोना के परिप्रेक्ष्य में विश्वविद्यालयीन परीक्षाओं के संचालन तथा शालाओं को प्रारंभ करने के संबंध में बैठक को संबोधित करते हुये कहीं।

शालाएं खोलने के संबंध में 31 जुलाई को समीक्षा उपरांत निर्णय

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में शालाओं को खोलने के संबंध में 31 जुलाई को समीक्षा कर निर्णय लिया जाएगा।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

पिछला सप्ताह

20 जून

ईपीएफओ ने शुरू की मल्टी लोकेशन क्लेम सेटलमेंट सुविधा

● कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने प्रोविडेंट फंड (पीएफ) की निकासी को आसान बनाने के लिए मल्टी लोकेशन क्लेम सेटलमेंट सुविधा शुरू की है। इस योजना के तहत देश में कहीं से भी पीएफ से संबंधित कार्यों के लिए आवेदन और क्लेम निपटारा किया जा सकेगा। ईपीएफओ देहरादून के रीजनल कमिश्नर ने बताया कि इस योजना से ईपीएफओ के किसी भी क्षेत्रीय कार्यालय से किए गए दावों का निपटारा किया जा सकेगा। इस सुविधा के तहत पीएफ, पेंशन, आंशिक निकासी और हस्तांतरण जैसे सभी प्रकार के ऑनलाइन दावों का निपटारा किया जा सकेगा।

● कोरोना महामारी से बुरी तरह प्रभावित यूरोप महाद्वीप पर एक बार फिर इस वायरस का खतरा मंडरा रहा है। यूरोप को कोरोना महामारी के दूसरे दौर का सामना करना पड़ सकता है। यह बात विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने कही है। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि पूर्वी यूरोपीय देशों में कोरोना के नए मामलों में वृद्धि खतरे की घंटी है। उल्लेखनीय है कि यूरोप में कोरोना महामारी से इटली, स्पेन, जर्मनी, फ्रांस और ब्रिटेन सबसे ज्यादा प्रभावित रहे हैं। हालांकि अब इन देशों में कोरोना संक्रमण के नए मामलों में गिरावट देखी जा रही है। ब्रिटेन ने कोरोना वायरस को लेकर जारी अलर्ट के स्तर को चार से घटाकर तीन कर दिया है।

● इजराइल में फिलीस्तीन समर्थकों ने प्रदर्शन तेज कर दिए हैं। फिलिस्तीनियों ने रामल्ला क्षेत्र में सरकार विरोधी प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने इजराइली सरकार पर वेस्ट बैंक में जमीन हड़पने का आरोप लगाया है। प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा बलों के बीच हिंसक झड़प हो गई। प्रदर्शनकारियों ने पत्थरबाजी तथा आगजनी की। इस प्रदर्शन में कई लोग घायल हुए हैं। सुरक्षाबलों ने कई प्रदर्शनकारियों को हिरासत में भी लिया है।

21 जून

अभ्यर्थी अब हिन्दी में भी दे सकेंगे जेईई और नीट के मॉक टेस्ट

● छात्र जेईई और नीट परीक्षा की तैयारी अब हिन्दी में भी कर सकेंगे। नेशनल

टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने इन परीक्षाओं की तैयारी के लिए नेशनल टेस्ट अभ्यास एप जारी किया है। इस एप के जरिए छात्रों को प्रैक्टिस के लिए हिन्दी में पेपर्स मिल सकेंगे। केंद्रीय मानव संसाधन मंत्री श्री रमेश पोखरियाल निशंक ने बताया कि नेशनल टेस्ट अभ्यास एप आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) पर काम करता है। इस एप को बनाने का उद्देश्य घर पर रहकर जेईई और नीट की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को सुविधा देना है। उल्लेखनीय है कि पहले नेशनल टेस्ट अभ्यास एप में सिर्फ अंग्रेजी भाषा में ही मॉक टेस्ट पेपर्स उपलब्ध थे।

● संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद् ने अमेरिका में जॉर्ज फ्लॉयड की मौत के बाद पुलिस के भेदभावपूर्ण रवैये की निंदा की है। साथ ही अफ्रीकी मूल के लोगों के खिलाफ होने वाली नस्लीय भेदभाव पर रिपोर्ट पेश करने को कहा है। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद् में अफ्रीकी देशों की तरफ से लाए गए प्रस्ताव का सभी 47 सदस्य देशों ने समर्थन किया। प्रस्ताव में संयुक्त राष्ट्र की मानवाधिकार उच्चायुक्त मिशेल बैचलेट को शांतिपूर्ण प्रदर्शनों के खिलाफ सरकार द्वारा उठाए गए कदमों पर एक वर्ष में रिपोर्ट देने को कहा है।

● कोरोना वायरस संक्रमण के हल्के और मध्यम लक्षण वाले मरीजों के इलाज के लिए फेविपिरावि दवा के इस्तेमाल को ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया (डीजीसीआई) की मंजूरी मिल गई है। फेविपिरावि दवा बनाने वाली कंपनी ग्लेनमार्क फार्मास्युटिकल ने कहा कि यह भारत की पहली ऐसी दवा कंपनी है, जिसे डीजीसीआई ने कोरोना संक्रमित मरीजों के इस्तेमाल में फेविपिरावि दवा के इस्तेमाल की मंजूरी दी है। यह दवा बाजार में फेबीफ्लू नाम से मिलेगी।

22 जून

रेलवे ने शुरू किया कॉन्टैक्टलेस टिकट चेकिंग सिस्टम

● कोरोना महामारी के संक्रमण को रोकने के लिए भारतीय रेलवे ने एयरपोर्ट की तर्ज

पर कॉन्टैक्टलेस टिकट चेकिंग सिस्टम शुरू किया है। उत्तर मध्य रेलवे ने प्रयागराज रेलवे स्टेशन पर एयरपोर्ट जैसी बोर्डिंग पास की सुविध शुरू की है। उत्तर मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि एयरपोर्ट जैसी बोर्डिंग सुविधा की शुरुआत प्रयागराज रेलवे स्टेशन पर की गई है। स्टेशन पहुंचने वाले यात्रियों की टिकट चेकिंग के लिए चार काउंटर बनाए गए हैं। इन काउंटर्स पर टिकट चेकिंग स्टाफ पीएनआर नंबर और क्यूआर कोड के माध्यम से टिकट की जांच करेगा। काउंटर्स पर यात्रियों को कैमरे के माध्यम से अपना पहचान पत्र तथा टिकट दिखना होगा। इसके बाद ही यात्री को बोर्डिंग पास जारी किया जाएगा। इस बोर्डिंग पास में यात्री की जरूरी जानकारियां जैसे नाम, पीएनआर नंबर, कोच और बर्थ नंबर प्रिंट होगा।

● विश्वभर के वैज्ञानिक कोरोना महामारी के टीके या वैक्सीन बनाने में जुटे हुए हैं। चीन में भी वैज्ञानिक वैक्सीन बनाने के नजदीक पहुंच गए हैं। चीन में वैज्ञानिकों ने कोरोना वायरस के टीके के प्रभाव और सुरक्षा का आकलन करने के लिए मनुष्य पर उसके परीक्षण का दूसरा चरण शुरू किया है। इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल बॉयोलॉजी एट चाइनीज एकेडमी ऑफ मेडिकल साइंस ने बताया कि संस्थान सोशल मीडिया द्वारा बताया कि चीन के वैज्ञानिक छह संभावित टीके का मानव पर परीक्षण कर रहे हैं। दूसरे चरण के परीक्षण में टीके की खुराक की मात्रा तय की जाएगी और यह देखा जाएगा कि एक स्वस्थ व्यक्ति को इस टीके की कितनी मात्रा देना सुरक्षित रहेगा।

● केंद्र सरकार ने आयात पर निर्भरता कम करने के लिए औद्योगिक नीति एवं संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) से चीन से आने वाले कम गुणवत्ता वाले सामान की सूची तैयार करने को कहा है। सरकार ने इन सस्ते आयातों के उत्पादवार विवरण, घरेलू कीमतों की तुलना और टैक्स नुकसान विशेष रूप से चीन से कम गुणवत्ता वाले इन बाउंड शिपमेंट पर अंकुश लगाने और घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के निर्देश दिए हैं।

23 जून

डीजीसीए ने पायलट और केबिन क्रू के लिए जारी किए दिशा-निर्देश

● नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने हवाई यात्रा को सुरक्षित

Directorate General of Civil Aviation

बनाने के लिए पायलट और केबिन क्रू के लिए नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। दिशा-निर्देशों के अनुसार पायलट और केबिन क्रू के लिए आरोग्य सेतु एप डाउनलोड करना अनिवार्य है। डीजीसीए ने एयरलाइंस के डॉक्टरों के लिए नियमित तौर पर पायलट और केबिन क्रू के स्वास्थ्य की जांच करना अनिवार्य किया है। डीजीसीए ने कहा कि डॉक्टर्स रिस्क का अनुमान लगाने के बाद ये तय कर सकेंगे कि किसी केबिन क्रू के लिए 14 दिन क्वारेंटाइन में रहना जरूरी है या नहीं।

● नीदरलैंड के हेग शहर में कोरोना महामारी के कारण लगे लॉकडाउन और कोरोना पर सही नियंत्रण न करने के कारण लोग सड़क पर उतर गए। लोगों ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन का आयोजन किया था, लेकिन बाद में कुछ प्रदर्शनकारियों की पुलिस से झड़प हो गई। पहले प्रदर्शनकारियों ने पुलिसकर्मियों पर पत्थर फेंके। प्रदर्शनकारियों को काबू में करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस का इस्तेमाल किया। पुलिस ने लगभग 400 प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया है।

● रेल मंत्री पीयूष गोयल ने भारतीय औद्योगिक संघ (सीआईआई) के एक समारोह को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि रेलवे निजी क्षेत्र को अपनी पसंद के ट्रैफिक रूटों और पार्सल ट्रेनों के पट्टे देने को तैयार है। इसके लिए निजी क्षेत्र को अपनी पसंद के रूट तय करने होंगे। उन्होंने कहा कि सरकार निजी क्षेत्र के साथ नई लाइनों में संयुक्त निवेश के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि रेलवे 150 निजी ट्रेनें संचालित करने जा रहा है।

24 जून

जेम पोर्टल पर कंपनियों को मूल देश का नाम बताना अनिवार्य होगा

● केंद्र सरकार ने मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत को प्रोत्साहन देने के लिए

GeM Government eMarketplace

बड़ा कदम उठाते हुए सरकारी ई-मार्केट प्लेस (जेम) पोर्टल पर प्रोडक्ट रजिस्टर करने के लिए विक्रेताओं को कंट्री ऑफ ओरिजन यानी उत्पाद के मूल देश का नाम बताना अनिवार्य किया है। प्रोडक्ट के बारे में सभी जानकारी नहीं देने की स्थिति में प्रोडक्ट को जेम पोर्टल से हटा दिया जाएगा। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि जेम अपनी शुरुआत के समय से ही मेक इन इंडिया पहल को बढ़ावा देने की दिशा में काम कर रहा है। जेम पोर्टल से छोटे विक्रेताओं को सार्वजनिक खरीद में हिस्सा लेने का मंच मिला है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने जेम पोर्टल पर खरीददारों के लिए मेक इन इंडिया का फिल्टर दिया है। इस फिल्टर को सेलेक्ट कर खरीददार उन उत्पादों की खरीदी कर सकते हैं, जिनका कम से कम 50 फीसदी कंटेंट स्वदेशी हो।

● केंद्र सरकार ने चीन, वियतनाम और दक्षिण कोरिया से आयात होने वाले स्टील के कुछ उत्पादों पर एंटी डंपिंग शुल्क लगाया है। इस शुल्क का उद्देश्य इन देशों से हो रहे सस्ते आयात से घरेलू स्टील निर्माताओं को बचाना है। इन तीनों देशों से आने वाले स्टील के फ्लैट रोल्ड, प्रोडक्ट, एल्युमिनियम और जिंक की कोटिंग वाले रोल पर 5 वर्ष के लिए एंटी डंपिंग शुल्क लगाया गया है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने अपनी जांच में पाया कि इन तीनों देशों से ये उत्पाद काफी कम दामों में भारत भेजे जा रहे हैं।

25 जून

आयकर रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तिथि में की गई वृद्धि

● केंद्र सरकार ने वित्तीय वर्ष 2019-2020 के लिये आयकर रिटर्न फाइल करने की

INCOME TAX DEPARTMENT

डेडलाइन 30 नवंबर 2020 तक बढ़ा दी है। आयकर विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी की है। इससे पहले आयकर रिटर्न दाखिल करने की समय सीमा 31 जुलाई थी। इसके अलावा आयकर विभाग ने पैन को आधार नंबर से लिंक करने की समय सीमा में भी वृद्धि की है। पैन-आधार लिंकिंग की अंतिम तिथि 30 जून 2020 थी, जो अब बढ़ाकर 31 मार्च 2021 कर दी गई है। अधिसूचना के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2018-19 के लिये रिवाइज्ड आयकर रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2020 की गई है।

● पासपोर्ट को लेकर होने वाली धोखाधड़ी को रोकने के लिये केंद्र सरकार अब पासपोर्ट को ज्यादा सुरक्षित बनाने जा रही है। केंद्र सरकार इंडियन सिक्योरिटी प्रेस और नेशनल इंफॉरमेटिक्स सेंटर के साथ मिलकर चिप वाले ई-पासपोर्ट बनाने पर काम कर रही है। विदेश मंत्री श्री एस. जयशंकर ने बताया कि चिप वाले ई-पासपोर्ट बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है। इससे हमारे ट्रैवल डॉक्यूमेंट्स की सुरक्षा बढ़ेगी। उन्होंने बताया कि सरकार प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में पासपोर्ट सेवा केंद्र खोलना चाहती है, अब तक 488 लोकसभा क्षेत्रों में पासपोर्ट सेवा केंद्र खोले जा चुके हैं।

● भारत में भी सरकार ने अंतरिक्ष गतिविधियों की निगरानी और समन्वय में निजी कंपनियों की भागीदारी बढ़ाने के लिये राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन और प्राधिकरण केंद्र (आईएन-स्पेस) का गठन करने का फैसला किया है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। आईएन-स्पेस एक बोर्ड होगा, जो भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन इसरो और निजी क्षेत्र के बीच समन्वय स्थापित करेगा। इस फैसले के साथ ही भारत में अंतरिक्ष गतिविधियों में निजी क्षेत्र की कंपनियों को अवसर मिलेगा।

26 जून

ट्राई ने टीवी चैनल के चयन में मददगार एप किया लॉन्च

● भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने केबल और डीटीएच उपभोक्ताओं के

TRAI सत्यमेव जयते
Telecom Regulatory Authority of India
(ISO/IEC 9001:2008 Certified Organisation)

लिये टीवी चैनल चुनने में मदद के लिये एक एप लॉन्च किया है। इस एप का नाम ट्राई चैनल सेलेक्टर है। यह एप उपभोक्ताओं को अपनी पसंद के टीवी चैनलों का चुनाव करने और नापसंद चैनलों को हटाने की सुविधा देता है। ट्राई ने एक बयान में कहा कि प्रसारण सेवाओं के लिये नई दरें तय करने के बाद यह सामने आया कि ग्राहकों को उनके सेवा प्रदाताओं के वेब पोर्टल या एप पर टीवी चैनलों के चुनाव करने या समूह में चैनल चुनने या उन्हें हटाने में दिक्कत आ रही है। ट्राई ने कहा कि यह एक ऐसा एप है जो सभी टीवी चैनल सेवा प्रदाताओं से जानकारियां लेकर एक ही जगह उपलब्ध करायेगा।

● इंडोनेशिया के आचे प्रांत में समुद्र में एक बड़ी नाव हादसे का शिकार हो गई। स्थानीय पुलिस के अनुसार, नाव में रोहिंग्या नागरिक सवार थे। ये लोग म्यामांर से आ रहे थे। नाव में क्षमता से कहीं अधिक लोग सवार थे, इससे नाव समुद्र में ही टूट गई और डूबने लगी। नाव हादसे की सूचना मछुआरों ने प्रशासन को दी। इसके बाद सेना और पुलिस की टीम ने नाव में सवार सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

चने का शत-प्रतिशत उपार्जन सुनिश्चित किया जाये - कृषि मंत्री

भोपाल, किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री श्री कमल पटेल ने शत-प्रतिशत उपार्जन तक चने की खरीद जारी रखे जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने प्रदेश के सर्वाधिक चना उत्पादन करने वाले पंद्रह जिलों की समीक्षा करते हुए कहा कि अभी कई जिलों में चना उपार्जन लक्ष्य से काफी कम है। अतः उपार्जन के कार्य में तेजी लाते हुए सम्पूर्ण उपार्जन तक खरीदी कार्य जारी रखा जाये।

श्री पटेल ने कहा कि पोर्टल चालू रखते हुए किसानों को एसएमएस भेजे जायें, जिससे पंजीकृत किसान अपनी चने की उपज को मंडी आकर बेच सकें। उन्होंने बरसात के मौसम को देखते हुए खरीदी का कार्य मंडियों के शेड में एवं पूर्व से निर्धारित वेयरहाउस में ही करने के निर्देश भी दिए हैं।

समीक्षा बैठक में विदिशा, दमोह, नरसिंहपुर, छतरपुर, राजगढ़ और पन्ना में पचास प्रतिशत से कम चना उपार्जन पर मंत्री श्री पटेल ने अप्रसन्नता व्यक्त की। बैठक में बताया गया कि अब तक अशोकनगर में 95 प्रतिशत से अधिक चना उपार्जन हो चुका है। देवास और शिवपुरी में 80 प्रतिशत, हरदा, सीहोर में 70 प्रतिशत, सागर, मंदसौर में 60 प्रतिशत से अधिक चने का उपार्जन किया जा चुका है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

रोज़गार और निर्माण वर्ष 37, अंक 26, 29.06.2020 से 05.07.2020

● प्रबंध संचालक - डॉ. सुदाम खाड़े ● कार्यकारी सम्पादक - राजीव तिवारी ● सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह ● उप सम्पादक - रंजना चितले ● उप महाप्रबंधक - अजीत रोमन (विज्ञापन और प्रसार)
● प्रबंधक - नरेन्द्र कुमार बनवट (प्रसार) ● प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन) ● आकल्पन - आशा रोमन, हेमंत वायंगणकर, सुशील लांडगे ● वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनी ऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर सम्पादक, रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें:-
रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011, फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, **e-mail : mpmdtp@yahoo.com**
रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। जरूरी नहीं कि सम्पादक उससे सहमत हों। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सम्पादकीय

प्रदेश में 1 जुलाई से किल कोरोना अभियान

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश में 1 जुलाई से किल कोरोना अभियान चलाया जायेगा। इसकी शुरुआत भोपाल से की जायेगी। प्रदेश के सभी जिलों में बायरस नियंत्रण और स्वास्थ्य जागरूकता के इस महत्वपूर्ण अभियान में सरकार और समाज साथ-साथ कार्य करेंगे। किल कोरोना अभियान प्रत्येक परिवार को कवर करेगा। इसके लिये दल गठित किये जा रहे हैं। कोविड-मित्र भी बनाये जायेंगे, जो स्वैच्छिक रूप से इस अभियान के लिये काम करेंगे। मुख्यमंत्री ने कमिश्नर-कलेक्टर की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में निर्देश दिये कि वे इस अभियान के लिये आवश्यक तैयारियां अभी से शुरू कर दें। इस अनूठे और बड़े अभियान के संचालन से अन्य प्रदेशों तक भी एक सार्थक संदेश पहुंचेगा। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि जिलों और संभागों में आईजी और कमिश्नर भी कोरोना नियंत्रण पर निगाह रखें। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के करीब 14 हजार महिला और पुरुष स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं पर सर्वे के काम की अहम जिम्मेदारी रहेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश को कोरोना के नियंत्रण में अन्य राज्यों की तुलना में सफलता भी मिली है। लेकिन सजगता का स्तर बना रहे और सभी आवश्यक उपायों को अपनाते रहें, यह बहुत आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना बायरस को समाप्त कर ही हमें चैन की सांस लेना है। प्रदेश में अब डोर-टू-डोर विस्तृत सर्वे के माध्यम से संदिग्ध रोगी की शीघ्र पहचान और उपचार का कार्य अधिक आसान हो जायेगा। उन्होंने कहा कि जिलों में क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप के सदस्यों के साथ ही सभी का सहयोग लेते हुये अभियान को गति दी जाये। बायरस के पूर्व नियंत्रण की रणनीति के साथ कार्य करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में ग्रोथ रेट और एक्टिव प्रकरणों की संख्या कम है। मुख्यमंत्री ने आमजन से भी अपील की है कि किल कोरोना अभियान में अपना सहयोग प्रदान करें। घर-घर पहुंच रहे सर्वे दल को आवश्यक जानकारी देकर सहयोग करें। इस सर्वे में महिला और पुरुष स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शामिल रहेंगे। इस अभियान में सर्दी, खांसी, जुकाम के साथ ही डेंगू, मलेरिया और डायरिया आदि के लक्षण पाये जाने पर भी जरूरी परामर्श और उपचार नागरिकों को मिल सकेगा। सार्थक एप का उपयोग कर इन जानकारियों की प्रविष्टि की जायेगी। कुल दस हजार दल कार्य करेंगे, सर्वे दल अनुमानित दस लाख घरों में रोज जायेंगे। एक दल करीब 100 घरों तक पहुंचेगा। राज्य की शत-प्रतिशत आबादी को इस सर्वे से कवर किया जायेगा। स्वास्थ्य शिक्षा देने का काम भी साथ-साथ चलेगा। विभिन्न तरह की प्रचार सामग्री और प्रत्यक्ष संपर्क कर नागरिकों को सर्वे दल के आने की सूचना देने का कार्य एडवांस्ड टीम द्वारा किया जायेगा। इन कार्यों में सोशल डिस्टेंसिंग का ध्यान रखते हुये नागरिकों से सहयोग प्राप्त किया जायेगा। प्रदेश में करीब 3 लाख लोगों को कोविड-19 के दृष्टिगत जांच, उपचार, क्वारंटाइन, सर्विलांस और संक्रमित क्षेत्र के लिये आवश्यक सावधानियां बरतने तथा सोशल डिस्टेंसिंग का प्रशिक्षण दिया गया है। प्रशिक्षित लोगों में चिकित्सक, नर्स और स्वास्थ्य कार्यकर्ता शामिल हैं। कोविड-19 से संबंधित कार्यों की इस ट्रेनिंग में आशा वर्कर और वालंटियर्स भी शामिल हैं। मध्यप्रदेश सरकार किल कोरोना अभियान चलाकर इस बीमारी के खिलाफ एक बेहतर अभियान की शुरुआत कर रही है। इस अभियान के जरिये पूरे प्रदेश में रहने वाले लोगों को शामिल किया जायेगा, उनका स्वास्थ्य परीक्षण होगा, जिससे इस बीमारी से अच्छे ढंग से निपटा जा सकेगा।

ब्रह्मांड को जानें

पृथ्वी

गतांक से आगे- वैज्ञानिकों ने भविष्यवाणी की है कि आने वाले 50 वर्षों में इस बार अटलांटिक महासागर और लाल सागर के विस्तार के साथ पर्शियन खाड़ी की समाप्ति की बारी है। ऐसे संकेत मिले हैं कि पूर्वी अफ्रीकन दरार व्यवस्था के कारण एक नये महासागर का निर्माण हो रहा है। पूर्वी अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया अपने स्थान से भूमध्य सागर के उत्तर की तरफ बढ़ेंगे और अंटार्कटिका अपने वर्तमान दक्षिणी ध्रुव से अधिक या कम इधर-उधर स्थित होगा।



छठे दशक की खोजें महाद्वीप के बहाव की पुष्टि करती है। इस खोज ने भू-विज्ञान परत विवर्तनिकी का साधारण अर्थ और पृथ्वी की गतियों से संबंधित चट्टान की बनावट का अध्ययन किया है। इससे सिद्ध कर दिया है कि पृथ्वी स्थिर नहीं है, बल्कि गतिशील है। इतनी गतिशील है कि इसकी ठीक प्रकार से व्याख्या सक्रिय पदाघाट से की जा सकती है।

प्लेट विवर्तनिकी हमें यह बताती है कि महाद्वीप ही नहीं, बल्कि सागर भी गतिशील है। यह इसलिये है, क्योंकि पृथ्वी की ऊपरी पपड़ी ग्रेनाइट और असिताश्म की स्वयं अकेली आवरण नहीं है, बल्कि यह कई कठोर तत्वों की पच्चीकारी है, जिसे प्लेट (परत) कहा जाता है। प्लेट विवर्तनिकी का सिद्धांत व्याख्या करता है कि पृथ्वी की पपड़ी का कठोर भाग या प्लेट स्थिर गति से घूम रही है और इस ग्रह को समझने में एक आधुनिक क्रांति पैदा करती है। इस परत में पृथ्वी की ठोस ऊपरी पपड़ी ही सम्मिलित नहीं है, बल्कि नीचे के सघन आवरण के भाग भी (जिसे 'अदृश्य मंडल' कहा जाता है) शामिल है। इसी की पीठ पर महाद्वीप और महासागर विशाल बेड़े की तरह तैरते हैं। इस प्लेट की औसतन मोटाई 100 किलोमीटर है, जो 'अदृश्य मंडल' पर तैरती रहती है और ये लगातार एक-दूसरे की विपरीत दिशा में घूमती है। इनके घूमने की गति 20 सेंटीमीटर प्रतिवर्ष है।

- देवेश तिवारी
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर लिखते हैं)

संयुक्त राष्ट्र लोक सेवा दिवस | 23 जून

कोरोना योद्धाओं को समर्पित है इस वर्ष का संयुक्त राष्ट्र लोक सेवा दिवस

"खुद को खोजने का सबसे अच्छा तरीका है कि आप दूसरों की सेवा में खुद को खो दें।"

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के यह विचार लोगों की सेवा में अपने लिये सुख देखने वाले प्रत्येक व्यक्ति पर सटीक बैठते हैं। लोक सेवा को लेकर संयुक्त राष्ट्र की पूर्व सचिव कोंडोलिजा राइस ने भी कहा था कि, 'पब्लिक सर्विस यानी लोक सेवा से अधिक सम्मान और अधिक चुनौती किसी क्षेत्र में नहीं है।' लोक सेवा का अर्थ है सरकारी सेवकों का वह संगठन जिसे सरकार अपने कार्यों के लिये नियुक्त करती है। लोक सेवाएं सरकारी सेवायें हैं। राज्य द्वारा नियुक्त किये गये वे सभी कर्मचारी और अधिकारी जो जनता की देखभाल में लगे हैं 'लोक सेवा' के सदस्य होते हैं। लेकिन इसमें सैनिक कार्यों में लगे राज्य के कार्मिक शामिल नहीं हैं। इससे राज्य की सेवाओं के दो भाग प्रकट होते हैं, सैनिक शाखा और असैनिक शाखा। लोक सेवा का संबंध असैनिक शाखा से है।

संयुक्त राष्ट्र लोक सेवा दिवस 23 जून को दुनियाभर में मनाया जाता है। इस दिन को समुदाय के लिये सार्वजनिक सेवा का मूल्य और पुण्य, विकास प्रक्रिया में सार्वजनिक सेवा के योगदान पर प्रकाश डालने, लोक सेवकों के काम को पहचानने और युवाओं को सार्वजनिक क्षेत्र में कॅरियर बनाने के लिये प्रोत्साहित करने के लिये मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 20 दिसंबर 2002 को 57/277 प्रस्ताव पारित करके प्रति वर्ष 23 जून को संयुक्त राष्ट्र लोक सेवा दिवस के रूप मनाये जाने की घोषणा की थी। इस दिन को दुनियाभर में विभिन्न सार्वजनिक सेवा संगठनों और विभागों द्वारा व्यापक रूप से मनाया जाता है, ताकि समुदाय में विकास और सुधार करने में लोक सेवकों की भूमिका को पहचानने के लिये विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा सके।

संयुक्त राष्ट्र लोक सेवा दिवस से संबंधित प्रमुख तथ्य

- संयुक्त राष्ट्र लोक सेवा दिवस का उद्देश्य समुदाय के लोक सेवा के मूल्य और अच्छे कार्यों की सराहना करना है।
- यह दिवस विकास प्रक्रिया में सार्वजनिक सेवा के योगदान और सरकारी कर्मचारियों के कार्यों को प्रदर्शित करता है।
- यह दिवस युवाओं को लोक सेवा क्षेत्र में कॅरियर बनाने के लिये प्रोत्साहित करता है।
- संयुक्त राष्ट्र द्वारा इस दिन संयुक्त राष्ट्र लोक सेवा अवॉर्ड प्रदान किया जाता है। संयुक्त राष्ट्र प्रतिवर्ष अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले संस्थानों को इस पुरस्कार से सम्मानित करता है। यह पुरस्कार लोक सेवा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये दिया जाने वाला अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार है।

2020 की थीम कोरोना योद्धाओं को समर्पित

संयुक्त राष्ट्र लोक सेवा दिवस हर वर्ष किसी ना किसी विशेष थीम पर मनाया

सर्जना चतुर्वेदी
(लेखिका, समसामयिक विषय पर लेखन कार्य करती हैं)

जाता है। इस वर्ष यह पूरे विश्व में फैली कोरोना महामारी के संकट से लड़ने वाले लोक सेवक कोरोना योद्धाओं को समर्पित है। इसके माध्यम से पुलिस, सेनेटाइजेशन के कार्य से लेकर स्वास्थ्य सेवा, समाज सेवा आदि क्षेत्र में अलग-अलग रूप में जुटे लोक सेवकों को सम्मान देने का प्रयास किया गया है, इस पूरे संकट में पूरे विश्व में बड़ी संख्या में कोरोना योद्धाओं ने भी संघर्ष करते हुये अपने प्राणों का बलिदान दिया है। इस वर्ष यह कार्यक्रम वेब टीवी के माध्यम से यूएनओ द्वारा 23 जून को आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में उन सभी की सराहना की गई, जो प्रभावी ढंग से कोरोना बायरस से निपट रहे हैं। कोरोना योद्धाओं के सम्मान में इस समय कई तरह के वीडियो सोशल मीडिया पर लोगों के जीवन बचाने में जुटे कोरोना योद्धाओं की प्रेरक कहानियां बता रहे हैं।

कोरोनाकाल और लोक सेवा

किसी भी व्यक्ति, संस्था या फिर समाज की पहचान संकट के समय में होती है। आज पूरा विश्व नोवेल कोरोना वायरस कोविड-19 के संक्रमण से जूझ रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन यानी डब्ल्यूएचओ के मुताबिक कोरोना महामारी से इस वक्त पूरी दुनिया के 180 देश ग्रसित हैं। ऐसी स्थिति में सबसे ज्यादा महत्व पब्लिक सर्विस यानी लोक सेवा से जुड़े साथियों का ही है। मार्च में हुये लॉकडाउन से लेकर अब तक यदि हम अपने घरों में सुरक्षित हैं तो उसमें प्रमुख योगदान लोक सेवकों का ही है चाहे वह डॉक्टर के रूप में हो, एक प्रशासनिक अधिकारी या कर्मचारी के रूप में, नर्स के तौर पर, घर-कॉलोनियों में आकर काम करने वाले सफाईकर्मी और पुलिस कर्मी आदि हों। इन सभी ने ही अपने जीवन की परवाह किये बिना किस तरह पूरी दुनिया में लोगों के हित में कार्य किया और कर रहे हैं इसकी तस्वीरें और कहानियां हमारे सामने लगातार आ रही हैं। विश्वभर की संस्थाओं और प्रमुख व्यक्तियों ने एक बार फिर इस बात पर जोर दिया है कि स्वास्थ्य सेवाओं और लोक सेवाओं आदि के क्षेत्र में निवेश को बढ़ाने की आवश्यकता है। विश्व स्तर के संकट की यदि बात करें तो सबसे बड़ा बजट रक्षा के क्षेत्र में खर्च होता है, जबकि आवश्यकता लोक सेवा के क्षेत्र में बढ़ाने की है।

संसदीय शासन प्रणाली में लोक सेवा

संसदीय शासन व्यवस्था में प्रशासनिक नीतियों का निर्धारण विधायिका द्वारा किया जाता है, परंतु देश का प्रशासन लोक सेवक अधिकारियों के एक बड़े समूह द्वारा चलाया जाता है। दूसरे शब्दों में, अधिकारी ही स्थायी कार्यपालिका बनाते हैं, जबकि मंत्री राजनीतिक कार्यपालिका बनाते हैं। राजनीतिक कार्यपालिका विधान मंडल में बहुमत दल द्वारा चुनी जाती है और जैसे ही उस दल का सदन में बहुमत समाप्त हो जाता है, वह अपना पद त्याग देती है। दूसरी ओर, लोक सेवा के अधिकारी अनिवार्य रूप से राजनीति के प्रति तटस्थ रहते हैं तथा प्रशासन में निरंतरता बनाए रखते हैं। यही कारण है कि इन अधिकारियों को स्थायी कार्यपालिका का निर्माता कहा जाता है और इसी प्रकार उन्हें कार्य करने में दक्षता प्राप्त होती है। लोक सेवा अधिकारी सरकारी कामकाज के विशेषज्ञ होते हैं तथा विभिन्न प्रशासनिक विभागों के ब्यौरे तथा तथ्यों के संबंध में गहन जानकारी रखते हैं। अतः संसदीय लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था को व्यवस्थित ढंग से चलाने के लिए कुशल लोक सेवक अधिकारियों के समूह की आवश्यकता होती है, जिनकी भूमिका विधि निर्माण से कार्यान्वयन तक अति महत्वपूर्ण है। यही कारण है कि लोक सेवा आयोगों को लोकतंत्र का संरक्षक भी कहा जाता है।

भारतीय लोक सेवा दिवस 21 अप्रैल को

भारत में प्रत्येक वर्ष 21 अप्रैल को 'लोक सेवा दिवस' मनाया जाता है। भारत को आजादी मिलने से चार महीने पहले 21 अप्रैल, 1947 को देश के पहले गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों को मेटकाफ हाउस में संबोधित किया था, यहां उन्होंने लोक सेवकों को 'स्टील फ्रेम ऑफ इंडिया' कहकर सम्मानित किया गया था। इस अवसर पर उन्होंने कहा था कि, सरकार की छवि काफी हद तक लोक सेवकों के इसी रवैये पर निर्भर करती है कि वे लोगों की जरूरतों और आकांक्षाओं की पूर्ति कैसे करते हैं। इस दिन अखिल भारतीय सेवा के अधिकारियों को उनकी सर्वश्रेष्ठ सेवा के लिए पुरस्कृत किया जाता है। यह पुरस्कार उन्हें नागरिकों को उत्तम सेवाएं प्रदान करने के लिए दिया जाता है। इससे अधिकारियों में बेहतर प्रदर्शन की भावना तो आती ही है साथ ही बदलते समय एवं नई चुनौतियों से निपटने के लिए उन्हें अपनी नीतियों पर विचार करने का अवसर भी मिलता है। इस अवसर पर केंद्र तथा राज्य सरकारों में पदस्थ सभी अधिकारियों में से बेहतरीन प्रदर्शन करने वालों को पुरस्कार दिया जाता है। इसी मौके पर 'सार्वजनिक सेवा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रधानमंत्री उत्कृष्ट लोक सेवा पुरस्कार' भी दिया जाता है। यह पुरस्कार तीन श्रेणियों में दिया जाता है। 2006 में शुरू किए गए इस पुरस्कार में पहली श्रेणी एकल है, जबकि बाकी दो क्रमशः समूह तथा संगठन श्रेणी हैं। पुरस्कार में मेडल, प्रशस्ति पत्र तथा एक लाख रुपये नकद का ईनाम दिया जाता है। समूह तथा संगठन श्रेणी में यह राशि अधिकतम पांच लाख रुपये है, जिसमें से प्रत्येक को एक लाख रुपये की राशि दी जाती है। एकल श्रेणी में पुरस्कार राशि एक लाख रुपये है।

(फोटो गूगल से साभार)

कार्यालय आयुक्त, आदिवासी विकास मध्यप्रदेश
(द्वितीय मंजिल, सतपुड़ा भवन, भोपाल)
विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति हेतु अनुसूचित जनजाति वर्ग के इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रण की सूचना

मध्यप्रदेश शासन, आदिम जाति कल्याण विभाग, मंत्रालय, भोपाल के पत्र क्रमांक एफ-12-12/2013/25-2/1669 दिनांक 12.07.2013 के क्रम में संशोधित स्कीम के फलस्वरूप मध्यप्रदेश के अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों को विदेश में उच्च शिक्षा ग्रहण करने हेतु छात्रवृत्ति योजनांतर्गत वर्ष 2020-21 हेतु अनुसूचित जनजाति के **50 अभ्यर्थियों के लिये सम्पूर्ण वर्ष में 'प्रथम आओ प्रथम पाओ' के आधार पर** निम्न उपाधि हेतु छात्रवृत्तियां देने के लिये आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं :-

(1) उपाधि एवं पात्रता की शर्तें :-

क्र.	उपाधि	पात्रता हेतु अर्हता
अ.	शोध उपाधि उपरांत अध्ययन हेतु	आवेदक 50 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय श्रेणी एवं संबंधित क्षेत्र में अनुभव के साथ शोध उपाधि (पी.एच.डी.)
ब.	पी.एच.डी. हेतु	आवेदक संबंधित स्नातकोत्तर परीक्षा में 50 प्रतिशत अंकों सहित द्वितीय श्रेणी उत्तीर्ण तथा संबंधित क्षेत्र में दो वर्ष का अध्यापन/शोध/व्यावसायिक अनुभव/एम.फिल. उपाधि प्राप्त हो।
स.	स्नातकोत्तर	आवेदक स्नातक उपाधि 55 प्रतिशत अंकों सहित द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हो या उसके समतुल्य ग्रेड में उत्तीर्ण हो।

विदेश अध्ययन हेतु छात्रवृत्ति निम्न विषयों-पाठ्यक्रमों के लिए प्रदान की जावेगी -

1. Bio-technology/Genetic Engineering (बायो-टेक्नोलॉजी/जेनेटिक इंजीनियरिंग)
2. Industrial Environmental Engineering (इंडस्ट्रियल एनवायरमेंटल इंजीनियरिंग)
3. Nano-technology (नेनो-टेक्नोलॉजी)
4. Marine Engineering (मेरीन इंजीनियरिंग)
5. Petro-Chemical Engineering (पेट्रो-केमिकल इंजीनियरिंग)
6. Plastic Technology (प्लास्टिक टेक्नोलॉजी)
7. Cryogenic Engineering (क्राइयोजेनिक इंजीनियरिंग)
8. Mechatronics (मेकाट्रोनिक्स)
9. Automation Robotics including, Artificial Intelligence (आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस सहित आटोमेशन रोबोटिक्स)
10. Laser Technology (लेजर टेक्नोलॉजी)
11. Low Temperature Thermal Dynamics (लो-टेम्प्रेचर थर्मल डाइनामिक्स)
12. Optometry (ओप्टोमेट्री)
13. Art Restoration Technology (आर्ट रेस्टोरेशन टेक्नोलॉजी)
14. Dock and Harbour Engineering (डॉक और हार्बर इंजीनियरिंग)
15. Imaging System technology (इमेजिंग सिस्टम टेक्नोलॉजी)
16. Composite Materials Engineering including Decentralised Power Distribution (for solar heat) System, Energy Storage Engineering, Energy Conservation, Energy Efficient Habitat Engineering (डीसेन्ट्रालाइल्ड पावर डिस्ट्रीब्यूशन (सोलर हीट के लिए) सिस्टम एनर्जी स्टोरेज इंजीनियरिंग, एनर्जी कंजरवेशन एनर्जी एफिशियेट हेबीटेट इंजीनियरिंग सहित कम्पोजिट मेटिरियल इंजीनियरिंग)
17. Packaging Engg./Technology (पैकेजिंग इंजीनियरिंग/टेक्नोलॉजी)
18. Nuclear Engineering (न्यूक्लीयर इंजीनियरिंग)
19. Information technology including Computer Engineering, Software, Software Quality Assurancre, Networking/Connectivity Engineering, Communication System under Hazardous or Post-disaster Conditions, Multi-media Communication (हजाड्र्स पोस्ट डिजास्टर कंडीशन्स के अधीन कम्प्यूटर इंजीनियरिंग, साफ्टवेयर, साफ्टवेयर क्वालिटी एशोरेंस, नेटवर्किंग/कनेक्टिविटी इंजीनियरिंग, कम्यूनिकेशन सिस्टम, मल्टी मीडिया कम्यूनिकेशन)
20. Industrial Safety Engineering (इंडस्ट्रियल सेफ्टी इंजीनियरिंग)
21. Agriculture and Agro Technology (कृषि एवं कृषि तकनीकी)
22. Agronomy (एग्रीनोमी)
23. Forestry (वानिकी)
24. Floriculture & Landscaping (पुष्प कृषि एवं लैंडस्केपिंग)
25. Food Sciences & Technology (खाद्य विज्ञान एवं तकनीकी)
26. Forestry & Natural Resouces (वानिकी एवं प्राकृतिक संसाधन)
27. Horticulture (बागवानी)
28. Plant Pathology (बाह्य रोग विज्ञान)
29. Energy Studies (ऊर्जा अध्ययन)
30. Farm Power & Machinery (कृषि एवं मशीनरी)
31. Veterinary Sciences (पशु चिकित्सा विज्ञान)
32. Soils & Water Management (मृदा व जल प्रबंधन)
33. Plant Breeding & Genetics (प्लांट ब्रीडिंग जेनेटिक्स)
34. Small - scale Rural Technology (लघु स्तरीय ग्रामीण तकनीकी)
35. Ocean and Atmospheric (महासागर एवं वातावरण विज्ञान)
36. Humanities (मानविकी)
37. Libral Arts

उपरोक्त निर्धारित पाठ्यक्रमों के अलावा स्नातक पाठ्यक्रम छोड़कर, चिकित्सा विज्ञान के सभी पाठ्यक्रम, विधि (लॉ), कामर्स, वित्तीय प्रबंधन के सभी पाठ्यक्रम, एम.बी.ए. में अध्ययन हेतु भी आवेदन कर सकते हैं।

(2) आयु :- आवेदक की आयु आवेदन दिये जाने वाले वर्ष की 01 जनवरी को 35 वर्ष से कम हो। विशेष प्रकरणों में समिति द्वारा आयु 10 वर्ष तक शिथिल की जा सकेगी।

(3) आय सीमा :- आवेदक की समस्त स्रोतों से कुल वार्षिक आय (माता-पिता तथा अभ्यर्थी स्वयं की पत्नी/पति सहित) राशि रुपये 10.00 लाख रुपए प्रतिवर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिये। अभ्यर्थियों के चयन में न्यूनतम आय वाले अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जावेगी। मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश क्रमांक सी-3-7-2013-3-एक दिनांक 25.09.2014 अनुरूप आय बाबत स्वप्रमाणित घोषणा पत्र सादे कागज पर प्रस्तुत करना होगा।

(4) उन्हीं माता-पिता अथवा अभिभावक के एक से अधिक बच्चों को छात्रवृत्ति की पात्रता नहीं होगी। एक अभ्यर्थी को छात्रवृत्ति की पात्रता एक ही बार होगी।

(5) आवेदन के साथ संलग्न जाति प्रमाण पत्र मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्रमांक एफ-7/2/98/आ.प्र./एक दिनांक 01/8/1996 के अनुसार जारी स्थायी जाति प्रमाण पत्र अनुविभागीय अधिकारी से कम स्तर का नहीं होना चाहिये।

(6) मूल निवासी का प्रमाण पत्र सक्षम प्राधिकारी द्वारा बनाया गया ही, मान्य होगा।

(7) छात्रवृत्ति अन्तर्गत आर्थिक सहायता :-

7.1 वायुयान से की गई वास्तविक यात्रा :- शैक्षणिक संस्थान के निकटतम स्थान तक वायु मार्ग से जाने एवं वापसी का लघुतम वायुमार्ग से, इकॉनामी दर्जे का किराया उपलब्ध कराया जायेगा।

7.2 स्थानीय यात्रा :- उतरने के पत्तन (पोर्ट) से अध्ययन के स्थान तक जाने एवं वापसी यात्रा हेतु द्वितीय श्रेणी का रेल, किराया/दूरस्थ स्थानों के प्रकरण में जो कि रेल से न जुड़े हो, रहने का स्थान तक आने-जाने का बस किराया, फेरी द्वारा उतराई का वास्तविक मूल्य निकटतम रेल सह वायु स्टेशन तक का वायुमार्ग से किराया/अथवा लघुत्तम मार्ग से उतरने के पत्तन (पोर्ट) तक आने-जाने का द्वितीय श्रेणी रेल किराया देने की अनुमति होगी।

7.3 म.प्र. शासन द्वारा निर्दिष्ट स्थान पर आयोजित चयन साक्षात्कार देने के लिए प्रत्याशी को निवास स्थान से संबंधित शहर तक आने जाने के लिए द्वितीय श्रेणी रेल किराया/साधारण श्रेणी का बस किराया दिया जायेगा।

7.4 **निर्वाह भत्ता :-** प्रत्येक पाठ्यक्रम के लिये निर्वहन भत्ता अधिकतम 9000 अमरीकन डालर प्रतिवर्ष या उसके समतुल्य अन्य देश की करेंसी में भुगतान होगा।

7.5 **आकस्मिकता भत्ता :-** 1000 अमरीकन डालर, प्रतिवर्ष या उसके समतुल्य अन्य देश की करेंसी में भुगतान होगा। जो किताबें, आवश्यक उपकरण, अध्ययन यात्रा, टंकण तथा थिसिस जिल्दबंदी के लिये व्यय होगा।

7.6 **बीजा शुल्क :-** वास्तविक व्यय।

7.7 **शुल्क एवं बीमा प्रीमियम :-** वास्तविक व्यय।

7.8 **शैक्षणिक शुल्क :-** वास्तविक व्यय या 40000 अमरीकन डॉलर वार्षिक अधिकतम या उसके समतुल्य अन्य देश की करेन्सी में भुगतान सीधे विश्वविद्यालय को देय होगा।

1.	पी.एच.डी उपरांत शोध	1.5 वर्ष (डेढ़ वर्ष)
2.	पी.एच.डी. हेतु	04 वर्ष
3.	स्नातकोत्तर उपाधि	02 वर्ष

संबंधित विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम पूर्ण होने की समयावधि अथवा भारत सरकार, मानव संसाधन विकास द्वारा निर्धारित समयावधि अथवा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा निर्धारित समयावधि में पाठ्यक्रम पूर्ण करना आवश्यक है। निर्धारित अवधि में पाठ्यक्रम पूर्ण न करने पर अवधि बढ़ने की स्थिति में विभाग द्वारा अतिरिक्त व्यय वहन नहीं किया जायेगा।

(9) जिन अभ्यर्थियों ने विदेश स्थित विश्वविद्यालय से ऑफर लेटर प्राप्त कर लिया है उन्हें चयन में प्राथमिकता दी जाएगी।

(10) ऐसे अभ्यर्थी जो नियोजन में हैं, उन्हें अपने आवेदन, नियोक्ता के अनापत्ति प्रमाण-पत्र के साथ, नियोक्ता से अग्रेषित कराकर विज्ञापन में निर्धारित तिथि तक अथवा उसे पूर्व आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग, मध्यप्रदेश भोपाल को प्रेषित करना होंगे।

(11) विद्यार्थी को विदेश में शिक्षा प्राप्त करने हेतु विधि द्वारा स्थापित एवं मान्यता प्राप्त संस्थाओं का चयन स्वयं करना होगा। आवेदन पत्र में चयनित विदेशी संस्था, पाठ्यक्रम एवं देश का विवरण का स्पष्ट उल्लेख किया जाये।

(12) अंतिम रूप से चयनित अभ्यर्थी से अपेक्षा है कि चयन आदेश दिनांक से पोस्ट ग्रेज्युएट हेतु 03 वर्ष एवं शोध कार्य हेतु 02 वर्ष के भीतर प्रतिष्ठित मान्यता प्राप्त विदेश स्थित संस्थान/विश्वविद्यालय में प्रवेश प्राप्त कर लेवे अन्यथा प्रवेश निरस्त माना जावेगा।

(13) विद्यार्थी विदेश अध्ययन योजना का आवेदन विभागीय वेबसाइट **tribal.mp.gov.in/MPTAAS** पर लॉगइन कर, किया जा सकेगा। किसी भी प्रकार की समस्या आने पर विभागीय हेल्पडेस्क नं. 1800-2333-951 एवं ईमेल **helpdesk.tribal@mp.gov.in** पर संपर्क किया जा सकता है।

आयुक्त
जी-12125/44049/2020 आदिवासी विकास, मध्यप्रदेश

कार्यालय प्रमुख अभियंता जल संसाधन विभाग, भोपाल

ईमेल - ceproc.encwrd.bpl@nic.in, फोन - 0755-2767635, फैक्स - 0755-2552406

निविदा सूचना क्रमांक - 736/2020-21/प्रमुख अभियता/ई-टेंडरिंग/ भोपाल, दिनांक 19.06.2020

निम्न कार्यों हेतु निविदा वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र दिनांक **14.07.2020** को 17.30 बजे तक क्रय/डाउनलोड तथा प्रस्तुत किए जा सकते हैं। निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

स.क्र.	निविदा क्र.	कार्य	जिला	लागत (लाख)
1.	2020_WRD_94272	**टर्न की पद्धति पर :-** इंदौख वैराज मध्यम परियोजना के डूब क्षेत्र में 6 नग स्लेव कल्वर्ट का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परन्तु उस तक सीमित नहीं।	उज्जैन	300.71
2.	2020_WRD_94273	**टर्न की पद्धति पर :-** छीताखुदरी सिंचाई परियोजना अंतर्गत पुनर्वास कालोनी का निर्माण कार्य, 5 वर्षीय रखरखाव सहित विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परन्तु उस तक सीमित नहीं।	जबलपुर	814.97
3.	2020_WRD_94274	दतिया सिंचाई नहर की सरसई वितरिका एवं उसकी माइनर तथा महुआ, गढ़ा एवं लेतरा माइनर के वैंक सुदृढ़ीकरण एवं लाइनिंग का कार्य।	दतिया	44.47
4.	2020_WRD_94275	दतिया सिंचाई नहर विस्तारित, गोहदन शाखा नहर तथा उसकी माइनर, गोहना माइनर, रामदेवा माइनर, कल्याणपुरा शाखा एवं उसकी माइनर, सेमई माइनर, डाडा माइनर का मरम्मत कार्य।	दतिया	53.53
5.	2020_WRD_94276	बेड़दा तालाव के शीर्ष कार्य का अतिरिक्त कार्य।	बड़वानी	93.65
6.	2020_WRD_94314	सिंध परियोजना द्वितीय चरण के अंतर्गत सिंध आर.बी.सी. नहर की वितरिका डी-9 की एल.एम.-1, आर.एम.-2 आर.एम.-3, एल. एम.-4, आर.एम.-6, एल.एम.-7, एल.एम.-8, आर.एम.-9, आर. एम.-10, आर.एम.-11, आर.एम.-12 माइनरों का मरम्मत कार्य।	शिवपुरी	25.69
7.	2020_WRD_94315	सिंध परियोजना द्वितीय चरण के अंतर्गत सिंध आर.बी.सी. नहर की एल.एम.10, आर.एम.10, आर.एम.11, एल.एम.12, आर.एम.13, एल.एम.14, आर.एम.15, एल.एम.16, एल.एम. 17 और आर.एम. 18 माइनरों का मरम्मत कार्य।	शिवपुरी	30.15

जी-12168/44053/2020 मुख्य अभियंता (प्रोक्योरमेंट)

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, खरगोन
फोन नं. 07282-231402, eephedkhr@nic.in

क्रमांक 1202/निविदा/2020 खरगोन, दिनांक 16.06.2020

निविदा सूचना क्रमांक 15/2020-21

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्य की निविदा सूचना ई-टेण्डरिंग पद्धति से ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल **(http://www.mptenders.gov.in)** पर आमंत्रित है। निविदा का विवरण निम्नानुसार है।

कार्य का विवरण :- खरगोन जिले के विकासखण्ड भगवानपुरा के ग्राम चरीपुरा में नलजल प्रदाय योजना अंतर्गत टंकी निर्माण, पाईप लाईन विछाना, जोड़ना इत्यादि कार्य मय 02 वर्ष के संचालन/संधारण सहित कार्यालय प्रमुख अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, भोपाल द्वारा जारी यू.एस.ओ.आर. जो दिनांक 23.05.2020 से प्रभावशील है एवं निविदा सूचना जारी होने के दिनांक तक संशोधित दरें लागू होगी। निविदा एपेंडिक्स "2.10" पर आमंत्रित की जाती हैं।

क्र.	सिस्टम टेंडर नं.	कार्य का नाम	कार्य की अनु. लागत रु. लाख में	धरोहर राशि (रु. लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि	ठेकेदार की श्रेणी नवीन पंजीयन अंतर्गत
1.	2020_PHED_93886_1	ग्राम चरीपुरा विकासखण्ड भगवानपुरा	80.05 लाख	80050	10000	06 माह वर्षाकाल सहित	Contractor registered under new centralized single, registration system in M.P, Govt.

उपरोक्त वेवसाइट पर ऑनलाइन भुगतान कर निविदा प्रपत्र (टेंडर डाक्यूमेंट) क्रय किये जा सकते हैं। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय करने की **अंतिम तिथि 30.06.2020 तक** सायं 5.30 बजे तक निर्धारित हैं। विस्तृत जानकारी वेवसाइट पर उपलब्ध हैं।

कार्यपालन यंत्री
जी-12099/44045/2020 लोक स्वा. यांत्रिकी खण्ड खरगोन

मध्यप्रदेश शासन नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण
कार्यालय कार्यपालन यंत्री (वि./यां.) संभाग क्रमांक-2, बरगीनगर, जबलपुर (म.प्र.) - 482058

Email ID - eecmdv2bargiodam@gmil.com

निविदा आमंत्रण सूचना वास्ते प्रकाशन

निम्न कार्य की ऑनलाइन निविदा प्रतिशत दर (अपेंडिक्स 2.10) ई-प्रोक्यूरमेंट सिस्टम पोर्टल **www.mptenders.gov.in** पर जारी की जा रही है। निविदा की संक्षिप्त जानकारी निम्नानुसार है -

निविदा क्र.	ई-निविदा क्र.	कार्य का नाम	कार्य की अनुमा. राशि (रु. में)	धरोहर राशि (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य	निविदाकार की श्रेणी	कार्य पूर्ण करने की अवधि
32/तक. 2020-21 दिनांक 15.06.2020	2020_NVDA_93960_1	रानी अवंतीवाई परियोजना वार्यी तट नहर वम्हनी वितरण नहर की आर.डी. 0.00 कि.मी. से आर.डी 9.06 कि.मी. पर लगे हेड एवं क्रास रेगुलेटर, गेटों का सुधार कार्य।	88709/- (रुपये अठासी हजार सात सौ नौ) मात्र	1774/- (रु. एक हजार सात सौ चौहत्तर) मात्र	1000/- (रु. एक हजार) मात्र	प्रमुख अभियंता (लो.नि.वि.) भोपाल में 'सी' एवं ऊपर की श्रेणी में पंजीकृत	30 दिन (अनुबंध की तिथि से)
33/तक. 2020-21 दिनांक 15.06.2020	2020_NVDA_93967_1	रानी अवंतीवाई परियोजना वार्यी तट नहर मचवारा वितरण नहर की आर.डी. 0.00 कि.मी. से आर.डी 17.50 कि.मी. पर लगे हेड एवं क्रास रेगुलेटर, गेटों का सुधार कार्य।	126582/- (रुपये एक लाख छब्बीस हजार पांच सौ बयासी) मात्र	2532/- (रु. दो हजार पांच सौ बत्तीस) मात्र	1000/- (रु. एक हजार) मात्र	प्रमुख अभियंता (लो.नि.वि.) भोपाल में 'सी' एवं ऊपर की श्रेणी में पंजीकृत	30 दिन (अनुबंध की तिथि से)
34/तक. 2020-21 दिनांक 15.06.2020	2020_NVDA_93978_1	वि./यां. संभाग क्र. 2 बरगीनगर जबलपुर के कार्यालय भवन में एक शौचालय एवं स्टोर रूम का निर्माण कार्य।	172483/- (रुपये एक लाख बहत्तर हजार चार सौ तेरासी) मात्र	3450/- (रु. तीन हजार चार सौ पचास) मात्र	1000/- (रु. एक हजार) मात्र	प्रमुख अभियंता (लो.नि.वि.) भोपाल में 'सी' एवं ऊपर की श्रेणी में पंजीकृत	30 दिन (अनुबंध की तिथि से)

निविदा प्रपत्र क्रय करने की तिथि अंतिम : 06/07/2020, 17.30 तक (केवल ऑनलाइन)
प्राइज बिड जमा करने की तिथि अंतिम : **06.07.2020, 17.30 तक (केवल ऑनलाइन)**
निविदा की धरोहर राशि खुलने की तिथि : 08.07.2020, 10.30 से 08.07.2020, 17.30 तक (केवल ऑनलाइन)
प्राइज बिड खुलने की तिथि : 08.07.2020, 10.31 से 08.07.2020, 17.30 तक (केवल ऑनलाइन)

निविदा प्रपत्र को उपरोक्त वेबसाइट पर केवल ऑनलाइन क्रय किया जा सकता है। ऑनलाइन पर भुगतान डेबिट/कैश कार्ड या इंटरनेट बैंकिंग अकाउण्ट्स के माध्यम से किया जा सकता है। निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाइट **www.mptenders.gov.in** का अवलोकन करें।

कार्यपालन यंत्री
जी-12150/44052/2020 नर्मदा विकास (वि./यां.) संभाग क्रमांक-2 बरगीनगर, जबलपुर (म.प्र.)

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग पन्ना (म.प्र.)

एन.आई.टी. नं. 02/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण पन्ना, दिनांक 18.06.2020

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है :-

क्र. एवं कार्य का नाम :- 1/1 देवरी (गढ़ीपड़रिया) बाया सरहजा से लोहरगांव मार्ग निर्माण कार्य, लं. 10.30 कि.म. (शेष कार्य, एस.ओ.आर. दि. 15.04.2009)

पोर्टल टेंडर क्र.	जिला	ठेके की अनु. राशि (पी.ए.सी.) (रु. लाख में)	अमानत राशि ईएमडी (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित)	कार्यालय का नाम जहां ईएमडी एवं तकनीकी बिड भौतिक रूप से प्राप्त की जावेगी।
94193	पन्ना	138.54	138540/-	12500/-	03 माह वर्षाकाल सहित	मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग सागर

FILLING OF ONLINE APPLICATION FORM	:	From 18th June 2020 to 20th July 2020 List of selected candidates – 27th July 2020
Mode of Selection	:	Selection is based on merit of class10th
Date of Course Commencement	:	31st August 2020. (Monday)
How to Apply	:	online only on our website www.igtr-indore.com No need to submit offline form or any hard copy of document.

Note: **(1)** Reservation of seats to SC/ST/OBC/PH candidates will be allowed as per Government Norms. **(2)** Course fees is payable in two equal instalments per year. **(3)** Age Relaxation, 3 years for SC/ST candidates only. **(4)** Tuition Fees Exempted for SC/ST candidates in all courses. **(5)** Separate Application to be submitted for each group & mention your choice of course on priority basis.

R-44073/2020 deepak

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(An Agency of Panchayat & Rural Development Department, Govt. of M.P.)

5th Floor, Block-II, Paryavas Bhawan, BHOPAL M.P. – 462 011

NOTICE INVITING TENDER
No. 140/MTN/2020 (BW)

No. 9459/22/D-12/NIT-Maint./2020 **Bhopal, Dated : 27.06.2020**

Online Tenders for the following works are invited on the E-Procurement System portal **https://mptenders.gov.in** as detailed below.

Name of work : Repair/Maintenance of Rural Roads.

1. Table No. 1 : Name of Work- Within 5 Year Maintenance (BW)

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (in Rs.)
1.	Alirajpur	1	2157000.00
2.	Harda	1	2599000.00
3.	Panna	1	2380000.00
4.	Rewa	1	2631000.00
5.	Raisen	2	2777000.00
6.	Sagar	1	3516000.00
7.	Umaria	1	1325000.00

2. Table No. 2 : Name of Work – Post 5 Years (BW)

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (in Rs.)
1.	Chhatarpur	1	12000000.00
2.	Dewas	1	15338000.00
3.	Jhabua	2	12191000.00
4.	Rewa	2	13777000.00
5.	Satna	1	19040000.00
6.	Umaria	1	9715000.00

3. Table No. 3 : Name of Work – Post 10 Years (BW)

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (in Rs.)
1.	Anuppur	2	9793800.00
2.	Agar	2	5058000.00
3.	Hoshangabad	1	5409000.00

1. Tender document can be purchased only online from the above website from **02.07.2020 17:30 hrs.**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document on the above-mentioned portal and concerned PIU.

CHIEF GENERAL MANAGER

M.P. Madhyam/97768/2020 R-44074/2020 **(T & e-G)**

M.P. INDUSTRIAL DEVELOPMENT CORPORATION LIMITED

(Government of Madhya Pradesh Undertaking)

Regional Office, 101, First Floor, ATULYA IT Park, Near Crystal IT Park

Khandwa Road, INDORE-452007 (M.P.)

Phone : (0) 2970611, 2971311, 2974363, Fax No. : 0731-2972629, E-mail : ed.roind@mpidc.co.in, Website : www.invest.mp.gov.in, GSTN : 23AACCM6080D2ZT, CIN : U45203MP1981SGC001850

No. MPIDC/R.O./IND/2020/8544 **Date : 27.06.2020**

NOTICE INVITING TENDER

Tender for the following work have been proceeded on the e-procurement system – **http://www.mptenders.gov.in & www.mpakvnindore.com** as mention below-

S. No.	Name of work	PAC [Rs. in Lacs]	Cost of Tender Form	EMD	Last Date of Submission
1	Annual Maintenance of contract of lift No. L-J5623 installed in building No. 2 at I/A Namkeen Cluster, Sanwer Road, Indore for a period of three years.	Rs. 3.17 lacs	Rs. 2360/- i/c GST	Rs. 6340/-	20.07.2020

Detailed NIT along with other details can be viewed on above mentioned portals.

M.P. Madhyam/97769/2020 R-44075/2020 **EXECUTIVE ENGINEER**

श्रम सिद्धि अभियान

आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ता मध्यप्रदेश

भोपाल, लॉकडाउन के दौरान मध्यप्रदेश वापस लौटे श्रमिकों के लिये शासन की श्रम सिद्धि योजना लाभदायक साबित हो रही है। अपने ही गांव में रोज़गार मिल जाने से श्रमिकों का जीवन आसान हुआ है। सरकार ने उन परिवारों की भी चिंता की है, जिसके पास मनरेगा के जॉब कार्ड नहीं थे, उन्हें भी श्रम सिद्धि अभियान से जोड़कर जॉबकार्ड बनाकर रोज़गार दिया जा रहा है। प्रदेश के सभी जिलों में मनरेगा अंतर्गत 20 अप्रैल से अभी तक श्रमिकों को पर्याप्त संख्या में रोज़गार देने के प्रयास किए गए हैं।

प्रदेश सरकार द्वारा मनरेगा के तहत रोज़गार सेतु एप में पंजीयन कराने से अपने गांव लौटे मजदूरों को अपनी ग्राम पंचायत में ही रोज़गार मिलने लगा है। प्रदेश की 22 हजार 219 ग्राम पंचायतों में एक लाख 91 हजार 299 कार्य चल रहे हैं। इनमें 23 लाख 4 हजार 588 मजदूरों को 1 हजार 224 करोड़ 18 लाख रुपये की राशि का भुगतान किया जा चुका है।

ऐसा ही एक जिला बैतूल जहाँ अभी तक 4 हजार 323 नए जॉब कार्ड बनाए जाकर 24 हजार 164 नए श्रमिकों को मनरेगा के कार्यों से जोड़ा गया। जिसके तहत 22.86 लाख मानव दिवस सृजित किए जाकर श्रमिकों को मजदूरी के रूप में 39.65 लाख रुपये राशि का भुगतान किया गया।

311 नए स्व-सहायता समूह गठित

मध्यप्रदेश डे-राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत बैतूल जिले में 311 नए स्व-सहायता समूहों का गठन किया गया है। लॉकडाउन के दौरान स्व-सहायता समूहों द्वारा कुल 3 लाख 46 हजार 708 मास्क निर्मित किए जाकर कुल 3 लाख 38 हजार 510 मास्क का विक्रय किया गया। इसके साथ ही स्व-सहायता समूहों द्वारा कुल 1 हजार 430 लीटर सेनेटाइजर भी तैयार कर विक्रय किया गया, जिससे स्व-सहायता समूहों को आर्थिक स्वावलंबन प्राप्त करने में सहायता मिली है।

स्व-सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को स्व-रोज़गार के बेहतर संसाधन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बैतूल के दो विकासखण्डों मुलताई एवं बैतूल में नए आधुनिक सिलाई सेंटरों की स्थापना भी की गई है, जिनमें गणवेश सिलाई का कार्य कराया जाएगा। स्व-सहायता समूहों द्वारा लॉकडाउन अवधि में शासन से प्राप्त अनुमति के पश्चात् चलित किराना दुकान के माध्यम से उचित दर पर लोगों के घर पहुंच कर किराना एवं सब्जी का विक्रय भी किया गया है।

कृषि उपज मंडियों के 54 अंतर्राज्यीय नाके बंद होंगे - कृषि मंत्री

भोपाल, भारत सरकार द्वारा जारी अध्यादेश के बाद प्रदेश की कृषि उपज मंडियों के 54 अंतर्राज्यीय नाकों को बंद किया जाएगा। कृषि गतिविधियों को बढ़ाने के लिए प्रदेश में 26 हजार कृषक मित्र भी पुनः बनाए जाएंगे। किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री श्री कमल पटेल ने विभागीय समीक्षा के दौरान यह निर्देश दिए।

कृषि मंत्री ने कहा कि सभी मंडियों में इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटे लगाये जाएं और मंडियों को अपग्रेड किया जाये तथा सुनिश्चित किया जाये कि किसानों से अवांछित तरीके से वसूली न होने पाए।

श्री पटेल ने विपणन वर्ष 2020-21 में चना उपार्जन का कार्य 30 जून 2020 तक जारी रखने और उपार्जन हेतु एस.एम.एस. लगातार जारी किये जाने के निर्देश दिए। श्री पटेल ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन कलेक्टरों द्वारा उपार्जन कार्य पूर्ण न होने के बावजूद उपार्जन केंद्र बंद कर दिये हैं वे तत्काल उपार्जन केंद्र चालू करें एवं संबंधित कलेक्टर्स से स्पष्टीकरण लिये जायें।

श्री पटेल ने दमोह जिले में वर्ष 2018-19 में उड़द फसल की किसानों की बकाया राशि 27 करोड़ 96 लाख रुपये का भुगतान करने के निर्देश दिये। उन्होंने भारत सरकार द्वारा मंडी एक्ट 5 जून 2020 के अध्यादेश अनुसार कृषि उपज मंडियों के अन्तर्राज्यीय 54 नाकों को तत्काल बंद करने के निर्देश दिये। बैठक में संचालक कृषि को निर्देशित किया गया कि पी.के.वी.वाय. योजना के लक्ष्य जारी किये जाये तथा कलस्टर के प्रमाण-पत्र जारी करने हेतु सभी जिलों के परियोजना संचालक 'आत्मा' को तत्संबंध में तत्काल आदेश जारी किये जायें।

श्री पटेल ने किसानों को आवश्यक सलाह और सुझाव देने के लिये कृषक मित्र योजना के तहत प्रदेश में प्रत्येक 2 गावों में एक कृषक मित्र की व्यवस्था करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कुल 26 हजार कृषक मित्र पुनः बनाये जायेंगे। इसी प्रकार खण्ड समन्वयक, जिला समन्वयक एवं संभाग समन्वयक भी बनाये जायेंगे। आत्मा परियोजना में विकासखण्ड तकनीकी प्रबंधक एवं सहायक तकनीकी प्रबंधक के रिक्त पदों को भरे जाने के लिये विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

पोषण प्रबंधन पर कार्यशाला

पोषण स्थिति को प्रभावित करता है अलग-अलग सामाजिक और सांस्कृतिक व्यवहार

भोपाल, विभिन्न क्षेत्रों तथा गांवों के निवासियों का अलग-अलग सामाजिक, सांस्कृतिक व्यवहार उनकी पोषण स्थिति को प्रभावित करता है। मध्यप्रदेश भौगोलिक आकार में वृहद होने के साथ सांस्कृतिक पोषण विविधता वाला राज्य है। स्वस्थ समाज की अवधारणा के अनुरूप पोषण की आवश्यकता को स्थानीय स्तर पर समझते हुए उसके लिये समन्वित प्रयास करना जरूरी है। ये बातें संचालक महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती स्वाति मीणा नायक ने भोपाल में आयोजित पोषण प्रबंधन पर आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहीं।

श्रीमती नायक ने कहा कि पोषण के बारे में समुदाय से संवाद करना, उन तक सही संदेश पहुँचाना एक चुनौती है। समुदाय की पोषण आवश्यकता को समझने, पहचानने और पोषण साक्षरता के लिये यह सबसे जरूरी है कि समुदाय के साथ उनकी ही भाषा में संवाद किया जाये, उन्हें सही संदेश दिये जायें। इससे संतुलित पोषण के प्रति समुदाय का व्यवहार परिवर्तन आसानी से हो सकेगा। सतत् विकास लक्ष्यों के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि इन लक्ष्यों को पाने के लिये यह आवश्यक है कि समुदाय अपने स्तर पर ही अपनी पोषण कार्य-योजना तैयार कर उसका बेहतर क्रियान्वयन भी करे। इन्हीं उद्देश्यों के लिये ऐसे टूल्स विकसित किये जाने आवश्यक हैं, जिनके माध्यम से समुदाय पोषण प्रबंधन स्थानीय स्तर पर ही कर सकें। उन्होंने कहा कि बेहतर पोषण प्रबंधन के लिये स्थानीय समुदाय द्वारा अपने क्षेत्र की पोषण आवश्यकताओं को पहचानना, चिन्हित करना जरूरी है।

गरीबों के लिए वरदान है संबल योजना - मुख्यमंत्री

भोपाल, मुख्यमंत्री जन कल्याण (संबल योजना) गरीबों के लिए वरदान है। योजना के तहत प्रदेश में एक करोड़ 37 लाख असंगठित श्रमिक पंजीकृत हैं। योजना के अंतर्गत 1 मार्च से अभी तक कुल 24 हजार 507 हितग्राहियों को 137 करोड़ 41 लाख रुपये की सहायता प्रदान की गई है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में संबल योजना के तहत हितग्राहियों को सिंगल क्लिक के माध्यम से 664 हितग्राहियों के परिजनों को 14 करोड़ 13 लाख रुपये की अनुग्रह सहायता राशि अंतरित करते हुये कहीं।

श्री चौहान ने संबल योजना के हितग्राहियों से चर्चा के दौरान कहा कि संबल योजना के अंतर्गत अनुग्रह सहायता, अंत्येष्टि सहायता, प्रसूति सहायता, बिजली के बिलों में छूट, उच्च शिक्षा की फीस भरना और बेटियों का विवाह आदि सहायता गरीबों को प्रदान की जाती है।

सरकार भरेगी उच्च शिक्षा की फीस

हितग्राहियों से चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि बच्चे अच्छी से अच्छी उच्च शिक्षा प्राप्त करें, उनकी फीस राज्य सरकार भरेगी। उज्जैन के दीपक मीना व दीपक विश्वकर्मा तथा इंदौर की सुश्री आयुषी ने मुख्यमंत्री को उनके कॉलेज की फीस भरने के लिए धन्यवाद दिया।

हितग्राहियों से संवाद

श्री चौहान ने संबल हितग्राहियों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सागर की श्रीमती भारती, श्रीमती नेहा, जबलपुर के श्री अश्वनी नामदेव, श्री विकास चढ़ार, उज्जैन के श्री दीपक मीणा, श्री दीपक श्रीवास्तव, विदिशा की श्रीमती शबाना बी, सतना की श्रीमती कल्पना केवट, श्रीमती खुशबू वर्मा, बैतूल की श्रीमती कविता धान्डरे, श्रीमती गीता चौधरी देवास की श्रीमती मुस्कान, श्रीमती सुशीला बाई और इंदौर की श्रीमती पिंकी से चर्चा की।

आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए नवाचार को संकलित करेगा विभाग

भोपाल, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा कोविड-19 के दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के कार्यों को प्रोत्साहित करने के लिए उनके द्वारा किए गए नवाचार और सफलता की कहानियों का संकलन किया जायेगा। इसके तहत इन कोरोना योद्धाओं के मोटिवेशन और तनाव प्रबंधन के लिए विभिन्न जिलों के पर्यवेक्षकों और उनके सेक्टर की एक-एक आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को जूम एप के द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

विभाग द्वारा आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ चर्चा करने के लिए वेबिनार श्रृंखला का आयोजन किया जा रहा है। वेबिनार सीरीज के माध्यम से पर्यवेक्षकों और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को तनाव प्रबंधन और मोटिवेशन के लिये प्रशिक्षित किया जा रहा है। कोविड-19 के दौरान प्रदेश की आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा सराहनीय एवं अनुकरणीय कार्य किए गए हैं। इस दौरान कुपोषित बच्चों के घर अतिरिक्त सत्तू का वितरण, उन्हें हाथ धोने, मास्क लगाने तथा सोशल डिस्टेंसिंग के बारे में बताना और लॉकडाउन के दौरान बच्चे एवं गर्भवती, धात्री माताओं को पोषण आहार वितरित करने का कार्य बखूबी किया गया।

मध्यप्रदेश में छोटे व्यवसायियों को बनाया जायेगा आत्मनिर्भर

शहरी पथ विक्रेताओं को मिलेगा ब्याज मुक्त ऋण

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में प्रधानमंत्री पथ विक्रेता आत्मनिर्भर निधि संबंधी बैठक को संबोधित करते हुये।

भोपाल, शहरी क्षेत्रों के छोटे-छोटे व्यवसायियों को आत्मनिर्भर बनाना है। इसमें पथ विक्रेताओं को स्वरोज़गार के लिए ऋण प्रदान करने वाली 'प्रधानमंत्री पथ विक्रेता आत्मनिर्भर निधि' योजना सहायक होगी। योजना में भारत सरकार 7 प्रतिशत ब्याज अनुदान दे रही है, शेष अनुदान राज्य सरकार देगी। इस प्रकार शहरी पथ विक्रेताओं को बैंक से बिना गारंटी के 10 हजार रुपये का ब्याज मुक्त ऋण मिल सकेगा। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मंत्रालय में प्रधानमंत्री पथ विक्रेता आत्मनिर्भर निधि संबंधी बैठक को संबोधित करते हुये कहीं।

योजना लागू करने में मध्यप्रदेश अग्रणी

श्री चौहान ने कहा कि कोविड-19 महामारी के दौरान नगरीय क्षेत्र में सबसे ज्यादा प्रभावित वर्ग पथ विक्रेताओं का रहा है, लॉकडाउन अवधि के दौरान इनकी आजीविका पर प्रतिकूल असर पड़ा। इनकी आजीविका पुनः प्रारंभ करने तथा अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए प्रधानमंत्री द्वारा प्रधानमंत्री पथ विक्रेता आत्मनिर्भर निधि की घोषणा की गई है।

- योजना में पात्र हितग्राहियों को 10 हजार रुपये का ऋण (कार्यशील पूंजी के रूप में)।
- भारत सरकार द्वारा 7 प्रतिशत ब्याज अनुदान सहायता।
- मध्यप्रदेश शासन द्वारा हितग्राहियों को शेष ब्याज अनुदान सहायता।
- डिजिटल पेमेन्ट पर कैश बैक का प्रावधान (प्रतिमाह 100 रुपये),
- योजना अवधि जुलाई 2020 से मार्च 2022 बिना धरोहर राशि के ऋण।
- ऋण अवधि एक वर्ष-पुनर्भुगतान प्रतिमाह।

योजना को लागू करने में मध्यप्रदेश अग्रणी है तथा यहां 'मुख्यमंत्री शहरी असंगठित कामगार एकीकृत पोर्टल' प्रारंभ कर उस पर शहरी पथ विक्रेताओं का पंजीयन भी बड़ी संख्या में हो गया है।

सभी 378 नगरीय निकायों में ढाई लाख से अधिक पंजीयन

योजना के क्रियान्वयन के लिए प्रदेश के सभी 378 नगरीय निकायों में 2 लाख 71 हजार 801 पथ विक्रेताओं का पंजीयन 'मुख्यमंत्री शहरी असंगठित कामगार एकीकृत पोर्टल' पर किया गया है। इसमें 30 प्रतिशत सब्जी विक्रेता, 9 प्रतिशत कपड़ा विक्रेता, 8 प्रतिशत फल विक्रेता तथा 7 प्रतिशत खान-पान सामग्री पथ विक्रेता हैं। पंजीयन का कार्य चल रहा है। ऐसे पथ विक्रेता जो 24 मार्च 2020 के पूर्व से पथ विक्रेता हैं वे इस योजना के अंतर्गत ऋण प्राप्त कर सकेंगे। श्री चौहान ने कहा कि सभी नगरीय निकायों में योजना का व्यावहारिक रूप से समुचित क्रियान्वयन हो तथा हर पात्र स्ट्रीट वेंडर को इसका लाभ मिले। इस बात का ध्यान रखें कि योजना प्रक्रियाओं में न फंस जाए।

मध्यप्रदेश में सिंचाई के लिए 10 घंटे और घरों में 24 घंटे मिलेगी बिजली

बिजली विभाग सिस्टम ठीक करे, व्यवस्थाएं सुधारे - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में बिजली विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुये।

भोपाल, मध्यप्रदेश में सिंचाई के लिए किसानों को 10 घंटे बिजली एवं घरेलू उपभोक्ताओं को 24 घंटे बिजली मिले यह सुनिश्चित किया जाए।

प्रदेश में जरूरत से अधिक बिजली उपलब्ध है, अतः बिजली आपूर्ति में कमी नहीं आनी चाहिये। इसके लिए बिजली विभाग सिस्टम ठीक करे और व्यवस्थाएं सुधारे। मेंटेनेंस कार्य निरंतर जारी रहें। ये निर्देश मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मंत्रालय में बिजली विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए दिये।

राशि किसानों के खातों में

मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि पंपों के लिए दी जाने वाली बिजली संबंधी सहायता की राशि सीधे किसानों के खातों में डाली जाएगी। अतः यह सुनिश्चित किया जाए कि लाभ लेने वाला हर किसान बिजली का बिल भरे। बिजली की चोरी सख्ती से रोकी जाए।

आवश्यकता से अधिक बिजली उपलब्ध है

श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में हमारी आवश्यकता से अधिक बिजली उपलब्ध है। हमारी क्षमता 21 हजार मेगावॉट की है, जबकि गत वर्ष एक दिन में अधिकतम बिजली 14 हजार 555 मेगावॉट खर्च हुई। इस वर्ष अधिकतम संभावित आवश्यकता 16 हजार मेगावॉट होगी। मुख्यमंत्री ने अतिरिक्त बिजली को अन्य राज्यों को देने के निर्देश दिए।

लॉकडाउन के कारण कम हुई मांग

प्रमुख सचिव श्री संजय दुबे ने बताया कि लॉकडाउन के कारण बिजली की खपत में 10 से 15 प्रतिशत की कमी आई है। अच्छी बारिश के कारण भी बिजली की मांग में कमी आई है।

मध्य क्षेत्र की स्थिति सुधारें

मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस ने निर्देश दिए कि मध्य क्षेत्र में ट्रिपिंग बढ़ी है। वहां की स्थिति सुधारी जाए, सर्वाधिक शिकायतें मध्य क्षेत्र से आ रही हैं।

एक घंटे में शिकायत निवारण

प्रमुख सचिव श्री संजय दुबे ने बताया कि प्रदेश में बिजली की शिकायतों के त्वरित निवारण की व्यवस्था की गई है। बिजली संबंधी शिकायतों का निराकरण एक घंटे में कर दिया जाता है। साथ ही खराब ट्रांसफार्मर एक से 3 दिन में बदल दिए जाते हैं।

बिजली बिलों की शिकायतों के समाधान के लिये लगेंगे शिविर

भोपाल, मध्य क्षेत्र वितरण कंपनी कार्यक्षेत्र के भोपाल, नर्मदापुरम, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के 16 जिलों में विद्युत देयकों से संबंधित शिकायतों के निराकरण के लिए वितरण केन्द्र स्तर पर शिकायत निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिकायत निवारण शिविरों में बिजली बिल संबंधित शिकायतें, नवीन कनेक्शन, मीटर वाचन एवं बंद/खराब मीटर से संबंधित शिकायतें तथा अन्य ट्रिपिंग, विद्युत व्यवधान, वोल्टेज कम ज्यादा होने आदि विद्युत प्रदाय संबंधी शिकायतों का त्वरित निराकरण किया जायेगा। शिकायत निवारण शिविर 24 जून से 8 जुलाई के मध्य पूरे कम्पनी कार्यक्षेत्र में 354 वितरण केन्द्र/जोन स्तर पर लगाये जायेंगे।

मनरेगा में मिला 23 लाख से ज्यादा मजदूरों को रोज़गार

भोपाल, मध्यप्रदेश सरकार द्वारा मनरेगा के तहत रोज़गार सेतु एप में पंजीयन कराने से अपने गांव लौटे मजदूरों को अपनी ग्राम पंचायत में ही रोज़गार मिलने लगा है। प्रदेश की 22 हजार 219 ग्राम पंचायतों में एक लाख 91 हजार 299 कार्य चल रहे हैं। इनमें 23 लाख 4 हजार 588 मजदूरों को 1 हजार 224 करोड़ 18 लाख रुपये की राशि का भुगतान किया जा चुका है।

इसी अनुक्रम में मुरैना जिले के ग्राम पंचायत कट्टोली में कार्य कर रहे राहुल जाटव ने बताया कि वे महाराष्ट्र के पुणे शहर में पत्थर कटिंग का कार्य कर परिवार का भरण-पोषण करते थे, किन्तु लॉकडाउन के कारण काम बंद होने से उनके सामने आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया था। जैसे-तैसे वे अपने घर वापस आ गये पर यहां आने के बाद तरह-तरह के ख्याल आने लगे आखिर अपने गांव में ऐसा क्या है, जिससे परिवार का भरण-पोषण किया जा सके। ग्राम पंचायत के सचिव ने उन्हें बताया कि मुख्यमंत्री जी के निर्देशानुसार प्रवासी श्रमिकों और स्थानीय ग्रामीणों को रोज़गार उपलब्ध कराने के लिए गांव में जल संरक्षण, ट्रेंच खुदाई, खेत तालाब निर्माण, आरसीसी सड़क निर्माण सहित अन्य कार्य प्रारंभ कराए जा रहे हैं।

मनरेगा के तहत गांव में ही लोगों को रोज़गार उपलब्ध कराया जायेगा। रोज़गार सेतु पोर्टल पर उन्होंने अपना आवेदन ऑनलाइन करा दिया। पंजीयन होने के बाद ग्रामीणों के लिए मनरेगा योजना रोज़गार के लिए वरदान बन गई। इन कार्यों के प्रारंभ होने से स्थानीय ग्रामीणों और प्रवासी श्रमिकों को रोज़गार मुहैया हुआ है। इससे उन्हें भी कार्य मिलने लगा। अब तो गांव में ही रोज़गार मिलने से रोजी-रोटी का संकट दूर हो गया है। राहुल जाटव ने मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान को धन्यवाद देते हुए कहा कि ग्राम पंचायत में ही रोज़गार मिल जाने से वे और उनका परिवार बेहद खुश है।

पूरी तरह सुरक्षित है कुक्कुट उत्पादों का सेवन

भोपाल, पशुपालन विभाग ने स्पष्ट किया है कि मुर्गियों से कोरोना फैलने की बात निराधार और तथ्यों से परे है। पशुपालन विभाग ने इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग से अभिमत प्राप्त किया है। स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त जानकारी के आधार पर स्पष्ट किया गया है कि कुक्कुट उत्पादों से किसी भी प्रकार से कोरोना फैलने की खबर पूरी तरह भ्रामक और आधारहीन है तथा कुक्कुट उत्पादों का सेवन पूरी तरह से सुरक्षित है।

संचालक पशुपालन डॉ. आर.के. रोकड़े ने बताया कि भारत सरकार के पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय ने भी सभी राज्यों के सचिवों को पत्र के जरिये सूचित किया है कि मुर्गी पालन से मनुष्यों में कोरोना का संक्रमण नहीं होता तथा वर्तमान में इनका सेवन न केवल सुरक्षित है बल्कि यह प्रोटीन से भरपूर सस्ता खाद्य पदार्थ है जो मनुष्यों में रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है।

डॉ. रोकड़े ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग ने अपने पत्र में कुक्कुट उत्पादों का उपयोग नहीं करने तथा मुर्गी पालन फार्म को शीघ्र बंद करने जैसे कोई दिशा-निर्देश या चेतावनी-पत्र जारी नहीं किया है। उन्होंने कहा कि कुक्कुट उत्पादों का उपयोग पूरी तरह से सुरक्षित है।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

मध्यप्रदेश में हर प्रवासी मजदूर को योग्यता अनुसार मिलेगा काम

नियोक्ता रोज़गार दें, सरकार उनके कार्य में सहयोग करेगी – मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में फेसबुक लाइव के माध्यम से प्रवासी श्रमिकों एवं नियोक्ताओं को संबोधित करते हुये।

भोपाल, कोविड-19 संकट काल में प्रदेश लौटे हर प्रवासी श्रमिक को मध्यप्रदेश की धरती पर ही उनकी योग्यता अनुसार रोज़गार मिलेगा। मुख्यमंत्री सहित पूरी टीम आपके साथ है। रोज़गार सेतु के माध्यम से जहां प्रवासी श्रमिकों को उनकी दक्षता अनुसार रोज़गार प्राप्त हो रहा है, वहीं नियोक्ताओं को उनकी आवश्यकता के अनुसार कामगार मिल रहे हैं। नियोक्ता अधिक से अधिक प्रवासी श्रमिकों को रोज़गार दें, सरकार उनके कार्य में सहयोग करेगी। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश के 7 लाख से अधिक प्रवासी श्रमिकों एवं 19 हजार से अधिक नियोक्ताओं को फेसबुक लाइव के माध्यम से संबोधित करते हुए कहीं।

सभी को दिया जा रहा है रोज़गार

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में प्रत्येक प्रवासी श्रमिक को रोज़गार दिया जा रहा है। अभी तक 3 लाख 37 हजार 857 प्रवासी श्रमिकों के जॉब कार्ड बनाए गए हैं तथा एक लाख 62 हजार 840 को रोज़गार दिया गया है। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास श्री मनोज श्रीवास्तव ने बताया कि प्रदेश में मनरेगा के अंतर्गत अभी तक 45 लाख 96 हजार मजदूरों को कार्य उपलब्ध कराया गया है।

6 हजार से अधिक को रोज़गार सेतु के माध्यम से रोज़गार

श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में 6004 प्रवासी श्रमिकों को रोज़गार सेतु के माध्यम से रोज़गार दिया गया है, यह प्रक्रिया निरंतर जारी है। मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस ने कहा कि 'रोज़गार सेतु' कौशल अनुसार रोज़गार दिलाने का 'ऑटोमेटिक मोड' बन गया है।

जरूरत के अनुसार मिल रहे हैं कामगार

रोज़गार सेतु में 19 हजार 641 नियोक्ताओं ने पंजीयन कराया है। मुख्यमंत्री से चर्चा के दौरान बताया गया कि रोज़गार सेतु के माध्यम से जरूरत के अनुसार कामगार आसानी से मिल रहे हैं। कोरोना संकट के कारण उपजी 'लेबर प्रॉब्लम' दूर हो गई है।

सभी प्रवासी श्रमिक संबल योजना में किये गये शामिल

मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी प्रवासी श्रमिकों को संबल योजना में जोड़ा गया है। अब उन्हें बच्चों की पढ़ाई-लिखाई, दुर्घटना सहायता, मृत्यु पर सहायता, अंत्येष्टि सहायता, बिटिया की शादी और प्रसूति सहायता सहित सभी सुविधाएं मिलेंगी।

प्रवासी श्रमिकों के बच्चों को शालाओं में प्रवेश

श्री चौहान ने बताया कि प्रवासी श्रमिकों के बच्चों के शालाओं में नामांकन के लिए प्रक्रिया अपनाते हुए प्रवासी श्रमिकों के साथ वापस लौटे 5 से 18 वर्ष के 2 लाख 6 हजार 425 बच्चों का चिन्हांकन किया जाकर 75 हजार 385 बच्चों को शालाओं में प्रवेश देने की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। शेष बच्चों को स्कूल चलें अभियान में स्कूल चालू होने पर निःशुल्क प्रवेश सुनिश्चित कराया जायेगा।

गरीब कल्याण रोज़गार अभियान

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत सरकार द्वारा प्रवासी श्रमिकों के लिए 'गरीब कल्याण रोज़गार अभियान' चालू किया गया है, जिसमें मध्यप्रदेश के 24 जिले शामिल किए गए हैं। गरीब कल्याण रोज़गार अभियान में मनरेगा में 100 के स्थान पर 125 दिवस कार्य उपलब्ध कराया जा रहा है।

नागरिकों को विभिन्न योजनाओं में 38 हजार करोड़ रुपये की प्रत्यक्ष राहत

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की उपस्थिति में मंत्रिमंडल सदस्यों को विद्युत उपभोक्ताओं और नागरिकों को कोविड-19 के संकट में विभिन्न योजनाओं में दिए आर्थिक लाभ और राहत की जानकारी विस्तार से दी गई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना के कारण आर्थिक क्षेत्र प्रभावित हुआ है। लोगों की तकलीफ को कम करने के लिए राज्य सरकार ने समय पर प्रत्येक वर्ग के कल्याण के लिए उन्हें राहत पहुंचाते हुए राशियों के ऑनलाइन भुगतान की व्यवस्था की। इससे कोविड-19 के संकट काल में आमजन को प्रत्यक्ष लाभ मिला है।

लॉकडाउन अवधि में समाज के विभिन्न वर्गों तक राहत के लिए राशि का भुगतान किया गया। प्रमुख रूप से 24 विभागों ने छात्रवृत्ति, पेंशन, श्रमिक और किसान कल्याण योजनाओं में 38 हजार करोड़ रुपए की राशि पहुंचाने का कार्य किया है। श्री चौहान ने कुछ अवसरों पर खुद सहारिया, बैगा, भारिया आदिवासियों सहित प्रवासी श्रमिकों, छात्रों और विभिन्न योजनाओं के अन्य हितग्राहियों से विभिन्न वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से संवाद करते हुए उनके खाते में राशि जमा करवाई।

योजना और आवंटित राशि का विवरण

सामाजिक सुरक्षा पेंशन के 562.34 करोड़, तीन विशेष पिछड़ी जनजातियों के लिए 44.60 करोड़ रुपये, मुख्यमंत्री प्रवासी मजदूर सहायता योजना में 14.81 करोड़ रुपये, श्रम सिद्धि अभियान और मनरेगा के अंतर्गत 1862 करोड़ रुपये, फसल बीमा योजना के 2981 करोड़ रुपये, प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना जो भारत सरकार की योजना है, में 1500 करोड़ रुपये, स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत मध्यान्ह भोजन योजना में 87.49 लाख विद्यार्थियों को 263 करोड़ रुपये और रसोइयों के खातों में 84 करोड़ रुपये की राशि दी गई। इसी तरह छात्रवृत्ति की योजनाओं में 51 लाख विद्यार्थियों को 475.30 करोड़ रुपये दिए गए। गेहूं उपार्जन के फलस्वरूप करीब 16 लाख किसानों को 24 हजार करोड़ रुपये की राशि प्रदान की गई है। इसके साथ ही चना सरसों और मसूर की खरीदी पर लगभग 3 लाख किसानों को 2762 करोड़ रुपये की राशि दी गई। तेंदूपत्ता संग्राहकों को 477 करोड़ रुपये, संबल योजना में 24 हजार से अधिक हितग्राहियों को 137.41 करोड़ रुपये, करीब नौ लाख निर्माण श्रमिकों 177 करोड़ रुपये की राशि दी गई। प्रधानमंत्री मातृ-वंदना योजना में 36 करोड़ की राशि दी गई। लाडली लक्ष्मी योजना में 12.27 करोड़ रुपये, मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान निधि में 8.24 करोड़ रुपये, प्रधानमंत्री आवास योजना में शहरी क्षेत्र के लिए 82.41 करोड़ रुपये और ग्रामीण क्षेत्र के लिए 451 करोड़ रुपये की राशि दी गई। अध्यात्म विभाग द्वारा शासकीय देव स्थानों के पुजारियों के लिए 6 करोड़, बिजली उपभोक्ताओं को 623 करोड़ रुपये की राशि प्राप्त हो रही है। इसके अलावा जीवन अमृत योजना में दवा और काढ़ा वितरण पर 35 करोड़ रुपये की राशि प्रदान की गई। अन्य योजनाओं में पंच-परमेश्वर योजना में 70 करोड़ रुपये, निराश्रितों, प्रवासी मजदूरों को खाद्यान्न प्रदाय पर 120.96 करोड़ रुपये, कोराना संकट के फलस्वरूप अन्य प्रदेशों से आए मजदूरों के राहत शिविरों के प्रबंध के लिए जिलों को 21 करोड़ रुपये के आवंटन के साथ ही प्रवासी श्रमिकों की परिवहन व्यवस्था के लिए 47 करोड़ रुपये दिए गए। इसके साथ ही उपभोक्ताओं को खाद्यान्न आपूर्ति और अग्रिम राशन प्रदाय की व्यवस्था की गई। कुल 7.71 लाख मीट्रिक टन गेहूं और चावल वितरित किया गया। राज्य सरकार ने पंच-परमेश्वर योजना में 1 हजार 555 करोड़ रुपये की राशि और 15वें वित्त आयोग में नगरीय निकायों को 330 करोड़ रुपये आवंटित किये गए। इसके साथ ही अध्यात्म विभाग द्वारा मंदिरों के जीर्णोद्धार के लिए दी गई राशि 2.46 करोड़ शामिल है।

बिजली उपभोक्ताओं के लिए राहत का महत्वपूर्ण फैसला

प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं को कोविड-19 के संकट के समय बड़ी राहत देते हुए महत्वपूर्ण फैसला लिया गया। इनके अन्तर्गत विभिन्न श्रेणी के विद्युत उपभोक्ताओं को लाभांवित करने का कार्य प्रारंभ हुआ है।

मोबाइल एप के माध्यम से आंगनवाड़ी केंद्रों की गतिविधियों की निगरानी

भोपाल, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनवाड़ी केंद्रों द्वारा दी जा रही सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और उनकी सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी आधारित वास्तविक समयबद्ध निगरानी के लिये कॉमन एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर (सीएएस) का उपयोग किया जा रहा है। इस मोबाइल एप के माध्यम से आंगनवाड़ी केंद्रों में आयोजित होने वाली समस्त गतिविधियों की जानकारी दर्ज की जाती है।

प्रदेश में अब तक कुल 16 जिलों में 27 हजार 817 स्मार्ट फोन, सिम, एस.डी. कार्ड, इंटरनेट डाटा प्लान उपलब्ध करवाया जा चुका है। शेष 36 जिलों की 69 हजार 318 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं पर्यवेक्षकों को इस सॉफ्टवेयर के उपयोग का चरणबद्ध रूप से जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

कॉमन एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के उपयोग के लिये है। इसके संचालन के लिये प्रत्येक कार्यकर्ता को एक स्मार्ट फोन एवं सिम कार्ड प्रदान किया गया है। इस एप्लीकेशन से आंगनवाड़ी केंद्र में पंजीकृत सभी बच्चों एवं गर्भवती और धात्री माताओं के नाम दर्ज होते हैं। इस एप्लीकेशन के माध्यम से आंगनवाड़ी केंद्र की जानकारी वास्तविक समय में उच्च स्तर तक देखी जा सकती है। इस एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर के आने से आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को दस अलग-अलग रजिस्टर से मुक्ति मिली है। एप के माध्यम से आंगनवाड़ी कार्यकर्ता द्वारा केंद्र खोला है या नहीं, कौन-सा बच्चा कुपोषित है और उसे क्या सेवा दी जा रही है, इसकी जानकारी पर्यवेक्षक से लेकर राज्य स्तर तक देखी जा सकती है।

कृषि प्रशिक्षण संस्थान सर्वसुविधायुक्त बनेगा

भोपाल, किसान कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री श्री कमल पटेल ने कहा है कि बरखेड़ी कला भदभदा रोड स्थित राज्य कृषि विस्तार एवं प्रशिक्षण संस्थान को सर्वसुविधा युक्त बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जहां-जहां भी कमियां हैं, उन्हें दूर किया जाएगा। श्री पटेल ने प्रशिक्षण संस्थान का अवलोकन किया और इसे अधिक उपयोगी बनाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि राज्य कृषि विस्तार एवं प्रशिक्षण संस्थान स्वशासी स्तर पर कृषि प्रबंधन के क्षेत्र में राज्य स्तरीय नोडल प्रशिक्षण संस्थान के रूप में कार्य कर रहा है। विस्तार प्रबंधन के क्षेत्र में सार्वजनिक एवं निजी दोनों क्षेत्र के कृषि विस्तार कार्यकर्ताओं के लिए क्षमता विकास में सहायता के साथ ही संस्थान कृषि एवं समवर्गीय विभागों के जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता है।

किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुसार मिलेगा पर्याप्त कृषि आदान

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में कृषि आदान-2020 संबंधी बैठक को संबोधित करते हुये।

भोपाल, खरीफ 2020 के लिए किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप पर्याप्त कृषि आदान उपलब्ध कराया जा रहा है।

प्रदेश में खाद एवं बीज का पर्याप्त भंडारण है। किसान किसी बात की चिंता न करें। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मंत्रालय में कृषि आदान 2020 संबंधी बैठक के दौरान कहीं।

8.25 लाख मीट्रिक टन खाद वितरित

श्री चौहान ने कहा कि खरीफ के लिए किसानों को अभी तक 8.25 लाख मीट्रिक टन खाद वितरित की जा चुकी है। इसमें 3.69 मीट्रिक टन यूरिया, 3.19 मीट्रिक टन डी.ए.पी., 0.44 मीट्रिक टन कॉम्पलैक्स, 0.24 मीट्रिक टन एम.ओ.पी. एवं सुपर फास्फेट 0.69 मीट्रिक टन किसानों को वितरित कर दी गयी है।

पर्याप्त खाद उपलब्ध

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में खरीफ 2020 के लिए आज की स्थिति में 5.75 लाख मीट्रिक टन यूरिया उपलब्ध है तथा 7 हजार 300 मीट्रिक टन ट्रांजिट में है। इसी प्रकार 5.90 लाख मीट्रिक टन डी.ए.पी उपलब्ध है तथा 16 हजार 618 मीट्रिक टन ट्रांजिट में है। इसके अलावा 1.5 लाख मीट्रिक टन यूरिया के अतिरिक्त आवंटन की केंद्र से मांग की गई है, जो हमें मिल जायेगी।

खरीफ 2020 का खाद का लक्ष्य

प्रमुख सचिव श्री अजीत केसरी ने बताया कि खरीफ 2020 के लिए प्रदेश में खाद का कुल लक्ष्य 25 लाख मीट्रिक टन रखा गया है। इसमें यूरिया का लक्ष्य 11 लाख मीट्रिक टन, डी.ए.पी. का 7 लाख मीट्रिक टन, कॉम्पलैक्स का 2 लाख मीट्रिक टन, एम.ओ.पी. का एक लाख मीट्रिक टन तथा सुपर फॉस्फेट का 4 लाख मीट्रिक टन का लक्ष्य रखा गया है।

परेशानी होने पर किसान 181 पर सूचित करें

श्री चौहान ने कहा कि किसानों को किसी भी प्रकार की कृषि आदान संबंधी परेशानी होने पर वे कंट्रोल रूम 181 पर सूचित करें। उनकी समस्या का तुरंत निदान किया जाएगा।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

गरीबों को सस्ती बिजली देने के लिए प्रतिबद्ध है सरकार

भोपाल, गरीबों एवं निम्न आय वर्ग के उपभोक्ताओं को सस्ती बिजली दिलवाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। कोरोना काल में सरकार बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत दे रही है। प्रदेश के लगभग 95 लाख बिजली उपभोक्ताओं को 623 करोड़ रुपये का लाभ दिया जा रहा है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल से वेब लिंकिंग के माध्यम से मध्यप्रदेश के 10 लाख से अधिक घरेलू, कृषि, उद्योग बिजली उपभोक्ताओं को संबोधित किया साथ ही वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से कुछ उपभोक्ताओं से बातचीत के दौरान कहीं।

100 रुपये का बिल आने पर 50 रुपये भुगतान

मुख्यमंत्री ने कहा कि मार्च 2020 के ऐसे उपभोक्ता जो संबल योजना में शामिल हैं, जिनके बिल अप्रैल माह में 100 रुपये तक आये हैं, उन उपभोक्ताओं को आगामी 3 माहों में 100 रुपये तक बिल आने पर 50 रुपये ही बिल का भुगतान करना होगा। इस व्यवस्था के अंतर्गत लगभग 30 लाख 68 हजार उपभोक्ता लाभान्वित होंगे तथा लगभग 46 करोड़ रुपये की राशि का लाभ उपभोक्ताओं को मिल सकेगा।

400 रुपये तक के बिल पर 100 रुपये का भुगतान

श्री चौहान ने कहा कि ऐसे उपभोक्ता जिन्हें माह अप्रैल में 100 रुपये का बिल आया था किन्तु माह मई, जून एवं जुलाई में 100 से 400 रुपये के मध्य बिल आया है तो उन्हें मात्र 100 रुपये ही बिल का भुगतान करना होगा। इस तरह लगभग 56 लाख उपभोक्ताओं को लगभग 255 करोड़ रुपये की राहत उपलब्ध करायी जायेगी।

400 रुपये से अधिक बिल पर आधा भुगतान

ऐसे उपभोक्ता जिनका बिल अप्रैल माह में 100 से 400 रुपये के मध्य आया था तथा माह मई, जून एवं जुलाई में 400 रुपये से अधिक आता है तो, उन उपभोक्ता को बिल की आधी राशि का भुगतान करना होगा। शेष राशि के भुगतान के संबंध में बिलों की जांच करने के उपरांत आगामी निर्णय लिया जायेगा। इसमें भी लगभग 183 करोड़ रुपये का लाभ उपभोक्ताओं को मिलेगा।

बिजली कर्मियों की सराहना की

मुख्यमंत्री ने कहा कि लॉकडाउन के समय में जब आप सभी लोग अपने घरों में थे, तब हमारे बिजली विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों ने लगातार बिना रुके आपके घरों में बिजली सप्लाई चालू रखी। आंधी और बारिश के समय भी सभी विद्युतकर्मी आपकी सेवा में तत्पर हैं। वाकई ये हमारे कोरोना योद्धा है। इनका कार्य प्रशंसनीय है।

संसाधनों के बेहतर उपयोग से अच्छे परिणाम प्राप्त करें - मुख्यमंत्री

आमजन को संकट की घड़ी से बाहर निकालकर पहुंचाएं राहत

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के कलेक्टर और कमिश्नरों को संबोधित करते हुये।

भोपाल, मध्यप्रदेश में संसाधनों का बेहतर उपयोग करते हुए विभिन्न क्षेत्रों में अच्छे परिणाम प्राप्त किए जाएं। संकट की घड़ी में बेहतर कार्य से आमजन को कठिनाईयों से बाहर निकाल कर राहत पहुंचाई जाए। इसके लिए प्रशासनिक अमला सक्रिय हो जाए। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मंत्रालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा कलेक्टर्स-कमिश्नर्स को संबोधित करते हुए कहीं।

श्री चौहान ने वीडियो कॉन्फ्रेंस में प्रदेश में गेहूं उपार्जन, श्रम सिद्धि अभियान, मानसून के आगमन पर मौसमी बीमारियों और बाढ़ से बचाव की तैयारी, रोज़गार सेतु की प्रगति, पथ विक्रेता उत्थान योजना, मध्यप्रदेश इनोवेशन चैलेंज पोर्टल पर सुझाव देने, वनाधिकार पट्टों के संबंध में पुनः परीक्षण कर कार्यवाही करने और लोक सेवाओं के बेहतर प्रदाय के संबंध में निर्देश दिये। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में अच्छी कानून व्यवस्था सर्वोच्च प्राथमिकता है। अनलॉक की स्थिति में अपराध न हों, इसके लिए पुलिस बल सजग रहे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के किसानों को समुचित खाद और बीज की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि खरीफ फसलों के लिए किसानों को आवश्यक आदान की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही नकली बीज के उपयोग पर नजर रखते हुए दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही भी की जाए।

श्री चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश के किसानों ने एक करोड़ 29 लाख मीट्रिक टन गेहूं का उपार्जन कर ऑलटाइम रिकार्ड बना लिया है। इसके लिए किसान बंधु, खाद्य और नागरिक आपूर्ति विभाग के सभी अधिकारी और कर्मचारी एवं संबंधित एजेंसियां बधाई की पात्र हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि उपार्जित गेहूं के परिवहन के बाद शत-प्रतिशत भंडारण भी हो रहा है। कहीं भी बारिश से गेहूं भीगने की शिकायतें नहीं आनी चाहिए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बताया कि प्रवासी श्रमिकों को उनके कौशल के अनुरूप रोज़गार से जोड़ने का कार्य निरंतर चलना चाहिए। प्रदेश में करीब 5 हजार प्रवासी श्रमिक रोज़गार सेतु के माध्यम से विभिन्न संस्थानों में कार्य कर रहे हैं।

प्रदेश में 7 लाख से अधिक प्रवासी श्रमिक लौटे हैं, इन्हें रोज़गार सेतु पोर्टल पर पंजीकृत करने का कार्य चल रहा है। करीब 18 हजार 500 नियोक्ता पंजीकृत हो गए हैं। श्रमिकों को उनकी दक्षता के आधार पर कार्य उपलब्ध करवाने का अवसर दिया जाए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने श्रम सिद्धि अभियान में श्रमिकों को जॉब कार्ड उपलब्ध करवाने, मनरेगा कार्यों में मशीनों का इस्तेमाल न करने और समय पर मजदूरी के भुगतान के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कॉन्फ्रेंस में निर्देश दिए कि वर्षाकाल के आगमन पर जिला आपदा प्रबंधन समिति की बैठकें आयोजित कर सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। शहरों में जल का भराव न हो और ग्रामीण क्षेत्रों में नदियों में जल स्तर बढ़ने की स्थिति में बचाव दल की उपयोगिता को देखते हुए उन्हें प्रशिक्षित करने का कार्य भी पूरा कर लिया जाए। उन्होंने ने मानसून के आगमन पर प्रदेश के क्वारेंटाइन केंद्रों में रह रहे नागरिकों की सुरक्षा के संबंध में भी कलेक्टर्स को निर्देश दिये कि ऐसे नागरिकों को स्वच्छता और संक्रमण मुक्त वातावरण उपलब्ध करवाया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के आह्वान के लिए आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के लिए पूरे प्रयास किए जाएं। शहरों और गांवों में स्ट्रीट वेंडर्स को ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध करवाने के लिए पंजीयन की कार्यवाही पूरी की जाए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने मध्यप्रदेश इनोवेशन चैलेंज पोर्टल पर सुझाव देने का भी आह्वान किया। इस पोर्टल पर 30 जून तक विभिन्न क्षेत्रों में अभिनव और मौलिक सुझाव आमंत्रित किए गए हैं।

प्रवासी मजदूरों को स्व-सहायता समूह के माध्यम से मिलेगा रोज़गार

भोपाल, मध्यप्रदेश के आदिवासी बहुल क्षेत्रों में प्रवासी आदिवासी मजदूरों और महिलाओं को स्व-सहायता समूह की गतिविधियों से जोड़कर रोज़गार के अवसर उपलब्ध कराये जाने के प्रयास किये जायेंगे। इसके लिये केन्द्रीय जनजातीय मंत्रालय ने प्रदेश की 65 करोड़ रुपये की योजना को मंजूरी दी है। यह जानकारी प्रमुख सचिव, आदिम-जाति कल्याण श्रीमती पल्लवी जैन गोविल की अध्यक्षता में मंत्रालय में हुई बैठक में दी गई। प्रमुख सचिव ने विभिन्न जिलों के अधिकारियों से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से चर्चा की।

प्रमुख सचिव, आदिम-जाति कल्याण ने बताया कि प्रदेश में रोज़गार सेतु एप के माध्यम से प्रवासी मजदूरों के कौशल के अनुसार सर्वे किया गया है। इसके माध्यम से उन्हें रोज़गार के अवसर उपलब्ध कराये जायेंगे।

उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयास किये जायें, जिससे प्रवासी मजदूरों और उनके परिवार को जल्द से जल्द आर्थिक लाभ मिलना शुरू हो जाये। प्रमुख सचिव ने बताया कि आदिवासी क्षेत्रों में बड़ी संख्या में शैक्षणिक संस्थान हैं। इनमें होने वाली गतिविधियों से भी स्व-सहायता समूहों को जोड़ा जा सकता है।

बैठक में पशु एवं मत्स्य-पालन, पोल्ट्री फार्म, डेयरी से जुड़ी अन्य गतिविधियों, खाद्य प्र-संस्करण, रेशम और मधुमक्खी-पालन के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में रोज़गार के अवसर सृजित किये जाने पर चर्चा की गई।

इंदौर में कोरोना पर नियंत्रण दिल्ली और मुम्बई से बेहतर किया गया - स्वास्थ्य मंत्री

इंदौर, गृह, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने इंदौर में स्वास्थ्य एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए कोरोना टेस्ट सैम्पल रिपोर्ट को 24 घंटे में उपलब्ध कराने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिए। डॉ. मिश्रा ने कहा कि बेहतर प्रबंधन से इंदौर में कोरोना संक्रमण को दिल्ली, मुम्बई की अपेक्षा सफलतापूर्वक नियंत्रित किया गया है।

गृह और लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा इंदौर में स्वास्थ्य एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुये।

डॉ. मिश्रा ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि सैम्पल टेस्ट रिपोर्ट का शीघ्रता से प्राप्त होना आवश्यक है। देरी से रिपोर्ट प्राप्त होने पर पॉजिटिव व्यक्ति से संक्रमण फैलने का खतरा बढ़ जाता है, साथ ही उपचार की प्रक्रिया भी मुश्किल हो जाती है। उन्होंने कहा कि टेस्ट रिपोर्ट जल्द प्राप्त होने पर मरीज की बीमारी गंभीर नहीं हो पाएगी और मरीज जल्द स्वस्थ्य होकर घर जा पाएंगे। इसलिये सैम्पल रिपोर्ट का शीघ्रता से प्राप्त होना जरूरी है।

डॉ. मिश्रा ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि हर हाल में सैम्पल रिपोर्ट 24 घंटे में उपलब्ध कराई जाना सुनिश्चित किया जाए। आयुक्त स्वास्थ्य ने बैठक में आश्वस्त किया कि सोमवार से प्रतिदिन 24 घंटे में सैम्पल टेस्ट रिपोर्ट उपलब्ध किया जाना सुनिश्चित कर लिया जाएगा। बैठक में कलेक्टर श्री मनीष सिंह ने बताया कि इंदौर का पॉजिटिव रेट घटकर 6.6 प्रतिशत पर आ गया है। शहर में मात्र एक वार्ड ऐसा है जहां 15 से ज्यादा पॉजिटिव केस आये हैं।

डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने बताया कि कोरोना संक्रमण के प्रारंभिक काल में दिल्ली-मुम्बई एवं इंदौर के हालात एक जैसे ही थे। तीनों शहरों में कोरोना संक्रमण तेजी से फैल रहा था। परंतु मध्यप्रदेश सरकार तथा इंदौर जिला प्रशासन ने कड़ी मेहनत से स्थिति संभाली और अब इंदौर में स्थिति नियंत्रित है। इंदौर में अभी 80 प्रतिशत बेड खाली हैं। इस दौरान न केवल इंदौर बल्कि संपूर्ण राज्य में कोरोना उपचार संबंधी प्रबंधन क्षमता में वृद्धि के लिये तमात आवश्यक इंतजाम किये गये।

प्रदेश में वर्तमान में 2 हजार 574 सक्रिय प्रकरणों के विरुद्ध 20 हजार बेड़िंग कैपेसिटी है। इसके अतिरिक्त आईसीयू वार्ड, वेंटिलेटर, पीपीई किट, दवा आदि सभी समुचित मात्रा में उपलब्ध है। कोविड-19 संक्रमित सभी व्यक्तियों का इलाज निःशुल्क कराया जा रहा है। इन सभी प्रयासों का परिणाम है कि आज इंदौर का रिकवरी रेट 74 प्रतिशत तक पहुंच गया है। डॉ. मिश्रा ने कोरोना नियंत्रण में शासन-प्रशासन को बेहतर प्रबंधन और इंदौरवासियों को सहभागिता करने पर बधाई दी है।

मध्यप्रदेश को मिला ई-पंचायत का प्रथम पुरस्कार

भोपाल, पंचायतों में सूचना और संचार प्रौद्योगिकी का बेहतर उपयोग कर काम-काज में दक्षता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिये मध्यप्रदेश को ई-पंचायत पुरस्कार-2020 मिला है।

गौरतलब है कि प्रदेश की पंचायतों द्वारा योजनाओं के ऑनलाइन क्रियान्वन तथा ऑनलाइन आय-व्यय के लिये भारत सरकार पंचायती राज मंत्रालय के विभिन्न ऑनलाइन एप्लीकेशन पी.एफ.एम.एस., ई-ग्राम स्वराज, लोकल गवर्मेंट डायरेक्ट्री आदि के साथ-साथ विभागीय "पंचायत दर्पण" पोर्टल का उपयोग बेहतर तरीके से किया गया।

भारत सरकार द्वारा प्रतिवर्ष सूचना प्रौद्योगिकी के उपयोग द्वारा पंचायतों में पारदर्शी रूप से प्रभावी उत्तरदायित्व निर्वहन के लिये तीन श्रेणियों में ई-पंचायत पुरस्कार प्रदान किये जाते हैं, जिसमें समस्त राज्य अपना नामांकन करते हैं।

राज्य स्तरीय परामर्शदात्री समिति गठित

भोपाल, राज्य शासन द्वारा किसान उत्पादक संगठनों (एफ.पी.ओ.) का गठन और संवर्धन योजना के राज्य स्तर पर संचालन एवं समीक्षा के लिए राज्य स्तरीय परामर्शदात्री समिति का गठन किया गया है। अपर मुख्य सचिव सह कृषि उत्पादन आयुक्त इस समिति के अध्यक्ष होंगे।

प्रमुख सचिव किसान कल्याण तथा कृषि, प्रमुख सचिव उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण, प्रमुख सचिव पशुपालन, प्रमुख सचिव मछुआ कल्याण तथा मत्स्य, प्रमुख सचिव सहकारिता, सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास इस परामर्शदात्री समिति के सदस्य होंगे। इसके अतिरिक्त राज्य समन्वयक राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति जोनल ऑफिस सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया भोपाल, क्षेत्रीय निदेशक क्षेत्रीय संचालनालय राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम, मुख्य कार्यपालन अधिकारी के प्रतिनिधि लघु कृषक कृषि व्यवसाय कंसोर्टियम भोपाल, निदेशक केन्द्रीय कृषि अभियांत्रिकी संस्थान भोपाल, संचालक अनुसंधान सेवाएं जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर और राजमाता विजयराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय ग्वालियर को भी समिति का सदस्य नियुक्त किया गया है। मुख्य महाप्रबंधक राष्ट्रीय कृषि ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) को समिति का सदस्य सचिव बनाया गया है।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

चर्चा में

डॉक्टर सेतुरमन पंचनाथन

भारतवंशी अमेरिकी वैज्ञानिक एनएसएफ के निदेशक नियुक्त

अमेरिकी सीनेट ने भारतीय मूल के मशहूर वैज्ञानिक

डॉक्टर सेतुरमन पंचनाथन की विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के गैर चिकित्सा क्षेत्र में मौलिक अनुसंधान को सहयोग पहुंचाने वाले शीर्ष अमेरिकी संगठन राष्ट्रीय विज्ञान न्यास (एनएसएफ) के निदेशक के रूप में नियुक्ति पर मुहर लगाई है। एरिजोना स्टेट यूनिवर्सिटी के 58 वर्षीय वैज्ञानिक पंचनाथन, पंच नाम से मशहूर हैं।

जोएन एस. बास

अमेरिकी एयरफोर्स की चीफ मास्टर सार्जेंट बनीं

जोएन एस. बास को अमेरिकी वायुसेना का 19वां चीफ

मास्टर सार्जेंट चुना गया है। इसी के साथ वह किसी अमेरिकी सैन्य सेवा में शीर्ष 'एन्लिस्टिड लीडर' चुनी जाने वाली पहली महिला बन गई हैं। अमेरिकी वायुसेना ने चीफ मास्टर सार्जेंट के रूप में किसी महिला का चयन कर इस महीने में दूसरी बार इतिहास रचा है।

नेपाल

सात साल बाद देगा बहुओं को नागरिकता

नेपाल की ओली सरकार ने नागरिकता कानून में बड़ा

फेरबदल किया है। अब नेपाल के युवक के साथ विवाह करने वाली भारतीय महिला को विवाह के 7 साल बाद नेपाल की नागरिकता मिल सकेगी। नेपाल के गृहमंत्री राम बहादुर थापा ने घोषणा की है कि जब कोई भारतीय लड़की नेपाली युवक से शादी करेगी, तो उसे 7 साल लगातार साथ रहने के बाद नेपाल की नागरिकता मिलेगी।

प्रेसेनो ग्लेशियर को

पिघलने से बचाने तिरपाल बिछाया

उत्तरी इटली के प्रेसेनो ग्लेशियर को सूरज की तीखी

किरणों से बचाने के लिए जियो टेक्सटाइल शीट से ढंका जा रहा है। स्की का सीजन खत्म होने के बाद हर गर्मियों से पहले ग्लेशियर के विशाल हिस्से को तिरपाल से ढंका जाता है। 2008 में प्रेसेनो ग्लेशियर का 30 हजार वर्ग मीटर हिस्सा तिरपाल से ढंका गया था। इस बार ग्लेशियर का 1 लाख वर्ग मीटर का हिस्सा ढंका जा रहा है।

रूस में

विक्ट्री परेड आयोजित की गई

रूस में विक्ट्री परेड द्वितीय विश्व युद्ध में सोवियत संघ की जीत की 75वीं वर्षगांठ पर आयोजित की गई। पहले यह परेड 9 मई को होनी थी, पर कोरोना के कारण इसे टाल दिया गया था। इसके बाद 24 जून को

इसका आयोजन किया गया। परेड में शामिल होने वाले योद्धाओं को क्वारेंटाइन में रखा गया था। इस परेड में भारत सहित कई देशों को आमंत्रित किया गया।

मंगल ग्रह पर

ऑक्सीजन की मौजूदगी का पता चला

मंगल ग्रह पर वैज्ञानिकों को ऑक्सीजन के सबूत मिले

हैं। यूरोपियन स्पेस एजेंसी के ऑर्बिटर ने मंगल के वायुमंडल में ऑक्सीजन की खोज कर ली है। 4 साल से मंगल का चक्कर काट रहे एक्सोमार्स ट्रेस ऑर्बिटर को पहली बार हरे रंग में चमकती ऑक्सीजन दिखाई दी। यह सूरज की किरणों के हवा में मौजूद एलिमेंट्स से मिलने पर पैदा होती है। सौरमंडल के किसी अन्य ग्रह पर ऐसी चमक नहीं देखी गई है।

क्षमा सावंत

अमेरिका में प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व किया

पिछले दिनों अमेरिका में अश्वेत जॉर्ज फ्लायड की मौत

के बाद हुए हिंसक प्रदर्शन को नियंत्रित करने में भारतवंशी सिएटल सिटी काउंसिल वुमन क्षमा सावंत का नाम सराहा जा रहा है। विरोध प्रदर्शन क्षेत्र सिएटल में पुलिस को रोकने, दखलंदाजी खत्म करने और मोर्चाबंदियों की मदद कर, उत्साहित बनाए रखने तथा क्षेत्र में आंदोलन का नेतृत्व कर क्षमा सावंत ने लोगों के दिलों में जगह बनायी है।

मलाला यूसुफजई

ऑक्सफोर्ड से पूरी की स्नातक की पढ़ाई

आतंकी हिंसा का शिकार हुई मलाला यूसुफजई ने

अपनी स्नातक की पढ़ाई पूरी कर ली है। मलाला ने पढ़ाई पूरी करने के बाद इसका जश्न भी मनाया। शिक्षा कार्यकर्ता और नोबल शांति पुरस्कार विजेता मलाला ने ब्रिटेन के प्रतिष्ठित ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में दर्शनशास्त्र, राजनीति शास्त्र और अर्थशास्त्र में डिग्री ली है। गौरतलब है कि मलाला पर कट्टरपंथियों ने न केवल हमला किया था, बल्कि शिक्षा प्राप्त करने में भी बाधा पैदा की। इस घटना के बाद वह दुनिया भर में तालिबानी क्रूरता के शिकार लोगों का प्रतीक बन गयी।

मैथिली ठाकुर

नहीं गाएंगीं बॉलीवुड फिल्मों के गाने

बॉलीवुड अभिनेता सुशांत सिंह के निधन से आहत

लोक गायिका मैथिली ठाकुर ने कहा है कि वे बॉलीवुड गाने नहीं गाएंगीं। उन्होंने फेसबुक लाइव पर इस बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि उन्हें जो लगेगा वहीं करेंगी और किसी भी चीज के लिये समझौता नहीं करेंगी।

किम येओन चुल

दक्षिण कोरिया के एकीकरण मंत्रालय के मंत्री ने दिया इस्तीफा

दक्षिण कोरिया के एकीकरण मंत्रालय के मंत्री किम

येओन चुल ने अपने पद से त्याग-पत्र दे दिया है। दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति मून-जे-इन ने उनके इस्तीफे को स्वीकार कर लिया है। पिछले साल अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन की शिखर-वार्ता के बाद दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ने किम-येओन-चुल को एकीकरण मंत्रालय का मंत्री नियुक्त किया था।

खिलाड़ियों के कोरोना संक्रमित होने से

क्रोएशिया में चल रही टेनिस प्रतियोगिता रद्द

टेनिस खिलाड़ी ग्रिगोर दिमित्रोव को कोविड-19 से

संक्रमित पाया गया है उनके साथ ही बोर्ना कोरिच भी कोरोना संक्रमित पाये गये। जिसके कारण क्रोएशिया में चल रही प्रदर्शनी प्रतियोगिता रद्द कर दी गई है। इस प्रतियोगिता के फाइनल में दुनिया के नंबर-1 खिलाड़ी नोवाक जोकोविच को भी खेलना था। विश्व रैंकिंग में 19वें नंबर के खिलाड़ी और तीन बार ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल में पहुंचने वाले दिमित्रोव ने सोशल मीडिया के जरिए संक्रमित होने की घोषणा की।

महिला टी-20 विश्वकप

रिकॉर्ड लोगों ने देखा

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने खुलासा

किया है कि ऑस्ट्रेलिया में इस साल खेले गए टी-20 महिला विश्वकप को रिकॉर्ड लोगों ने देखा। आईसीसी के डिजिटल चैनलों के जरिए रिकॉर्ड एक अरब एक करोड़ वार इससे जुड़े वीडियो देखे गए। आईसीसी ने एक बयान में कहा कि यह आंकड़ा वेस्टइंडीज में 2018 में खेली गई प्रतियोगिता की तुलना में 20 गुना अधिक है।

शॉर्ट फिल्म 'द स्लीपवॉकर्स'

पाम स्प्रिंग इंटरनेशनल फेस्ट में पुरस्कृत

अभिनेत्री राधिका आप्टे की बतौर निर्देशक पहली शॉर्ट

फिल्म 'द स्लीपवॉकर्स' को इस साल ऑनलाइन आयोजित होने वाले पाम स्प्रिंग इंटरनेशनल फेस्ट में 'द वेस्ट मिडनाइट शॉर्ट अवॉर्ड' से नवाजा गया है। आप्टे ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया कि शहाना गोस्वामी और गुलशन देवैया भी अभिनय के लिए बधाई के पात्र हैं। यह फिल्म स्लीपवॉकिंग विषय पर केंद्रित है।

मैट फ्रेडरिक्सन

डेनमार्क की प्रधानमंत्री ने तीसरी बार स्थगित की शादी

डेनमार्क की 42 वर्षीय प्रधानमंत्री मैट फ्रेडरिक्सन

चर्चा में हैं। वजह उन्होंने एक नहीं, दो नहीं बल्कि तीसरी बार शादी टाल दी। पिछले दो बार कारण अलग थे। लेकिन तीसरा कारण है कोविड-19 की बैठक में शामिल होना। दरअसल, मैट और उनके मंगेतर वो टेनबर्ग 18 जुलाई को शादी करने वाले थे। लेकिन, इसी दौरान यूरोपीय यूनियन (ईयू) के राष्ट्र प्रमुखों की मीटिंग है। शादी टालने का ऐलान करते हुये मैट ने फेसबुक पर लिखा - 'मेरे लिये डेनमार्क के हितों की हिफाजत ज्यादा जरूरी है। मैं खुद इस शानदार शख्स से शादी करना चाहती हूं। लेकिन फिलहाल यह आसान नहीं लगता। ब्रसेल्स में मीटिंग है। लेकिन हम जल्द शादी करेंगे।'

यूक्रेन में

दस साल में सबसे ज्यादा बारिश

पूर्वी यूरोप में हफ्ते भर से हो रही बारिश ने कई रिकॉर्ड

तोड़ दिये हैं। सबसे ज्यादा असर यूक्रेन में पड़ा है। वहां 48 घंटे में 9 इंच बारिश हुई है, जो 10 साल में सबसे ज्यादा है। बांध टूटने से 5 राज्यों के कई गांवों में पानी भर गया है। घरों को भी नुकसान पहुंचा है। कोरोना के लिये बने विशेष अस्पतालों में भी पानी भर गया है। मरीजों को सुरक्षित जगह पहुंचाया गया है।

म्यांमार में

नशा विरोधी दिवस मनाकर नशीले पदार्थ फूंके

म्यांमार में अंतर्राष्ट्रीय नशा विरोधी दिवस मनाया

गया। इस मौके पर अवैध रूप से जब्त ड्रग्स को जलाकर विरोध जताया गया। राजधानी रंगून में करीब 6300 करोड़ रुपये के नशीले पदार्थ जला दिये गये। इनकी आग इतनी बड़ी थी कि अग्निशामकों से उसे बुझाना पड़ा। म्यांमार लम्बे वक्त से दक्षिण-पूर्वी एशिया में नशीले पदार्थों की तस्करी का बड़ा केंद्र बना हुआ है।

स्मृति शेष

टेलीविजन एंकर तारिक अजीज का निधन

पाकिस्तान के पहले पुरुष टेलीविजन एंकर तारिक

अजीज का 84 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उनका जन्म 1936 में अविभाजित भारत के जालंधर में हुआ था। नवंबर 1964 में जब पाकिस्तान का पहला टेलीविजन प्रसारण शुरू हुआ तब अजीज पहले पुरुष समाचार प्रेजेंटर थे।

लॉर्ड ऑफ द रिंग्स फेम अभिनेता इयान का निधन

चेरियट्स ऑफ फायर और द लॉर्ड ऑफ द रिंग्स



जैसी फिल्मों के मशहूर अभिनेता 88 वर्षीय इयान होम का लंदन में निधन हो गया है। वे पार्किन्सन जैसी बीमारी से जूझ रहे थे। इयान ने कई फिल्मों में अभिनय कर प्रसिद्धि पाई थी। अपने किरदार के लिये उन्हें ब्रिटिश एकेडमी फिल्म पुरस्कार से नवाजा गया था।

बॉलीवुड एक्टर रवि चोपड़ा का निधन

सुपर हिट फिल्म मोम की गुड़िया के एक्टर

रवि चोपड़ा उर्फ रतन चोपड़ा का 70 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वे पिछले कई दिनों से कैंसर की बीमारी से जूझ रहे थे। फिल्म मोम की गुड़िया 1972 में रिलीज हुई थी।

प्रसिद्ध गीतकार पद्मजा राधाकृष्णन का दिल का दौरा पड़ने से निधन

केरल की जानी-मानी गीतकार पद्मजा

राधाकृष्णन का 68 वर्ष की उम्र में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। उन्होंने मलयालम फिल्म मि. बेन के लिए गीत लिखे थे। यह फिल्म 2013 में रिलीज हुई थी। उनके कई गीत की धुन उनके दिवंगत पति एम.जी. राधाकृष्णन ने बनायी थी।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

अपने समय का निवेश अपनी सेहत, सफलता और संतुष्टि के लिये भी करें – जॉन बैरी

OBJECTIVE QUESTIONS FOR COMPETITIVE EXAMINATION

Subject : GENERAL ENGLISH

Fill in the blanks with suitable articles. (Question No. 1 to 5)

1. Rajesh served ..... food to all the workers.
(a) an (b) the
(c) a (d) no article

2. There is ..... snake in the garden.
(a) an (b) a
(c) the (d) no article

3. Mohan always carried ..... umbrella in rainy season.
(a) the (b) an
(c) a (d) no article

4. Sunidhi is ..... indolent girl.
(a) the (b) an
(c) no article (d) a

5. Ram is one of ..... cleverest students in the class.
(a) an (b) a
(c) the (d) no article

Fill in the blank spaces with suitable prepositions. (Question No. 6 to 12)

6. The meeting is scheduled ..... 10 a.m.
(a) in (b) with
(c) at (d) on

7. Raju travelled ..... India on his cycle.
(a) across (b) in
(c) by (d) after

राजस्थान में संपूर्ण भारत के भौगोलिक क्षेत्रफल की 10 प्रतिशत भूमि, 5 प्रतिशत जनसंख्या है, लेकिन जल की उपलब्धता केवल एक प्रतिशत है। जैसलमेर और अन्य रेगिस्तानी इलाकों में पानी बड़ी कठिनाई से मिलता है और महिलायें कई किलोमीटर चलकर पानी लाती हैं। देश में वर्षा जल का उपयोग वैसे ही सीमित है। वन्य क्षेत्र घटने, वाष्पीकरण, मिट्टी में रिसने, भू-अपरदन, अत्यधिक दोहन, प्रदूषण और अन्य कारणों से जल की समस्या और भी दिनोंदिन गंभीर होती जा रही है। हमारी जिंदगी का एक अहम समय, पानी की जद्दोजहद में ही बीतता जा रहा है।

22 मार्च को मनाया जाता है 'विश्व जल दिवस'

पानी की इस विकराल समस्या को खत्म करने और इसके प्रभाव को कम करने के लिये संयुक्त राष्ट्र ने पर्यावरण और विकास विषय पर वर्ष 1992 में आयोजित बैठक के दौरान 22 मार्च को प्रतिवर्ष 'विश्व जल दिवस' के रूप में मनाने का निर्णय लिया था। वर्ष 1993 से 22 मार्च के दिन पूरे विश्व में जल दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिवस का मुख्य उद्देश्य स्वच्छ जल के सही उपयोग एवं संरक्षण तथा इसके सही संवर्धन एवं प्रबंधन के लिये लोगों को जागरूक तथा शिक्षित करना है, ताकि हमें यह महत्वपूर्ण संसाधन लंबे समय तक उपयोग हेतु उपलब्ध रहे।

पेयजल गुणवत्ता की कसौटी पर खरा उतरने पर ही मान्य होता है, क्योंकि प्रदूषित जल स्वास्थ्य के लिये घातक तथा नुकसानदायक होता है। पानी में अन्य वस्तुओं को अपने अंदर घोलने का गुण होता है, इसलिये इसमें ऐसे कई कार्बनिक और अकार्बनिक पदार्थ मिल जाते हैं, जो स्वास्थ्य के लिये हानिकारक होते हैं।

शहरीकरण के कारण अधिक सक्षम जल प्रबंधन और बढ़िया पेयजल और स्वच्छता की जरूरत पड़ती है, लेकिन शहरों के लिये यह एक गंभीर समस्या है। शहरों की बढ़ती आबादी और पानी की बढ़ती मांगों से कई दिक्कतें सिर उठाये खड़ी हैं। जिन लोगों के पास पानी की समस्या से निपटने के लिये कारगर उपाय नहीं हैं, उनके लिये यह चुनौती बहुत बड़ी है।

पानी के संबंध में कई महत्वपूर्ण और चौकाने वाले तथ्य हमारे सामने हैं। जैसे ऊर्जा के उत्पादन में विश्व के उद्योगों की कुल खपत का लगभग 75 प्रतिशत जल उपयोग में लाया जाता है। इसी तरह विश्व के कुल ऊर्जा का लगभग 8 प्रतिशत जल पंपिंग, ट्रीटमेंट और परिवहन में उपयोग किया जाता है। पानी जन्य रोगों से विश्व में हर वर्ष 22 लाख लोगों की मौत होती है। हमें उपलब्ध स्वच्छ जल (1 प्रतिशत) का लगभग 60 प्रतिशत भाग खेतों और उद्योगों में खपत हो जाता है। शेष हिस्सा पीने, भोजन बनाने, नहाने-धोने और साफ-सफाई तथा अन्य कार्यों में उपयोग होता है। जल के संबंध में अन्य महत्वपूर्ण तथ्य निम्नानुसार हैं -

- पृथ्वी पर पैदा होने वाली सभी वनसप्तियों में हमें पानी मिलता है।
- आलू में 80 प्रतिशत पानी होता है।
- पीने के लिये मानव को लगभग 3 लीटर और पशुओं को लगभग 50 लीटर पानी प्रतिदिन चाहिये।
- 1 लीटर गाय का दूध प्राप्त करने के लिये 800 लीटर पानी खर्च करना पड़ता है।
- एक किलो गेहूं उगाने के लिये 1 हजार लीटर और एक किलो चावल उगाने के लिये 4 हजार लीटर पानी की आवश्यकता होती है।
- यदि ब्रश करते समय नल खुला रहे तो पांच मिनट में करीब 25-30 लीटर पानी बर्बाद हो जाता है।
- बाथ टब में नहाते समय 300-500 लीटर पानी खर्च होता है, जबकि सामान्य रूप से नहाने में 100-150 लीटर पानी ही खर्च होता है।
- विश्व में प्रति 10 व्यक्तियों में से 2 व्यक्तियों को पीने के लिये पर्याप्त स्वच्छ जल नहीं मिल पाता।

जल संसाधनों को दूषित होने से बचायें

विश्व में और विशेष रूप से भारत में पानी किस तरह नष्ट होता है, इस विषय में जो तथ्य सामने आये हैं, उस पर ध्यान देकर जल के दुरुपयोग को रोका जा सकता है। अनेक तथ्य ऐसे हैं, जो हमें आने वाले खतरे से तो सावधान करते ही हैं, साथ ही दूसरों से प्रेरणा लेने के लिये प्रोत्साहित करते हैं और जल के महत्व व उसके अनजाने स्रोतों की जानकारी देते हैं। जैसे मुंबई में रोज वाहन धोने से ही लाखों लीटर पानी की खपत होती है। इसी तरह दिल्ली और चेन्नई जैसे महानगरों में पाइप लाइनों से पानी के परिवहन के दौरान और पाइप लाइन के वाल्व की खराबी के कारण लगभग 17-44 प्रतिशत पानी बेकार बह जाता है। जल का सही उपयोग करने के कारण इजराइल देश में औसतन 10 सेंटीमीटर वर्षा होने के बावजूद वे अनाज का निर्यात करते हैं।

जल न केवल पीने के काम आता है, वरन् घरेलू कार्यों, सिंचाई एवं औद्योगिक कार्यों में भी उपयोगी है। अतः हमारी राष्ट्रीय प्रगति के लिये इसकी ओर ध्यान देना हमारा नैतिक कर्तव्य हो जाता है। यद्यपि हमारी सरकार, हर नागरिक को स्वच्छ पेयजल सुलभ करवाने हेतु सतत् प्रयत्नशील है, परंतु हम सभी नागरिकों का यह नैतिक दायित्व हो जाता है कि इस राष्ट्रीय समस्या के समाधान में अपना सक्रिय सहयोग करें। अगर हम सही ढंग से पानी का संरक्षण करें, पानी की बर्बादी को रोकें तो इस समस्या का समाधान बेहद आसान हो जायेगा। इसके लिये आवश्यक है कि हम जल के विभिन्न पहलुओं के संबंध में लोगों को शिक्षित और जागरूक बनायें कि वे पानी के संरक्षण और संवर्धन, प्रबंधन को बारीकियों को समझते हुये पानी बचायें। जनभागीदारी से लोग अपनी समस्याओं का समाधान स्वयं कर सकते हैं और जल के संबंध में अपनी जिम्मेदारियों को समझकर अपना भविष्य सुधार सकते हैं। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम सब मिलकर इस गंभीर समस्या का हल ढूंढ़े, ताकि हमारे जीवन का महत्वपूर्ण यह संसाधन हमें लगातार उपयोग के लिये मिलता रहे। हम स्वयं पानी का निर्माण नहीं कर सकते अतः प्राकृतिक जल संसाधनों को दूषित होने से बचायें, इसे संरक्षित करें और इसे व्यर्थ न गंवायें।

- अनिल कुमार शर्मा
(लेखक, मध्यप्रदेश प्रदूषण निवारण मंडल के पूर्व मुख्य अभियंता हैं।)

नर्सिंग चयन परीक्षा की तैयारी के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न

भौतिकी

1. धातु की दो छड़ों पर चढ़ी हुई मोम की पिघलने की लम्बाईयाँ *l* तथा *2l* हैं। इन छड़ों के पदार्थों के ऊष्मा चालकता गुणांकों का अनुपात होगा :
(A) 1 : 2 (B) 2 : 1
(C) 1 : 4 (D) 4 : 1

उत्तर **(C) 1 : 4**

व्याख्या - यहाँ $\frac{K_1}{K_2}=\frac{l_1^2}{l_2^2}=\frac{l^2}{4l^2}$ है।

2. किसी गैस के परम ताप को तीन गुना कर देने पर इसके अणुओं का वर्ग माध्य मूल वेग का मान होगा :
(A) 3 गुना (B) $\frac{1}{3}$ गुना
(C) 9 गुना (D) $\sqrt{3}$ गुना

उत्तर **(D) $\sqrt{3}$ गुना**

व्याख्या - क्योंकि $V_{rms} \propto \sqrt{T}$ है।

3. किसी गैस के लिए C_p का मान 4R है, तो C_v का मान होगा :
(A) 3R (B) 2R
(C) R (D) 5R

उत्तर **(A) 3R**

व्याख्या - यहाँ $C_p - C_v = R$ से $4R - C_v = R$ है।

4. वेग प्रवणता का विमीय सूत्र है :
(A) $[M^0L^0T^{-1}]$
(B) $[M^0LT^{-1}]$
(C) $[MLT^{-1}]$
(D) $[M^0L^0T^{-2}]$

उत्तर **(A) $[M^0L^0T^{-1}]$**

व्याख्या - वेग प्रवणता

$=\frac{\Delta V}{\Delta Z}=LT^{-1}=T^{-1}$ है।

5. एक चकती का द्रव्यमान M तथा त्रिज्या R हैं। चकती के व्यास के समान्तर स्पर्श रेखा के परित जड़त्व आघूर्ण होगा :
(A) $\frac{3MR^2}{2}$ (B) MR^2
(C) $2MR^2$ (D) $\frac{5MR^2}{4}$

उत्तर **(D) $\frac{5MR^2}{4}$**

व्याख्या - यहाँ $I_g = I_\alpha + I_d$ से $I_d = \frac{MR^2}{4}$

है तथा $I_t = \frac{MR^2}{4} + MR^2 = \frac{5MR^2}{4}$

होगा।

6. एक स्प्रिंग को *l* दूरी से तानने में इसकी स्थितिज ऊर्जा 10 जूल है। इसे *2l* दूरी तक तानने में स्थितिज ऊर्जा होगी :
(A) 30 जूल (B) 20 जूल
(C) 40 जूल (D) 15 जूल

उत्तर **(A) 30 जूल**

व्याख्या - यहाँ $\Delta E = \frac{Kl_2^2 - Kl_1^2}{2} =$

$\frac{K}{2}(4l^2 - l^2) = \frac{3Kl^2}{2} = 30$ होगा।

7. एक कण का अधिकतम वेग V_0 तथा अधिकतम त्वरण a_0 है। यदि कण का आयाम r हो, तो इनमें संबंध होगा :
(A) $a_0 = v_0 r$ (B) $v_0^2 = a_0 r$
(C) $a_0 = v_0 r^2$ (D) $v_0 = a_0 r$

उत्तर **(B) $v_0^2 = a_0 r$**

व्याख्या - यहाँ $v_0 = rw$ तथा $a_0 = rw^2$ हैं।

8. द्रव्यमान m को k बल नियतांक वाली स्प्रिंग से लटकाकर दोलन कराने पर आवृत्ति n_1 है। अब इस स्प्रिंग को दो समान भागों में काटकर उसी द्रव्यमान m को स्प्रिंग के एक टुकड़े से लटकाकर दोलन कराने पर आवृत्ति n_2 का मान होगा :
(A) $n_2 = 1.5\, n_1$
(B) $n_2 = \sqrt{2}\, n_1$
(C) $n_2 = \frac{n_1}{2}$
(D) $n_2 = 2n_1$

उत्तर **(B) $n_2 = \sqrt{2}\, n_1$**

व्याख्या - यहाँ $n = \frac{1}{2\pi} \times \sqrt{\frac{k}{m}}$ से

$\frac{n_1}{n_2} = \sqrt{\frac{k_1}{k_2}} = \sqrt{\frac{k}{2k}}$ हैं।

9. एक केशनली का द्रव तभी चढ़ेगा जबकि स्पर्श कोण θ का मान होगा :
(A) $\theta = \pi$ (B) $\theta = 0$
(C) $\theta = 2\pi$ (D) $\theta < \frac{\pi}{2}$

उत्तर **(D) $\theta < \frac{\pi}{2}$**

10. समान मान F के दो बलों के बीच का कोण $\frac{2\pi}{3}$ रेडियन है। इनका परिणामी बल होगा :
(A) 2F (B) $\frac{F}{2}$
(C) F (D) 3F

उत्तर **(C) F**

व्याख्या - यहाँ $R^2 = F_1^2 + F_2^2 + 2F_1F_2$

$\cos\theta = F^2 + F^2 + 2F^2\cos 120° =$

$2F^2 - F^2 = F^2$ है।

11. एक 2 किलोग्राम के पिण्ड को 3 मीटर ऊँचाई से 5 मीटर ऊँचाई तक ले जाने में गुरुत्वीय बल के विरुद्ध किया गया कार्य होगा :
(A) 20 जूल (B) 40 जूल
(C) 30 जूल (D) 60 जूल

उत्तर **(B) 40 जूल**

व्याख्या - यहाँ $\Delta W = mg(h_2 - h_1) =$

$2 \times 10 \times (5-3) = 40$ है।

12. यदि किसी गैस की स्वतंत्रता की कोटि *f* हो, तो स्थिर दाव पर गैस की विशिष्ट ऊष्मा का मान होगा :
(A) $\left(1-\frac{f}{2}\right)R$
(B) $(1+f)R$
(C) $\left(1+\frac{2}{f}\right)R$
(D) $\frac{(1+f)R}{2}$

उत्तर **(A) $\left(1-\frac{f}{2}\right)R$**

13. समान मोटाई तथा लम्बाई की दो धातुओं की प्लेटों को जोड़कर एक प्लेट बनायी गई है। यदि धातुओं के चालकता गुणांक K तथा 3K हों, तो संयुक्त प्लेट का चालकता गुणांक होगा :
(A) 2K (B) 1.5K
(C) K (D) 3.5K

उत्तर **(B) 1.5K**

व्याख्या - यहाँ $K^1 = \frac{2K_1K_2}{K_1+K_2} =$

$\frac{2 \times K \times 3K}{4K} = 1.5K$ है।

14. ऑक्सीजन तथा कार्बन-डाई-आक्सॉइड की मोलर विशिष्ट ऊष्मा के मान है, क्रमशः :
(A) 4R तथा 2.5R
(B) R तथा 3R
(C) 2.5R तथा 4R
(D) 3R तथा R

उत्तर **(C) 2.5R तथा 4R**

15. सही संबंध बताइये :
(A) $C_p + C_v = R$
(B) $C_p = RC_v$
(C) $C_p - C_v = R$
(D) $C_p + C_v = 2R$

उत्तर **(C) $C_p - C_v = R$**

16. एक पदार्थ के ऊष्मा चालकता गुणांक K, घनत्व *p* तथा विशिष्ट ऊष्मा C हैं। पदार्थ की ऊष्मीय विसरणशीलता का मान होगा :
(A) $\frac{K}{pc}$ (B) Kpc
(C) $2Kpc$ (D) $\frac{Kp}{c}$

उत्तर **(A) $\frac{K}{pc}$**

17. एक अप्रगामी तरंग में दो लगातार नोड के बीच की दूरी *x* है। इस तरंग की तरंगदैर्ध्य होगी :
(A) *x* (B) 4*x*
(C) 2*x* (D) $\frac{x}{2}$

उत्तर **(C) 2*x***

व्याख्या - यहाँ $x = \frac{\lambda}{2}$ है।

18. माध्यम वदलने से तरंग का कौन सा गुण नहीं वदलता है :
(A) आवृत्ति (B) तरंगदैर्ध्य
(C) वेग (D) आयाम

उत्तर **(A) आवृत्ति**

19. एक ध्वनि स्त्रोत की आवृत्ति n तथा वायु में ध्वनि का वेग V है। यदि ध्वनि स्त्रोत $\frac{V}{2}$ वेग से स्थिर प्रेक्षक की ओर आ रहा हो, तो इसकी आभासी आवृत्ति होगी :
(A) 2n (B) $\frac{n}{2}$
(C) n (D) 4n

उत्तर **(A) 2n**

व्याख्या - यहाँ $n^1 = \frac{V - V_0}{V - V_s} \times n =$

$\frac{V-0}{\left(V-\frac{V}{2}\right)} \times n = 2n$ है।

20. दो तरंगों में कलान्तर 60° है। इनके बीच पथान्तर होगा :
(A) $\frac{\lambda}{3}$ (B) $\frac{\lambda}{2}$
(C) 3λ (D) $\frac{\lambda}{6}$

उत्तर **(D) $\frac{\lambda}{6}$**

व्याख्या - यहाँ $\Delta\phi = \frac{2\pi}{\lambda} \cdot \Delta x$ है।

21. एक ध्वनि स्त्रोत की आवृत्ति n है। इसे दूसरे ध्वनि स्त्रोत के साथ बजाने पर प्रति सेकण्ड 4 विस्पन्द सुनायी देते हैं। दूसरे ध्वनि स्त्रोत की आवृत्ति होगी :
(A) 4n
(B) $\frac{n}{4}$
(C) $n \pm 4$
(D) $n \pm 2$

उत्तर **(C) $n \pm 4$**

व्याख्या - प्रति सेकण्ड विस्पन्दों की संख्या $= n_1 - n_2$ है।

22. दो ध्वनि तरंगों के आयाम *x* तथा *2x* हैं। इनकी तीव्रताओं का अनुपात होगा :
(A) 1 : 1
(B) 1 : 2
(C) 3 : 1
(D) 1 : 4

उत्तर **(D) 1 : 4**

व्याख्या - यहाँ $\frac{A_1^2}{A_2^2} = \frac{I_1}{I_2}$ से

$\frac{I_1}{I_2} = \frac{x^2}{4x^2} = \frac{1}{4}$ है।

23. एक कण के वेग के घटक V_x = at मी/से तथा V_g = bt मी/से हैं। इसके वेग का मान होगा :
(A) t(a+b)
(B) $t\sqrt{a^2+b^2}$
(C) $(a^2+b^2)t$
(D) शून्य

उत्तर **(B) $t\sqrt{a^2+b^2}$**

व्याख्या - यहाँ

$V^2 = V_x^2 + V_y^2 = t^2(a^2+b^2)$ है।

24. द्रव्यमान m का एक पिण्ड एक ऊर्ध्वाधर वृत्त में गति कर रहा है। वृत्त के उच्चतम विन्दु तथा न्यूनतम विन्दु पर पिण्ड के वेग क्रमशः V_1 तथा V_2 हैं। इनमें संवंध है :
(A) $V_2 = 2V_1$
(B) $V_2 = V_1$
(C) $V_2 = \sqrt{3}\, V_1$
(D) $V_2 = \sqrt{5}\, V_1$

उत्तर **(D) $V_2 = \sqrt{5}\, V_1$**

25. एक गोले का द्रव्यमान M तथा त्रिज्या R हैं। इस गोले की परिभ्रमण त्रिज्या K का मान होगा :
(A) $R\sqrt{2}$
(B) $\sqrt{3}\frac{R}{M}$
(C) $\sqrt{\frac{2}{5}} \cdot R$
(D) $\frac{R}{\sqrt{5}}$

उत्तर **(C) $\sqrt{\frac{2}{5}} \cdot R$**

व्याख्या - यहाँ $I = MK^2 = \frac{2MR^2}{5}$ है।

26. पृथ्वी की सतह के समीप गतिमान पिण्ड के कक्षीय वेग V_0 तथा पलायन वेग V_e में संबंध है :
(A) $V_e = \sqrt{3}V_0$
(B) $V_e = \sqrt{2}V_0$
(C) $V_e = \sqrt{\frac{3}{2}}V_0$
(D) $V_e = 2V_0$

उत्तर **(B) $V_e = \sqrt{2}V_0$**

27. दो स्वरित्र द्विभुज A तथा B को एक साथ कम्पन्न कराने पर प्रति सेकण्ड *x* विस्पन्द सुनायी देते हैं। द्विभुज A की आवृत्ति n है। अब द्विभुज B पर मोम चढ़ाने पर प्रति सेकण्ड विस्पन्दों की संख्या घट जाती है। अतः द्विभुज B की आवृत्ति होगी :
(A) n - *x*
(B) n - 2*x*
(C) n + 2*x*
(D) n + *x*

उत्तर **(D) n + *x***

व्याख्या - मोम चढ़ाने पर स्वरित्र द्विभुज की आवृत्ति घट जायेगी।

28. दो कृष्ण पिण्डों का ताप 727°C तथा 327°C हैं। इनसे उत्सर्जित ऊर्जा की दरों का अनुपात होगा :
(A) 5 : 3
(B) 25 : 9
(C) 625 : 81
(D) 727 : 317

उत्तर **(C) 625 : 81 ।**

व्याख्या - यहाँ $\frac{E_1}{E_2} = \frac{T_1^4}{T_2^4} =$

$\left(\frac{727+273}{327+273}\right)^4 = \left(\frac{1000}{600}\right)^4 = \frac{625}{81}$

है।

29. वीन के विस्थापन नियम से :
(A) $\lambda_m T^2 =$ स्थिरांक
(B) $\lambda_m T =$ स्थिरांक
(C) $\lambda_m =$ स्थिरांक $\times T$
(D) $\lambda_m =$ स्थिरांक $\times T^2$

उत्तर **(B) $\lambda_m T =$ स्थिरांक**

30. एक कार्नोट इंजन के सिंक का ताप 27°C तथा दक्षता 0.4 है। इसके स्रोत का ताप होगा :
(A) 500K
(B) 400K
(C) 600K
(D) 1000K

उत्तर **(A) 500K**

व्याख्या - यहाँ $\eta = 1 - \frac{T_2}{T_1}$

$0.4 = 1 - \frac{300}{T_1}$ है।

- डॉ. एस.एस. पालीवाल
(लेखक, भौतिकी के अवकाश प्राप्त प्राध्यापक हैं)

खेलचर्चा

भारत के पूर्व क्रिकेटर राजिंदर गोयल का निधन

मुंबई, भारत के पूर्व दिग्गज क्रिकेटर राजिंदर गोयल का निधन हो गया। वे 77 वर्ष के थे। राजिंदर गोयल काफी समय से कैंसर से जूझ रहे थे। राजिंदर गोयल घरेलू क्रिकेट में बेहद सफल रहे हैं। गोयल बाएं हाथ के स्पिन गेंदबाज थे। उन्होंने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 157 मैचों में 750 विकेट झटके हैं। गोयल के नाम रणजी ट्रॉफी में सबसे ज्यादा विकेट लेने का रिकॉर्ड है। गोयल ने रणजी ट्रॉफी में 637 विकेट लिए हैं।

एएफसी अंडर-16 चैम्पियनशिप में भारत को मिला कठिन ड्रॉ

नई दिल्ली, बहरीन में इस वर्ष आयोजित होने वाली एएफसी अंडर-16 फुटबॉल चैम्पियनशिप में भारत का कठिन ड्रॉ मिला है। भारतीय टीम को ग्रुप-सी में दक्षिण कोरिया, ऑस्ट्रेलिया और उज्बेकिस्तान जैसी मजबूत टीमों के साथ रखा गया है। टूर्नामेंट में ग्रुप-ए में बहरीन, उत्तर कोरिया, ईरान और कतर हैं, जबकि ग्रुप-बी में तजाकिस्तान, ओमान, यमन और संयुक्त अरब अमीरात को रखा गया है। ग्रुप-डी में जापान, इंडोनेशिया, सऊदी अरब और चीन को जगह मिली है। इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली टॉप-4 टीमें पेरू में वर्ष 2021 में आयोजित होने वाले फीफा अंडर-17 विश्वकप के लिए सीधे क्वालिफाई करेंगी।

वर्ल्ड कराटे महासंघ ने भारतीय कराटे संघ की मान्यता की रद्द

नई दिल्ली, विश्व कराटे महासंघ (डब्ल्यूकेएफ) ने भारतीय कराटे संघ की मान्यता को अस्थाई तौर पर रद्द कर दिया है। डब्ल्यूकेएफ ने पिछले वर्ष चुनावों के दौरान वैश्विक संस्था के नियमों का पालन नहीं करने के कारण मान्यता रद्द की है। डब्ल्यूकेएफ ने जांच के बाद कहा कि पिछले वर्ष जनवरी में भारतीय कराटे संघ के चुनाव में नियमों का उल्लंघन किया गया था। डब्ल्यूकेएफ ने भारतीय कराटे संघ को मान्यता रद्द करने के खिलाफ 21 दिनों के अंदर अपील करने का विकल्प दिया है।

फीफा महिला विश्वकप की मेजबानी से पीछे हटा जापान

टोक्यो, जापान फुटबॉल संघ ने वर्ष 2023 में आयोजित होने वाले फीफा महिला विश्वकप की मेजबानी की दावेदारी वापस लेने का फैसला किया है। जापान फुटबॉल संघ के अध्यक्ष कोजो ताशिमा ने एक बयान में कहा कि मेजबानी की दावेदारी वापस लेने का निर्णय काफी सोच विचार कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी विश्व फुटबॉल जगत के सामने एक बड़ी चुनौती है।

नोवाक जोकोविच हुए कोरोना से संक्रमित

विएना, विश्व के नंबन वन पुरुष टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच कोरोना वायरस से संक्रमित हो गए हैं। जोकोविच ने क्रोएशिया में आयोजित प्रदर्शनी टेनिस टूर्नामेंट में भाग लेने के बाद कोरोना टेस्ट करवाया था। इस टेस्ट में जोकोविच और उनकी पत्नी जेलेना कोरोना पॉजिटिव पाई गई हैं।

कोपा इटेलियन टूर्नामेंट

जुवेंटस को हराकर नेपोली ने छठवीं बार जीता खिताब

रोम, इटली के दिग्गज फुटबॉल क्लब नेपोली ने कोपा इटेलियन फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया है। टूर्नामेंट के फाइनल में नेपोली ने स्टार खिलाड़ियों वाली जुवेंटस टीम को पेनाल्टी शूटआउट में 4-2 से हराया।

फाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक रहा। दोनों टीमें निर्धारित 90 मिनट में एक भी गोल नहीं कर सकीं। विश्व के सुपरस्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो मैच में एक भी गोल नहीं कर सके। रोनाल्डो के पास मैच को 5वें मिनट में ही गोल करने का मौका था, लेकिन नेपोली के गोलकीपर एलेक्स मेरेट ने रोनाल्डो के शॉट को रोककर जुवेंटस की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। मैच में दोनों टीमों की तरफ से दूसरे हाफ में आक्रामक खेल देखने को मिला, लेकिन दोनों ही टीमें गोल करने में नाकाम रहीं। निर्धारित समय तक गोलरहित रहने के बाद मैच एक्स्ट्रा टाइम में गया था।

एक्स्ट्रा टाइम में भी गोल नहीं होने के बाद मैच का निर्णय पेनाल्टी शूटआउट से हुआ। पेनाल्टी शूटआउट में नेपोली के लिए लॉरेंजो इंसिग्नी, माहियो पॉलिटेनो, निकोल माक्सीमोविक और आर्काडिज मिलिक ने गोल किए, जबकि जुवेंटस के लिए लियोनार्डो बुनोकी और आरोन रामसे ने गोल किए। जुवेंटस के लिए पांचवां शॉट रोनाल्डो को लेना था, लेकिन पाउलो डायबाला ओर डेनिलो डिसिल्वा ने शुरुआती दो शॉट मिस कर दिए, जिसके कारण रोनाल्डो को मौका नहीं मिल सका।

- नेपोली छठवीं बार कोपा इटेलियन कप का चैम्पियन बना है।
- नेपोली ने इससे पहले वर्ष 1962, 1976, 1987, 2012 और 2014 में भी वह खिताब जीता है।
- जुवेंटस में 13 बार यह टूर्नामेंट अपने नाम किया है।
- इस खितावी जीत के साथ ही नेपोली को यूरोप लीग के ग्रुप स्टेज में सीधा प्रवेश मिल गया है।

यूएस ओपन 31 अगस्त से होगा आयोजित

न्यूयॉर्क, विश्व का लोकप्रिय टेनिस टूर्नामेंट यूएस ओपन 31 अगस्त से 13 सितम्बर तक आयोजित किया जाएगा। टूर्नामेंट दर्शकों के बिना खाली स्टेडियमों में खेला जाएगा। इस बार टूर्नामेंट में क्वालिफाइंग राउंड और मिश्रित युगल वर्ग के मुकाबले नहीं होंगे। साथ ही पुरुष और महिला युगल वर्ग का ड्रॉ भी छोटा होगा। इन दोनों वर्गों में इस बार 64 की जगह 32 जोड़ियां उतरेंगी। उल्लेखनीय है कि कोरोना महामारी के कारण यूएस ओपन के आयोजन पर सवाल उठ रहे थे। न्यूयॉर्क के गवर्नर एंड्रयू क्योमो ने इस टूर्नामेंट के आयोजन को मंजूरी दे दी है।

अमेरिका के कर्टिस ने हैवीवेट कैटेगरी में वोलकोव को हराया

लास वेगास, अमेरिका के मुक्केबाज कर्टिस ब्लेडेस ने अल्टीमेट फाइटिंग चैम्पियनशिप में हैवीवेट कैटेगरी के एक मुकाबले में रूस के एलेक्जेंडर वोलकोव को एकतरफा मुकाबले में 3-0 से हराया। जजों ने कर्टिस को 49-46, 48-47 और 48-46 से विजेता घोषित किया। इस मुकाबले में कर्टिस ने वोलकोव के खिलाफ 14 टेकडाउन हासिल किए, जो कि यूएफसी में एक रिकॉर्ड है।

बायर्न म्युनिख ने लगातार आठवीं बार जीता बुंदेसलीगा खिताब

ब्रेमेन, बायर्न म्युनिख ने लगातार आठवीं बार बुंदेसलीगा का खिताब अपने नाम किया है। बायर्न म्युनिख ने वर्डर ब्रेमेन को 1-0 से हराया। मैच में एकमात्र गोल बयर्न म्युनिख के रॉबर्ट लेवानदोवस्की ने किया।

मैच में वर्डर ब्रेमेन ने बायर्न म्युनिख को पहले हाफ में खुलकर खेलने नहीं दिया, लेकिन पहला हाफ खत्म होने से ठीक पहले 43वें मिनट में जेरोम बोटेंग ने लेवानदोवस्की को लंबा पास दिया। लेवान-दोवस्की ने हाई पास को को छाती से रोककर खूबसूरत शॉट लगाकर बॉल को गोलपोस्ट में भेज दिया। यह बुंदेसलीगा में लेवानदोवस्की का 31वां गोल है।

बायर्न म्युनिख की जीत में गोलकीपर मैनुएल न्यूएर को भी शानदार योगदान रहा। न्यूएर ने मैच के अंतिम क्षणों में युवा ओसाको के हेडर का शानदार बचाव कर मैच बायर्न म्युनिख के पक्ष में मोड़ दिया।

इस जीत के साथ ही बायर्न म्युनिख ने बुंदेसलीगा खिताब पर कब्जा सुनिश्चित कर लिया है। अभी बायर्न म्युनिख के दो मैच शेष हैं। इस जीत से बायर्न म्युनिख ने बुंदेसलीगा में दूसरे स्थान पर बोरुसिया डोर्टमंड पर 10 अंकों की बढ़त हासिल कर ली है। डोर्टमंड के तीन मैच शेष हैं, इन मैचों में वह अधिकतम 9 अंक ही हासिल कर सकता है।

श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड अगस्त में आयोजित कर सकता है ट्वेंटी-20 लीग

कोलंबो, कोरोना महामारी के कारण खेल प्रतियोगिताएं ठप्प होने के कारण श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड अगस्त 2020 में एक ट्वेंटी-20 लीग आयोजित करने की तैयारी कर रहा है। बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एश्ले डी सिल्वा ने इस संबंध में विभिन्न देशों के क्रिकेट बोर्ड्स को पत्र लिखा है। सिल्वा ने इसके लिए विदेशी खिलाड़ियों से भी सम्पर्क किया है। हालांकि इस संबंध में अब तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।

बताया जा रहा है इस ट्वेंटी-20 लीग में 5 टीमें उतर सकती हैं। यह टूर्नामेंट तीन सप्ताह का होगा और अगस्त के मध्य से शुरू होगा और सितंबर के पहले सप्ताह तक चलेगा। अभी इस लीग का टाइटल तय नहीं किया गया साथ ही टाइटल स्पॉन्सर की भी तलाश की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने भारतीय क्रिकेट टीम के जुलाई माह में होने वाले श्रीलंका के दौरे को कोरोना वायरस के बढ़ते संक्रमण के खतरे के कारण रद्द कर दिया था। ऐसे में निकट भविष्य में श्रीलंका में कोई अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता नहीं होनी है। श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड इसी अवधि में ट्वेंटी-20 लीग के आयोजन की संभावनाएं तलाश रहा है। इसके अलावा श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड इस वर्ष होने वाले एशिया कप टूर्नामेंट की मेजबानी का भी दावा कर रहा है।

एशिया कप पाकिस्तान में आयोजित होना था, लेकिन बीसीसीआई द्वारा पाकिस्तान में खेलने से इंकार करने के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने मेजबानी से हाथ खींच लिए हैं। श्रीलंका के अलावा संयुक्त अरब अमीरात भी एशिया कप के आयोजन का दावेदार है।

अंतर्राष्ट्रीय ओलिंपिक दिवस

ऑनलाइन वर्चुअल ओलिंपिक क्विज़ में भोपाल के युवाओं ने मारी बाजी

भोपाल, 'अंतर्राष्ट्रीय ओलिंपिक दिवस' 23 जून के अवसर पर खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा वर्चुअल ओलिंपिक क्विज़ का आयोजन किया गया। इस क्विज़ में भोपाल के युवाओं ने शीर्ष स्थान प्राप्त किया।

क्विज़ में 607 युवाओं ने निर्धारित समय में दिए जवाब

प्रदेश के युवाओं के लिए प्रातः 11 से 11:30 बजे तक क्विज़ का आयोजन किया गया। क्विज़ में शामिल होने के लिए 2 हजार 785 युवाओं ने पंजीयन कराया, जिसके लिए 22 जून, 2020 की शाम 7 बजे तक का समय निर्धारित किया गया था। इसमें 67 प्रतिशत पुरुष एवं 37 प्रतिशत महिला प्रतिभागी सम्मिलित हुए। क्विज़ के लिए निर्धारित समयावधि में कुल 607 युवाओं ने प्रश्नों के सही जवाब देकर प्रश्न पत्र सब्मिट किए।

क्विज़ में प्राचीन ओलिंपिक, मॉर्डन ओलिंपिक, ओलिंपिक खेलो में भारत, ओलिंपिक खेलों में मध्यप्रदेश एवं मध्यप्रदेश के खेल परिदृश्य से संबंधित विषयों के 90 वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे गये। प्रत्येक प्रतिभागी को एक लिंक भेजी गई। इस लिंक को ओपन करने पर प्रतिभागी को 90 प्रश्नों के जवाब 30 मिनट के भीतर देकर सब्मिट करना था। क्विज़ में प्रथम तीन स्थान पर भोपाल के युवा रहे। इनमें 73 अंकों के साथ पहला स्थान मुबाशिर खान ने प्राप्त किया। जबकि 72 अंकों के साथ कृतज्ञ शर्मा दूसरे और 67 अंकों के साथ हर्षित कुमार तीसरे स्थान पर रहे। चौथे से 13वें स्थान तक रहे युवाओं में अनुष्का गुप्ता शिवपुरी, शिवम तिवारी सागर, अक्षिता जैन आगर-मालवा, शिवम गुप्ता शिवपुरी, अभिलाष गोदेवर छिंदवाड़ा, सिद्धार्थ चौहान महू, प्रियांशु शेखर दतिया, नीलेश गोदेवर छिंदवाड़ा, राजकुमार शर्मा भिंड और सिद्धांत कुमार इंदौर शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि इस क्विज़ में प्रथम स्थान के लिए 11 हजार, दूसरे स्थान के लिए साढ़े पांच हजार और तीसरे स्थान के लिए 3 हजार रुपये की राशि प्रदान की जाएगी। इसके अलावा चौथे से 13 स्थान प्राप्त करने वाले प्रत्येक सफल प्रतिभागी को एक-एक हजार रुपये की राशि से पुरस्कृत किया जाएगा।

क्रिस्टियन कोलमैन ड्रग टेस्ट मिस करने पर हुए सस्पेंड

वॉशिंगटन, अमेरिका के स्टार एथलीट और मौजूदा विश्व चैम्पियन फर्राटा धावक क्रिस्टियन कोलमैन को ड्रग टेस्ट मिस करने के कारण सस्पेंड कर दिया गया है। कोलमैन को एथेलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट ने डोपिंग परीक्षण करवाने में तीन बार विफल रहने के कारण सस्पेंड किया है। कोलमैन को अस्थाई रूप से तब तक प्रतियोगिताओं से प्रतिबंधित किया गया है, जब तक विश्व एथेलेटिक्स डोपिंग रोधी नियमों या इंटीग्रिटी यूनिट की आचार संहिता के अंतर्गत सुनवाई के बाद अंतिम फैसला नहीं लिया जाता। उल्लेखनीय है कि कोलमैन वर्ष 2019 में दोहा में आयोजित विश्व एथेलेटिक्स चैम्पियनशिप में 100 मीटर फर्राटा दौड़ और पुरुषों की 4 गुणा 100 रिले दौड़ में स्वर्ण पदक जीत चुके हैं।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

सामयिकी

अमेरिकी कंपनी का दावा दुनिया का सबसे शक्तिशाली क्वॉन्टम कम्प्यूटर बनाया

अमेरिका की कंपनी हनीवेल की ओर से कहा गया है कि उसने दुनिया का सबसे शक्तिशाली क्वॉन्टम कम्प्यूटर बनाने में

सफलता हासिल कर ली है। कंपनी का कहना है कि हनीवेल सिस्टम ने 64 क्वॉन्टम वॉल्यूम हासिल की है। क्वॉन्टम वॉल्यूम मशीन का परफॉर्मेंस और एरर रेट मापने का मेट्रिक है, जिसे आईबीएम द्वारा खोजा गया था।

उल्लेखनीय है कि इससे पहले आईबीएम ने कहा था कि उसकी नई मशीन ने 32 की क्वॉन्टम वॉल्यूम हासिल की थी।

'गरीब कल्याण रोज़गार अभियान' का शुभारंभ

टिकाऊ ग्रामीण आधारभूत ढांचा और गांवों में आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर : प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने बड़े पैमाने पर रोज़गार और ग्रामीण सार्वजनिक कार्यों से संबंधित 'करीब कल्याण रोज़गार अभियान' का शुभारंभ किया। इस अभियान का उद्देश्य कोविड-19 महामारी से प्रभावित बड़ी संख्या में घर वापस लौटने वाले प्रवासी कामगारों को सशक्त बनाना और अपने क्षेत्रों तथा गांवों में आजीविका के अवसर मुहैया कराना है। बिहार के खगड़िया जिले के ग्राम तेलीहर से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से शुरू किए गए इस अभियान में 6 भागीदार राज्य बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, झारखंड और ओडिशा के मुख्यमंत्रियों, प्रतिनिधियों, विभिन्न केन्द्रीय मंत्रियों और अन्य ने हिस्सा

- **6 राज्यों के 116 जिलों में आगामी 125 दिनों में एक अभियान के तौर पर 50,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं को किया जाएगा लागू।**
- **घर के नजदीक काम उपलब्ध कराने में मदद के लिए ग्रामीण प्रवासी कामगारों के कौशल की हो रही है पहचान।**

लिया। 125 दिन का यह अभियान मिशन के रूप में काम करेगा, इसमें 116 जिलों में 25 श्रेणी के कार्यों तथा गतिविधियों के कार्यान्वयन पर ध्यान केन्द्रित होगा, इसमें बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, झारखंड और ओडिशा में लौटने वाले प्रवासी कामगारों पर ज्यादा जोर होगा। इस अभियान के दौरान कराए गए सार्वजनिक कार्यों के लिए 50,000 करोड़ रुपये के संसाधन निर्धारित होंगे। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि अभियान से ग्रामीण क्षेत्रों को आधुनिक सुविधाएं भी मिलेंगी। उन्होंने कहा कि युवाओं और बच्चों की सहायता के लिए हर ग्रामीण घर को हाई स्पीड और सस्ता इंटरनेट बड़ी आवश्यकता है। प्रधानमंत्री ने कहा, यह पहली बार है कि शहरी क्षेत्रों की तुलना में ग्रामीण इलाकों में ज्यादा इंटरनेट उपयोग हो रहा है, इसलिए फाइबर केवल बिछाने और इंटरनेट उपलब्ध कराने को भी इस अभियान में शामिल किया गया है। ये कार्य अपने गांव और अपने परिवार के साथ रहते हुए किए जाएंगे।

इस पहल के प्रमुख उद्देश्य इस प्रकार हैं :

- वापस लौटने वाले कामगारों और प्रभावित ग्रामीण कामगारों को आजीविका के अवसर उपलब्ध कराना।
- गांवों में सार्वजनिक आधारभूत ढांचे का विस्तार और सड़क, आवास, आंगनवाड़ी, पंचायत भवन, विभिन्न आजीविका संपदाएं और सामुदायिक भवन आदि आजीविका के अवसर तैयार करना।
- विविध प्रकार के कार्यों के समूह से सुनिश्चित होगा कि हर प्रवासी कामगार को आने वाले 125 दिन में उसके कौशल के आधार पर रोज़गार के अवसर मिले। यह कार्यक्रम दीर्घावधि में आजीविका के विस्तार और विकास के लिए भी तैयार होगा।
- ग्रामीण विकास मंत्रालय इस अभियान के लिए नोडल मंत्रालय है और अभियान को राज्य सरकारों के साथ सामंजस्य में लागू किया जाएगा। संयुक्त सचिव और इससे ऊपर की रैंक के केन्द्रीय नोडल अधिकारियों को चिह्नित जिलों में विभिन्न योजना के प्रभावी और समयबद्ध कार्यान्वयन के लिये नियुक्त किया जाएगा।

कोरोना महामारी के चलते

इस बार हज के लिए सऊदी अरब नहीं जा पायेंगे भारतीय

केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री श्री मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा है कि सऊदी अरब सरकार के निर्णय का सम्मान करते हुए और हालात के मद्देनजर लोगों की सेहत-सलामती को प्राथमिकता देते हुए यह फैसला किया गया है कि इस बार हज के लिए भारतीय सऊदी अरब नहीं जायेंगे।

श्री नकवी ने कहा कि अब तक हज 2020 के लिए 2 लाख 13 हजार आवेदन प्राप्त हुए थे। सभी आवेदकों द्वारा जमा कराया गया पूरा पैसा बिना किसी कटौती के तत्काल वापस किये जाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। यह पैसा ऑनलाइन डीबीटी के जरिये आवेदकों के खाते में भेजा जायेगा। गौरतलब है कि सऊदी अरब हज एवं उमराह मंत्रालय ने एक विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि वैश्विक कोरोना महामारी के चलते धार्मिक स्थलों पर भीड़ वाले कार्यक्रमों को स्थगित कर दिया गया है। यह निर्णय लिया गया है कि विभिन्न देशों के जो लोग इस समय सऊदी अरब में रह रहे हैं उन्ही द्वारा बहुत ही सीमित संख्या में सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए हज किया जायेगा।

रूस में

भारतीय सशस्त्र बलों की टुकड़ी ने विजय दिवस परेड में लिया हिस्सा

रूस द्वारा 1941-1945 के महान देशभक्त युद्ध में तत्कालीन सोवियत की जीत की 75वीं वर्षगांठ मनायी जा रही है, जिसके अंतर्गत भारतीय सशस्त्र बलों की टुकड़ी ने 24 जून को रेड स्क्वॉयर, मॉस्को में विजय दिवस परेड में हिस्सा लिया। भारतीय सशस्त्र बलों की त्रि-सेवा टुकड़ी में सभी 75 रैंक शामिल थे और उन्होंने रूसी सशस्त्र बलों तथा 17 अन्य देशों की सैन्य टुकड़ियों के साथ मार्च किया। इस कार्यक्रम में रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में शामिल हुए।

गौरतलब है कि द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान ब्रिटिश भारतीय सशस्त्र बल, मित्र सेनाओं की सबसे बड़ी टुकड़ियों में से एक था, जिसने उत्तर और पूर्वी अफ्रीकी अभियान, पश्चिमी मरूस्थलीय अभियान और धुरी शक्तियों के खिलाफ यूरोपीय थियेटर में हिस्सा लिया था। ये अभियान 34,354 घायलों और 87,000 से ज्यादा भारतीय सैनिकों के बलिदान के गवाह बने। भारतीय सेना द्वारा न केवल सभी मोर्चों पर लड़ाई लड़ी गई, बल्कि आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति भी सुनिश्चित की गई थी।

दक्षिण मेक्सिको में भूकंप के तेज झटके

दक्षिण मेक्सिको में तेज भूकंप के झटके महसूस किए। इन झटकों की तीव्रता 7.4 मापी गई। इस भूकंप से 5 लोगों की जान जाने और अनेक लोगों के हताहत होने की जानकारी मिली है। मेक्सिको के राष्ट्रपति एंद्रेस मैनुएल लोपेज ओब्रादोर ने कहा है कि ओक्साका के हुआसुलको में इमारत ढहने से कई लोग घायल हो गए हैं।

वहीं संघीय नागरिक सुरक्षा प्राधिकरण ने सरकारी तेल कम्पनी 'पेमेक्स' में भी इमारत ढह जाने से लोगों के घायल होने और तकरीबन 5 लोगों की मौत की खबर है और रिफाइनरी में आग लगने की जानकारी प्राप्त हुई है।

अमेरिकी जियोलॉजिक सर्वे के अनुसार मेक्सिको के दक्षिणी प्रशांत तट पर सुबह 26 किलोमीटर की गहराई पर भूकंप दर्ज किया गया।

इंडोनेशिया में ज्वालामुखी फटा

इंडोनेशिया का माउंट मेरापी ज्वालामुखी अचानक फट गया, जिसके बाद ज्वालामुखी से 6 किलोमीटर ऊंचाई तक राख निकलने लगी। इसके बाद उड़ानों को लेकर हाई अलर्ट जारी कर दिया गया। 'नेशनल वोल्केनोलॉजी एजेंसी' ने बताया कि हवा क्रेटर के पश्चिम में बह रही है और इंडोनेशिया के जावा द्वीप में स्थित ज्वालामुखी के पास रहने वाले लोगों के 3 किलोमीटर के दायरे में प्रवेश करने पर रोक लगा दी गई है।

न्यूजीलैंड में भूकंप

न्यूजीलैंड के तटीय छोर पर लगातार भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए हैं। भू-वैज्ञानिक निगरानी एजेंसी जियोनेट ने भूकंप आने की पुष्टि की है।

- **रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 7.4 मापी गयी है।**
- **भूकंप का केन्द्र उत्तर-पूर्व न्यूजीलैंड के केरमाडेक आइलैंड पर ओपिटिकी में 33 किलोमीटर की गहराई में था।**

राष्ट्रीय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी ने कहा है कि भूकंप के बाद न्यूजीलैंड के लिए सुनामी का कोई खतरा नहीं है। वहीं भूकंप के कारण जान-माल के नुकसान की भी सूचना नहीं है।

इसरो को

अंतरिक्ष यात्रियों की परिधान तकनीक में मिला पेटेंट

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने मानव अंतरिक्ष मिशन 'गगनयान' की सफलता के लिये एक और कदम बढ़ाया है। इसरो ने अंतरिक्ष यात्रियों के लिये पहने जाने वाले

- **परिधान की बाहरी परत पॉलिमेरिक कपड़े के जाल से तैयार हुई है जबकि अंदरूनी परत पॉलिमेरिक कपड़े की ट्राइकोटिंग से बनी है।**
- **यह परिधान काफी हल्का और आरामदायक है। शरीर के तापमान को नियंत्रित रखने वाले ये परिधान अत्यंत गर्म अथवा ठंडे वातावरण में आरामदायक होते हैं। अंतरिक्ष यात्रियों के लिए विशेष तकनीक से तैयार परिधान लिक्विड कूलिंग एंड हीटिंग गारमेंट (एलसीएचजी) में इसरो को पेटेंट मिला है।**

परिधान के तापमान को नियंत्रित करने की दिशा में सफलतापूर्वक कदम उठाया है। मानव अंतरिक्ष यान के लिये यह एक फिटिंग शूट है जो गर्दन से लेकर पैर तक के सभी अंगों को पूरा कवर करता है। यह सिर्फ अंतरिक्ष यात्रियों द्वारा ही पहना जाता है, इसे लंबे समय तक पहना जा सकता है और इसे त्वचा पर संक्रमण या जलन जैसा कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।

दरअसल एलसीएचजी तकनीक का उपयोग अंतरिक्ष, सैन्य अनुप्रयोगों, अग्निशमन आदि में विशेष तौर पर किया जाता है।

इन कपड़ों की सतह के बीच कई ट्यूब्स होती है, जिनमें तापमान को नियंत्रित करने वाले तरल पदार्थ होते हैं। तरल पदार्थ को परिधान के अंदर और बाहर प्रवाहित करने की विशेष प्रणाली है। इसरो ने 2016 में इसके पेटेंट के लिए आवेदन किया था।

अमेरिका में एच-1 बी सहित अन्य वीजा पर लगी रोक

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ग्रीन कार्ड स्थगन अवधि को साल के अंत तक बढ़ाने के साथ ही नॉन इमिग्रेंट वीजा जैसे एच-1 बी को भी इस दायरे में लाने के आदेश जारी किए हैं।

- **एच-18, एच-4, एच-28, j बीजा (सांस्कृतिक और शैक्षणिक कर्मचारियों के लिए) की कुछ कैटेगरी और एल-1 बीजा को सस्पेंड किया गया है।**
- **इसका मकसद पहले अमेरिकी नागरिकों को नौकरी उपलब्ध कराना है।**

ज्ञात रहे कि कोरोना महामारी के कारण अमेरिका में बेरोजगारी रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच चुकी है। हाई स्किल्ड नॉन इमिग्रेंट एच-1 बी वीजा को सस्पेंड किए जाने से भारतीय प्रोफेशनल्स पर काफी असर पड़ेगा। माना जा रहा है कि एच-4 बीजा

सस्पेंशन का सबसे अधिक प्रभाव भी भारतीयों पर ही पड़ेगा। यह एच-1 बी वीजा धारक के पत्नी को ग्रीनकार्ड मिलने तक वर्क परमिट की सुविधा देता है। भारतीय सबसे ज्यादा इस वीजा का लाभ उठाते हैं। ज्ञात रहे कि 2015 में बराक ओबामा ने एच-4 वीजा को लागू किया था, लेकिन ट्रंप प्रशासन इसे खत्म करना चाहता है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

हमसे पूछिये स्तंभ में 'रोज़गार और निर्माण' के पाठकों से कॅरियर संबंधी सवाल आमंत्रित किये जाते हैं। इन सवालों के जवाब प्रोफेसर जयंतीलाल भंडारी देते हैं। पाठक अपने सवाल नीचे दिये गये पते पर भेजकर कॅरियर संबंधी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। पाठक पत्र लिखते समय पोस्टकार्ड या लिफाफे के ऊपर 'हमसे पूछिये' कॉलम जरूर लिखें।

'रोज़गार और निर्माण' के हमसे पूछिये स्तंभ में प्रकाशित होने वाले सवाल-जवाब पाठकों की सुविधा के लिये हैं। समय-समय पर विभिन्न पाठ्यक्रमों और पदों की अर्हताओं में बदलाव होते रहते हैं। इस विषय को ध्यान में रखते हुये विभिन्न कोर्स, संस्थान और अन्य संबंधित जानकारी के लिये कृपया संबंधित विभाग/संस्थान की आधिकारिक वेबसाइट या कार्यालय में संपर्क करें।

रोज़गार और निर्माण
(हमसे पूछिये)
40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल, मध्यप्रदेश, पिनकोड-462 011

❍ **घृतकुमारी की उपयोगिता और इसके व्यावसायिक उत्पादन संबंधी जानकारी प्रदान करें।**

- दीपक भदौरिया, भोपाल

● घृतकुमारी को ग्वारपाठा एवं एलोवेरा के नाम से भी जाना जाता है।

घृतकुमारी के विभिन्न बढ़ते हुए उपयोगों के कारण इसका व्यावसायिक महत्व बढ़ने लगा है। गौरतलब है कि प्राचीन समय से ही चिकित्सा जगत में बीमारियों के उपचार तथा प्रसाधन सामग्रियों के निर्माण में घृतकुमारी का उपयोग होता आया है। औषधीय दृष्टि से यह शीतल, रसयुक्त, बलकारक, रक्त विकार एवं चर्मरोग दूर करने एवं नेत्रों के लिए लाभप्रद है। वर्तमान समय में देश में उत्पादित अधिकांश त्वचा पर लगाये जाने वाली क्रीम, शैम्पू एवं विभिन्न हर्बल- उत्पादों में घृतकुमारी के जेल का प्रयोग बहुतायत से किया जा रहा है। अनेक प्रकार के औषधीय कार्य घृतकुमारी तेल, विभिन्न प्रकार की भस्म इत्यादि में घृतकुमारी का प्रयोग होता है।

यह बात महत्वपूर्ण है कि घृतकुमारी का उत्पादन कार्य कठिन और जोखिम भरा नहीं है। प्राकृतिक रूप से इसके पौधे को अनउपजाऊ भूमि में भी उगाया जा सकता है। बलुई दोमट मिट्टी में घृतकुमारी का अधिक उत्पादन संभव है। घृतकुमारी की फसल को सिंचाई की कम आवश्यकता होती है। साथ ही इसकी फसल को बहुत कम खाद एवं उर्वरकों की आवश्यकता होती है। घृतकुमारी के पौधों में कोई विशेष रोग या कीड़ों का प्रकोप होने की आशंका कम रहती है। यदि उचित देख-रेख की जाए तो 3 वर्ष तक लाभकारी फसल की प्राप्ति हो सकती है।

वर्तमान समय में घृतकुमारी की बढ़ती हुई अत्यधिक मांग के कारण वृहत स्तर पर इसकी खेती की जाने लगी है। देश में घृतकुमारी से संबंधित विभिन्न उत्पादों की बढ़ती हुई आन्तरिक मांग के साथ-साथ इन उत्पादों की बढ़ती निर्यात मांग के कारण घृतकुमारी के व्यावसायिक उत्पादन को लाभप्रद माना जाने लगा है। ऐसे में यदि आप घृतकुमारी के व्यावसायिक उत्पादन की डगर पर आगे बढ़ना चाहते हैं तो सबसे पहले जहां पर घृतकुमारी का व्यापक उत्पादन कार्य किया जाता है, वहाँ आपको पर्याप्त अनुभव लेना चाहिए तथा जिला स्तर पर ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी जैसे समकक्ष अधिकारियों से संपर्क करके घृतकुमारी के व्यावसायिक उत्पादन संबंधी विस्तृत जानकारी लेकर आगे बढ़ना चाहिए।

❍ **रिज़र्व बैंक ऑफ इंडिया में ग्रेड बी अधिकारी बनने संबंधी मार्गदर्शन दीजिए।**

- मनोज शुक्ल, खंडवा

● रिज़र्व बैंक ऑफ इंडिया में अधिकारी ग्रेड बी बनने के लिए ग्रेड-बी अधिकारी परीक्षा समय-समय पर आयोजित की जाती है। रिज़र्व बैंक ग्रेड-बी अधिकारी परीक्षा से रिज़र्व बैंक के विभिन्न विभागों में विभिन्न पदों पर चयन कार्य किया जाता है। इन विभागों में अधिकारी ग्रेड-बी (डीआर) (सामान्य), अधिकारी ग्रेड- बी (डीआर) (आर्थिक और नीति अनुसंधान विभाग), अधिकारी ग्रेड- बी (डीआर) (सांख्यिकी और सूचना प्रबंधन विभाग) शामिल हैं। ग्रेड बी अधिकारी के लिए आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों की न्यूनतम आयु सीमा 21 वर्ष है, जबकि अधिकतम आयु सीमा 30 वर्ष है। शैक्षणिक योग्यता के तहत अधिकारी ग्रेड-बी (डीआर) (सामान्य) के लिए उम्मीदवार किसी भी मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटी से 60 प्रतिशत अंकों के साथ ग्रेजुएट होना चाहिए। अधिकारी ग्रेड-बी (डीआर) (आर्थिक और नीति अनुसंधान विभाग) के लिए उम्मीदवार किसी भी मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटी से 55 प्रतिशत अंकों के साथ अर्थशास्त्र/एकीकृत अर्थशास्त्र पाठ्यक्रम/वित्त विषय से पोस्ट ग्रेजुएट (मास्टर) होना चाहिए। अथवा 55 प्रतिशत अंकों के साथ पीजीडीएम/एमबीए होना चाहिए। अधिकारी ग्रेड बी (डीआर) (सांख्यिकी और सूचना प्रबंधन विभाग) के लिए उम्मीदवार 55 प्रतिशत अंकों के साथ सांख्यिकी/गणितीय सांख्यिकी/गणितीय अर्थशास्त्र/सांख्यिकी और सूचना विज्ञान/अनुप्रयुक्त सांख्यिकी और आईआईटी-बॉम्बे से सूचना विज्ञान विषय में पोस्ट ग्रेजुएट होना चाहिए। अथवा न्यूनतम 55 प्रतिशत अंकों या समकक्ष के साथ गणित में मास्टर डिग्री होनी चाहिए।

गौरतलब है कि रिज़र्व बैंक ऑफ इंडिया में ग्रेड-बी अधिकारी की परीक्षा को तीन चरणों में विभाजित किया गया है- प्रारंभिक परीक्षा, मुख्य परीक्षा और साक्षात्कार। प्रत्येक चरण से केवल सफल उम्मीदवार अगले चरण के लिए अर्हता प्राप्त करते हैं। आरबीआई ग्रेड-बी परीक्षा (पदों के अनुसार अलग-अलग) ऑनलाइन और ऑफलाइन मोड दोनों में आयोजित की जा सकती है।

प्रारंभिक परीक्षा ऑब्जेक्टिव टेस्ट के रूप में होती है इसमें सामान्य जागरूकता, क्वॉन्टिटैटिव एप्टीट्यूड, अंग्रेजी भाषा और रीजनिंग के प्रश्न पूछे जाते हैं। मुख्य परीक्षा में पेपर एक में अर्थशास्त्र और सामाजिक मुद्दे पर आधारित ऑब्जेक्टिव प्रश्न होते हैं। पेपर दो में अंग्रेजी (लेखन कौशल पर आधारित) पर वर्णनात्मक प्रश्न होते हैं। पेपर तीन में वित्त और प्रबंधन पर आधारित ऑब्जेक्टिव प्रश्न होते हैं। पेपर 1, पेपर 2 और पेपर 3 के कुल स्कोर के आधार पर अगले इंटरव्यू राउंड के लिए उम्मीदवार को बुलाया जाता है।

यह भी उल्लेखनीय है कि रिज़र्व बैंक में ग्रेड-बी अधिकारी को सरकारी क्षेत्र के उच्च पदों पर पदोन्नत भी किया जा सकता है। इसके अलावा रिज़र्व बैंक में कार्यरत अधिकारी दुनिया के प्रतिष्ठित संगठनों जैसे विश्व बैंक, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) आदि में नियुक्त होने की संभावनाएँ भी रखते हैं।

❍ **इंश्योरेंस सेक्टर में कॅरियर की क्या संभावनाएँ हैं? जीवन बीमा निगम में एजेंट बनने संबंधी नए नियम कौनसे है ? मार्गदर्शन दीजिए।**

- गौरव दिवे, उज्जैन

● वर्तमान समय में इंश्योरेंस सेक्टर (बीमा क्षेत्र) कॅरियर के लिए काफी

अच्छा क्षेत्र माना जा रहा है। इस समय देश में जो प्रमुख कॅरियर दिखाई दे रहे हैं, उसमें इंश्योरेंस सेक्टर भी शामिल है। दुनिया में तेजी से बीमा क्षेत्र में आगे बढ़ने वाले देशों में भारत अग्रिम देशों में शामिल है।

गौरतलब है कि भारतीय जीवन बीमा निगम (एल.आई.सी.) विश्व की सबसे बड़ी जीवन बीमा कंपनियों में से एक है। हाल ही के वर्षों में एल.आई.सी. के प्रीमियम में आई तेजी ने पूरे जीवन बीमा क्षेत्र को भारी लाभ पहुंचाया है। ऐसे भारतीय जीवन बीमा निगम में एजेंट बनकर मानवता की सेवा के साथ-साथ उच्चस्तरीय जीवनशैली भी प्राप्त की जा सकती है। एल.आई.सी. एजेंट बनने हेतु न्यूनतम आयु 18 वर्ष निर्धारित है। शैक्षणिक योग्यता के अंतर्गत शहरी एवं ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में दसवीं कक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है। साथ ही एल.आई.सी. से संबंधित कार्यों की 25 घंटे की ट्रेनिंग लेनी होती है तथा आईआरडीए द्वारा आयोजित परीक्षा उत्तीर्ण करना आवश्यक है। एजेंट को उसके कार्य में निपुणता लाने के लिए एलआईसी तथा विकास अधिकारी द्वारा समय-समय पर प्रशिक्षण दिया जाता है ताकि वे प्रभावी एवं त्वरित इंश्योरेंस सेवा प्रदान कर सकें। जहां तक एलआईसी एजेंट की आय की बात की जाए तो उसकी आय की कोई सीमा नहीं होती है। वह जितना ज्यादा इंश्योरेंस करेगा उसकी आय उतनी ही ज्यादा बढ़ती जाएगी। एक बार इंश्योरेंस करने पर उसे लगातार उसी इंश्योरेंस पॉलिसी पर जब तक वह इंश्योरेंस पॉलिसी कार्यशील रहती है, कमीशन प्राप्त होता रहता है।

❍ **विग डाटा प्रौद्योगिक क्या है? इस क्षेत्र में लेटेस्ट कोर्स कौनसे हैं? जानकारी प्रदान करें।**

- फरहान कुरैशी, खंडवा

● 'विग डाटा' डाटा का एक वृहद स्वरूप होता है, जिसमें संगठित और असंगठित दोनों तरह का डाटा होता है। इसके विश्लेषण के लिए विशेष कौशल की आवश्यकता होती है, क्योंकि यह आम डाटा प्रबंधन तकनीकों से प्रोसेस नहीं होता है। विग डाटा के विश्लेषण से व्यापार प्रवृत्तियों, बीमारियों को रोकने, अपराध आदि के लिए नए सहसंबंध पा सकते हैं। विज्ञान, उद्योग-कारोबार, चिकित्सा क्षेत्र, इंटरनेट खोज, वित्त सहित विभिन्न क्षेत्रों में विग डाटा से कठिनाइयां दूर करने मदद मिलती है।

हमारे देश में भी विग डाटा प्रौद्योगिकी तेज से बढ़ रही है। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने विग डाटा प्रौद्योगिकी से संबंधित कोर्सों के लिए कुछ संस्थानों के साथ साझेदारी की है। विग डाटा से संबंधित कोर्सों में इंट्रोडक्शन टू विग डाटा, विग डाटा मॉडलिंग एंड मैनेजमेंट सिस्टम, विग डाटा इंटीग्रेशन एंड प्रोसेसिंग, विग डाटा केप्सटोन प्रोजेक्ट, ग्राफ एनेलिटिक्स फॉर विग डाटा और मशीन लर्निंग विग डाटा शामिल हैं।

❍ **मध्यप्रदेश विद्युत वितरण कंपनी में लाइन अटेंडेंट कैसे बना जा सकता है? जानकारी प्रदान करें।**

- तेज ठाकुर, इटारसी

● मध्यप्रदेश विद्युत वितरण कंपनी में लाइन अटेंडेंट के पद पर नियुक्ति के लिए आवश्यक शैक्षिक योग्यता 10वीं पास है। इसके अलावा लाइनमैन या वायरमैन ट्रेड में आईटीआई का सर्टिफिकेट भी आवेदक के पास होना चाहिए। आवेदन करने के लिए उम्मीदवार की आयु 18 से 40 वर्ष के बीच होनी चाहिए। आवेदक को मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना आवश्यक है। उम्मीदवारों का चयन ऑनलाइन लिखित परीक्षा और शारीरिक दक्षता परीक्षा के आधार पर किया जाता है।

❍ **भारतीय सेना की भर्ती रैली में किस तरह चयन किया जाता है? कौन-कौनसे टेस्ट होते हैं?**

- बनेलाल ठाकुर, भोपाल

● भारतीय सेना में भर्ती के लिए देशभर के विभिन्न राज्यों में समय-समय पर सेना भर्ती रैली आयोजित की जाती हैं। इसके द्वारा सेना के लिए कई अलग-अलग पदों पर भर्तियां की जाती हैं। विभिन्न अलग-अलग पदों पर 8वीं पास, 10वीं पास और 12वीं पास तथा अन्य योग्यताओं के उम्मीदवार भाग ले सकते हैं। हर राज्य में होने वाली सेना भर्ती रैली के अलग नोटिफिकेशन होते हैं। सेना भर्ती रैलियों में सोल्जर जनरल ड्यूटी, सोल्जर टेक्निकल, सोल्जर नर्सिंग असिस्टेंट, सोल्जर क्लर्क एवं स्टोर कीपर आदि पदों के लिए भर्ती की जाती हैं। विभिन्न पदों के लिए उम्र एवं शैक्षणिक योग्यताएँ अलग-अलग है। इन पदों पर भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत फिजिकल स्टैण्डर्ड टेस्ट, फिजिकल फिटनेस टेस्ट और मेडिकल टेस्ट लिए जाते हैं। इसके साथ ही रिटेन टेस्ट भी लिया जा सकता है। भारतीय सेना में सेवा देने के इच्छुक उम्मीदवार joinindianarmy.nic.in पर विजिट कर सकते हैं।

❍ **मध्यप्रदेश में ड्राफ्टमैन की भर्ती प्रक्रिया बताइए?**

● मध्यप्रदेश सरकार के विभिन्न विभागों में आवश्यकता के अनुरूप रिक्तियों का

विज्ञापन देकर ड्राफ्टमैन (मैकेनिकल) और ड्राफ्टमैन (सिविल) के पदों पर नियुक्तियाँ की जाती हैं। ऐसी नियुक्ति के लिए ड्राफ्टमैन का डिप्लोमा आईटीआई या किसी मान्यता प्राप्त टेक्नीकल इंस्टीट्यूट से होना जरूरी है। ड्राफ्टमैन के पद के तहत विभिन्न सरकारी संरक्षित इमारतों, विनिर्माण उद्योगों, पुलों, भवन जैसी संरचनाओं के निर्माण में नौकरियां मिल सकती हैं। इसी तरह ऑटोमोबाइल और संबद्ध उद्योगों, सड़क परिवहन और रेलवे और जहाज निर्माण और मरम्मत जैसे सेवा उद्योगों में भी नौकरी प्राप्त हो सकती है। मध्यप्रदेश के वे छात्र जो ड्राफ्टमैन का डिप्लोमा रखते हैं, वे रेलवे के साथ-साथ केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों और निजी क्षेत्र के भी संबंधित संस्थानों में नौकरियाँ प्राप्त कर सकते हैं।

❍ **विवाहित-अविवाहित युवतियों के लिए एयरपोर्ट पर ग्राउंड ड्यूटी स्टाफ की भर्ती प्रक्रिया की जानकारी प्रदान करें?**

● एयरपोर्ट ग्राउंट स्टाफ में विवाहित-अविवाहित युवतियों तथा युवकों के लिए भर्ती संबंधी नियम एक जैसे हैं। एयरपोर्ट ग्राउंड स्टाफ बनने के लिए एजुकेशनल एलिजिबिलिटी क्राइटेरिया किसी भी सब्जेक्ट ग्रुप के साथ कम से कम 12वीं या स्नातक उत्तीर्ण होना चाहिये। सामान्यतया आयु सीमा 18 से 27 वर्ष के बीच है। ग्राउंड स्टाफ की नौकरी में ऊंचाई और वज़न का कोई महत्त्व नहीं होता। उम्मीदवार का व्यक्तित्व अच्छा होना चाहिए। अगर उम्मीदवार अंग्रेजी और हिंदी के साथ कोई दूसरी भाषा भी जानता है तो उसे प्राथमिकता मिल सकती है। इसी तरह यदि उम्मीदवार के पास तकनीकी या कस्टमर सर्विस का अनुभव होता है तो उसे भी प्राथमिकता मिलती है। जरूरी है कि उम्मीदवार अच्छी तरह से अपनी बात समझाने की योग्यता रखता हो साथ ही उसमें धैर्य पूर्वक बात सुनने की भी क्षमता हो। एयरपोर्ट ग्राउंड स्टाफ के रूप में चयन हेतु डिप्लोमा इन ग्राउंड स्टाफ ट्रेनिंग, डिप्लोमा इन एयरपोर्ट ग्राउंड स्टाफ ट्रेनिंग, डिप्लोमा इन ग्राउंड स्टाफ हैंडलिंग जैसे कोर्स लाभप्रद हो सकते हैं।

गौरतलब है कि तेजी से बढ़ते हुए एयर पैसेंजर्स और एयर कनेक्टिविटी के कारण योग्य और कुशल एयरपोर्ट ग्राउंड स्टाफ की डिमांड दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। एयरपोर्ट ग्राउंड स्टाफ यात्रियों को फ्लाइट के पहले, फ्लाइट के बीच में और फ्लाइट लैंड करने के बाद सर्विस देने का कार्य करते हैं। एयरपोर्ट ग्राउंड स्टाफ के कार्य सिर्फ पायलट्स और केबिन क्रू से ही संबंधित नहीं होता है, बल्कि उसके कार्य टिकटिंग, बैगेज क्लेम्स, पैसेंजर हैंडलिंग, कार्गो लोडिंग, कार्गो अनलोडिंग, सिक्यूरिटी प्रोसेसेस और इंटर डिपार्टमेंट कोऑर्डिनेशन तथा कस्टमर सर्विस आदि के रूप में विस्तृत होते हैं।

❍ **एमपी स्टेट एग्रो डिपार्टमेंट में नौकरी कैसे मिलती है?**

- सचिन द्विवेदी, राजगढ़

● मध्यप्रदेश स्टेट एग्रो इंडस्ट्रीज डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड के द्वारा समय-समय पर कॉर्पोरेशन के तहत आवश्यकतानुसार विभिन्न पदों पर रिक्तियाँ निकाली जाती हैं। विभिन्न पदों के लिए उम्र सीमा, शैक्षणिक योग्यता और अनुभव संबंधी अलग-अलग अर्हताएं होती हैं। इस विभाग में नियुक्तियों से संबंधित किसी जानकारी के लिए मध्यप्रदेश स्टेट एग्रो इंडस्ट्रीज डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड, पंचानन भवन, तृतीय तल, मालवीय नगर, भोपाल से सम्पर्क किया जा सकता है।

- डॉ. जयंतीलाल भंडारी
(स्तंभकार देश के सीनियर कॅरियर काउंसलर हैं)

स्वामी "मध्यप्रदेश माध्यम" की ओर से प्रकाशक, मुद्रक डॉ. सुदाम खाड़े, मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित एवं सांध्य प्रकाश लिमिटेड, एफ-14, गोविन्दपुरा, औद्योगिक क्षेत्र, भोपाल से मुद्रित। सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह।